आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 24°C | 11°C |

इनसाइड न्यूज
यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बसपा
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



रविवार 08 फरवरी, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 118 | www.janexpresslive.com/epaper

भारत के किसानों, उद्यमियों के लिए नए... 12

# अमेरिका से 45 लाख करोड़ की ट्रेड डील

## भारत के दवा, विमान के पुर्जों और आभूषण सेक्टर को बड़ी राहत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली


भारत और अमेरिका के बीच 500 अरब डॉलर ( करीब 45,29,069.80 रुपये) के व्यापार समझौते के लिए एक अंतरिम ढांचे पर सहमति बन गई है। यह समझौता न केवल दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों में एक नया अध्याय है, बल्कि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में पैठ बढ़ाने का एक बड़ा मौका भी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और भविष्य के व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की नींव रखना है।



### यह समझौता मेक इन इंडिया को मजबूत करेगा: पीएम मोदी

फ्रेमवर्क जारी होने के बाद पीएम मोदी ने इसे भारत और अमेरिका दोनों के लिए खुशखबरी बताया। उन्होंने कहा, 'हम दोनों महान देश एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं।' उन्होंने ट्रम्प को दोनों देशों के संबंध को मजबूत करने के लिए धन्यवाद दिया।

### 30 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी में सीधी एंट्री: गोयल



भारत और अमेरिका के बीच 500 अरब डॉलर ( करीब 45,29,069.80 रुपये) के व्यापार समझौते के लिए एक अंतरिम ढांचे पर सहमति बन गई है। यह समझौता न केवल दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों में एक नया अध्याय है, बल्कि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में पैठ बढ़ाने का एक बड़ा मौका भी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को अमेरिका के साथ हुई इस डील पर सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने की दिशा में यह समझौता अहम साबित होगा। गोयल ने कहा कि हमारे निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था मोस्ट प्रीफर्ड ड्यूटी के साथ खुलती है। कल देर रात जो भारत-अमेरिका के बीच संयुक्त बयान तय हुआ, दुनिया के सामने रखा गया, इसका हर तरफ स्वागत हुआ है। गोयल ने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। पूरे देश में खुशी की लहर है। यह दिन विकसित भारत के लिए अहम माना जाएगा। पीयूष गोयल ने कहा कि आज का दिन विकसित भारत 2047 की राह में एक महत्वपूर्ण दिन है, और उन्होंने अंतरिम व्यापार समझौते को भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया। ▸ संबंधित खबर पेज 12 पर

### भारत को इस समझौते से मिलने वाले लाभ

- **अमेरिकी टैरिफ में कमी:** भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के टैरिफ को 18 प्रतिशत तक घटाया गया है, जिससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी।
- **चुनिंदा उत्पादों पर जीरो टैरिफ:** जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे और विमान पार्ट्स पर पूरी तरह टैरिफ खत्म किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।
- **30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार तक पहुंच:** भारतीय रूस्स्ख, किसान, मछुआरे, महिलाओं और युवा उद्यमियों के लिए अमेरिकी बाजार में विस्तारित प्रवेश।
- **निर्यात क्षेत्रों में बढ़ावा:** टेक्सटाइल, चमड़ा और फुटवियर, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी में नए अवसर।
- **सेक्शन 232 छूट:** विमान पार्ट्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट मिलेगी।
- **ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ रेट कोटा:** कुछ ऑटो कंपोनेंट्स के लिए अमेरिका में विशेष पहुंच मिलेगी।
- **जेनेरिक दवाओं पर बेहतर शर्तें:** भारतीय जेनेरिक फार्मास्यूटिकल्स के लिए टैरिफ और नियामक नियमों में सुधार।

### 'डील से कृषि और डेयरी सेक्टर पूरी तरह सुरक्षित'

भारत और अमेरिका के बीच हुए समझौते में भारत ने अपने कृषि और डेयरी सेक्टर को पूरी तरह सुरक्षित रखा है। पीयूष गोयल ने बताया कि भारत ने मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पोल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह संरक्षित रखा है। इन उत्पादों पर अमेरिका को कोई टैरिफ रियायत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि यह फैसला किसानों की आय, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। हालांकि, संयुक्त बयान के अनुसार भारत ने कुछ अमेरिकी कृषि और खाद्य उत्पादों पर आयात शुल्क खत्म या कम करने पर सहमति जताई है। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, पशु चारे के लिए रेड सोरघम, ड्राई फ्रूट्स, ताजे और प्रोसेस्ड फल, सोयाबीन ऑयल, वाइन और स्पिरिट्स शामिल हैं।

### डिजिटल ट्रेड और सप्लाई चेन पर सहयोग बढ़ेगा

दोनों देश डिजिटल ट्रेड में भेदभावपूर्ण नियमों और बोझिल प्रक्रियाओं को खत्म करने की दिशा में काम करेंगे। इसका मतलब है कि डिजिटल सेवाएं, ई-कॉमर्स, डेटा फ्लो, क्लाउड सर्विसेज और ऑनलाइन ट्रेड में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाएगा। यह भारत के लिए फायदेमंद है इससे भारतीय आईटी कंपनियां, स्टार्टअप्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को अमेरिकी बाजार में आसानी से काम करने का मौका मिलेगा। साथ ही अमेरिकी टेक्नोलॉजी जैसे GPUs, डेटा सेंटर उपकरण का आयात बढ़ेगा, जो भारत के एआई और डिजिटल इकोसिस्टम को मजबूत करेगा। दोनों पक्ष टेक्नोलॉजी उत्पादों में व्यापार बढ़ाने और संयुक्त टेक्नोलॉजी सहयोग पर भी सहमत हुए हैं।

### फार्मा, कॉफी और आम का बिना किसी टैरिफ के हो सकेगा निर्यात



गोयल का कहना है कि रत्न, फार्मा, कॉफी, आम और अन्य कई वस्तुएं अमेरिका को शुल्क-मुक्त निर्यात की जाएंगी। कृषि क्षेत्र में, कई भारतीय उत्पाद अब बिना किसी शुल्क के संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात किए जा सकेंगे। इनमें चाय, मसाले, नारियल तेल, वनस्पति मोम, सुपारी, ब्राजील नट्स, शाहबलूत और विभिन्न प्रकार के फल और सब्जियां शामिल हैं। पीयूष गोयल के अनुसार, सब्जी की जड़ें, अनाज, जौ, बेकरी उत्पाद, कोको उत्पाद, तिल के बीज, खसखस और खट्टे फलों के रस पर भी कोई पारस्परिक शुल्क नहीं लगेगा और अब वे अमेरिकी बाजार में शुल्क-मुक्त प्रवेश करेंगे।

### दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने पर केंद्रित रही बातचीत

उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते हुए एक भव्य, दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व की प्रशंसा की। द्विपक्षीय समझौते की चर्चा करते हुए हुए गोयल ने कहा कि यह दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने और सहयोग को गहरा करने पर केंद्रित रही है। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेष रूप से लघु एवं मध्यम उद्यमों, किसानों और मछुआरों के लिए अवसरों में वृद्धि होने की उम्मीद है। गोयल ने इस दिन को भारत-अमेरिका व्यापार इतिहास में 'सुनहरे अक्षरों में लिखे जाने वाला दिन' बताया। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया को भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा से अवगत कराते हुए इसे भारत के आर्थिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने निर्यातकों, लघु व मध्यम उद्यमों, किसानों और मछुआरों के लिए संभावित लाभों पर प्रकाश डालते हुए, गोयल ने समझौते को भारत की विकसित भारत 2047 की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया, जिसमें रोजगार सृजन, मजबूत व्यापार संबंध और नवाचार और निवेश के अवसरों पर जोर दिया गया।

### डील में कुछ सीमाएं भी निर्धारित की गईं

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की बातचीत में भारत के लिए कुछ सीमा रेखाएं निर्धारित की गई हैं। पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में किसी भी प्रकार के आनुवंशिक रूप से संशोधित उत्पादों की अनुमति नहीं दी जाएगी। मक्का, चावल, गेहूं, बाजरा और रागी जैसी मुख्य खाद्य वस्तुओं पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी। भारत में बहुतायत में उगाए जाने वाले फल, जिनमें केला और खट्टे फल शामिल हैं, संरक्षित रहेंगे। इस समझौते से मांस, मुर्गी, डेयरी उत्पाद, सोयाबीन, चीनी और अनाज प्रभावित नहीं होंगे।

### भारत-अमेरिका भविष्य में टैरिफ में बदलाव कर सकेंगे

दोनों देशों ने यह भी कहा है कि वे कुछ चुने हुए क्षेत्रों में अपने-अपने नियमों पर चर्चा करेंगे, ताकि इनका पालन करना आसान हो सके। अगर भविष्य में कोई देश तय टैरिफ में कोई बदलाव करता है, तो दूसरा देश भी अपने वादों में संशोधन कर सकता है। अमेरिका और भारत ने पूर्ण व्यापार समझौते की बातचीत के जरिए बाजार पहुंच को और बढ़ाने का फैसला किया है। अमेरिका ने भारत की मांग को ध्यान में रखते हुए कहा है कि वह बीटीए की बातचीत के दौरान भारतीय सामानों पर अपने टैरिफ कम करने की दिशा में काम करेगा।

### 500 अरब डॉलर मूल्य का सामान खरीदेगा भारत

भारत ने घोषणा की है कि वह अगले 5 सालों में अमेरिका से कुल 500 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के उत्पाद खरीदेगा। इनमें शामिल हैं:

- एनर्जी प्रोडक्ट
- विमान और विमान के पार्ट्स
- कीमती धातुएं
- टेक्नॉलाजी प्रोडक्ट
- कोकिंग कोल

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस यात्रियों को कंटेनर ने रौंदा, 6 की मौत

### बस से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे, चेहरे कुचले, स्वेटर से पहचान

- जानकारी के मुताबिक, बस दिल्ली के नागलोई से कानपुर देहात के रसूलाबाद जा रही थी

जन एक्सप्रेस। मथुरा

मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस से उतरकर खड़े यात्रियों को तेज रफ्तार कंटेनर ने रौंद दिया। हादसे में 6 की मौके पर मौत हो गई। एक गंभीर घायल है। घटना शनिवार तड़के 2.45 बजे की है। जानकारी के मुताबिक, बस दिल्ली के नागलोई से कानपुर देहात के रसूलाबाद जा रही थी। रास्ते में कुछ यात्रियों ने ड्राइवर को बाथरूम के लिए बस रोकने को कहा। ड्राइवर ने ग्रीन जोन की बजाय रास्ते में बस रोक दी। कुछ यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए, तभी पीछे से आ रहे कंटेनर ने पहले बस को टक्कर मारी। फिर यात्रियों को रौंद दिया। कंटेनर का चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। हाईवे पर लाशें बिछ गईं। कुछ यात्रियों के चहेरे बुरी तरह कुचल गए। इससे उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया। परिजनों ने स्वेटर-कपड़ों से उनकी पहचान की। मौके पर लंबा जाम लग गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।



### घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुई दुखद सड़क दुर्घटना के बाद जिला अस्पताल में भर्ती 1 घायल यात्री का हालचाल जाना। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि घायल यात्री को हर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। हादसे में जान गंवाने वाले असलम अपने सास-ससुर के साथ यात्रा कर रहे थे। असलम की मौत के बाद सास का रो-रो कर बुरा हाल है। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने मॉर्च्यूरी पहुंचे, जहां शवों का पोस्टमॉर्टम चल रहा है। उन्होंने परिजनों से हादसे की जानकारी ली। घायल की पहचान शिवकांत दुबे पुत्र अमरकान्त दुबे के रूप में हुई। शिवकांत औरया के बेला में रहते हैं। उनकी उम्र 46 साल बताई जा रही है। उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनके सिर में चोटें आई हैं। अंदरूनी चोटों की वजह से वो दर्द से कराह रहे हैं।

### पुलिस ने बताया, कैसे हुआ हादसा?

पुलिस के मुताबिक, 7 फरवरी को मथुरा के थाना सुरीर क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 88 नोएडा से आगरा की तरफ जा रही बस के साथ बड़ा हादसा हो गया। बस दिल्ली से कानपुर देहात जा रही थी। बस यमुना एक्सप्रेस-वे पर साइड में खड़ी थी। यात्री शौचालय के लिए बस से बाहर खड़े थे। बस को एक डीसीएम (ट्रक कंटेनर) ने पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में 6 यात्रियों की मौत हो गई। सभी की पहचान कर ली गई है। 1 यात्री घायल है, जिसको जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सभी के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। अन्य यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए भेज दिया गया है।

### योगी ने हादसे का संज्ञान लिया, अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने के निर्देश



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा जिले में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री योगी ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने और राहत कार्यों में तेज़ी लाने का निर्देश दिया है। इस बीच सीएम योगी ने हादसे का संज्ञान लिया। पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। हिम्मत रखने की अपील की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने और राहत कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। हादसा सुरीर थाना क्षेत्र में माइल स्टोन-88 के पास हुआ।

### मृतकों में सभी पुरुष, सभी की पहचान हुई

- सोनू उर्फ पुष्पांक (32) पुत्र विनोद निवासी एरवा कटरा, जिला- औरैया
- देवेश (32) पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम भेलबल, पोस्ट कोठवा, जिला- बस्ती
- असलम (27) पुत्र बशरूद्दीन निवासी गड़े का पुरवा, जिला- कन्नौज
- सन्तोष (46) पुत्र रामवीर निवासी प्रेमनगर, दिल्ली
- अनुराग (27) पुत्र आनन्द निवासी ग्राम कन्चौसी, थाना दिबियापुर, जिला- औरैया
- प्रमोद (35) पुत्र साधू सिंह निवासी बडगांव, थाना- जसराना, जिला- फिरोजाबाद


## 'बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर भारत सख्त'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते किसी तीसरे देश के प्रभाव से संचालित नहीं होते। लोकसभा में दिए जवाब में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध स्वतंत्र और मजबूत आधार पर टिके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं समेत धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मुद्दा भारत लगातार उठाता रहा है। सरकार इस विषय पर सतर्क रुख बनाए हुए है।

### द्विपक्षीय रिश्तों पर सरकार का रुख

लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने कहा कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। भारत-बांग्लादेश संबंध बहुआयामी हैं और



आपसी हितों, संवेदनशीलताओं तथा क्षेत्रीय और वैश्विक परिस्थितियों के आधार पर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संस्थागत तंत्र के तहत नियमित संवाद और बैठकें जारी हैं। रिश्तों को स्थिर और रचनात्मक बनाए रखने पर जोर है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा उठा रहा भारत

विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा का मुद्दा हर उपयुक्त अवसर पर बांग्लादेशी अधिकारियों के सामने उठाया गया है। भारत इस मामले में घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हितों और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

### पाकिस्तान पर भी सरकार का जवाब

सरकार से पूछा गया था कि क्या भारत-बांग्लादेश संबंध संवेदनशील दौर से गुजर रहे हैं और क्या पाकिस्तान इसका फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। इस पर मंत्री ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते गहरे ऐतिहासिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आधार पर बने हैं। ये रिश्ते किसी तीसरे देश से प्रभावित नहीं होते। संवाद की प्रक्रिया लगातार जारी है।

### विदेशों में छात्रों की मौत के आंकड़े

मंत्री ने बताया कि 2018 से 2025 के बीच कनाडा में हिंसक घटनाओं में 17 भारतीय छात्रों की मौत हुई। इसी अवधि में अमेरिका में 9, ऑस्ट्रेलिया में 3 और किर्गिस्तान में 2 छात्रों ने जान गंवाई। ब्रिटेन, चीन, जर्मनी, डेनमार्क और ग्रेनेडा में एक-एक छात्र की मौत दर्ज हुई। ये आंकड़े भी लोकसभा में साझा किए गए।

### माली में बंधक पांच भारतीयों की रिहाई के प्रयास

सरकार ने बताया कि माली में अपहृत पांच भारतीयों की रिहाई के प्रयास जारी हैं। इन तकनीशियनों का अपहरण पिछले साल 6 नवंबर को सशस्त्र हमलावरों ने किया था। वे बिजली परियोजना पर काम कर रहे थे और सभी तमिलनाडु के निवासी हैं। सरकार ने कहा कि उनकी सुरक्षित वापसी के लिए लगातार कूटनीतिक प्रयास हो रहे हैं।

## यूपी बोर्ड परीक्षा: 222 अति संवेदनशील केंद्रों पर तैनात होगी एसटीएफ एवं एलआईयू

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के 222 अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी के लिए स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट (एलआईयू) की तैनाती की जाएगी। वहीं, प्रत्येक जिले में स्थापित कंट्रोल रूम पर प्रशासनिक अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें हाईस्कूल के 27,61,696 और इंटरमीडिएट के 25,76,082 परीक्षार्थी हैं। परीक्षा संचालन के लिए प्रदेश भर में 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हाल ही में मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में परिषद द्वारा तैयार कार्ययोजना पर शासन ने मुहर लगा दी है। निर्देश दिए गए हैं कि सभी परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम की अनिवार्य रूप से जांच की जाए तथा अति संवेदनशील केंद्रों का प्रतिदिन दो बार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाए। स्टैटिक मजिस्ट्रेट को सामान्य तौर पर बदला नहीं जाएगा, जबकि सीओ और एसओ नियमित पेट्रोलिंग करेंगे। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो कॉपी की दुकानों पर रोक रहेगी।

## बरेली में सरकारी जमीन पर बनाई गई मस्जिद पर चला बुलडोजर

# एक घंटे में जमींदोज हुआ अवैध निर्माण



जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली के भोजीपुरा स्थित पिपरिया गांव में अवैध रूप से निर्मित मस्जिद पर सदर तहसील की टीम ने शनिवार को बुलडोजर चलाया। इस कार्रवाई में मस्जिद को जमीदोंज कर दिया गया है। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह मस्जिद राजस्व अभिलेखों में गाटा 1474 पर श्रेणी-5 की सरकारी बंजर भूमि पर बनी हुई थी। इस जमीन पर अवैध निर्माण कर कब्जा किया गया था। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार, इस अवैध ढांचे को ध्वस्त कर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया गया है।

### कब्जा करने वालों पर लगा जुर्माना

कार्रवाई के दौरान एसडीएम ने बताया कि बेदखली की प्रक्रिया के तहत कब्जा करने वाले पक्ष पर जुर्माना भी लगाया गया था, जिसे उन्होंने पहले ही जमा करा लिया था। करीब 300 वर्गगज में बनी मस्जिद को गिराने के दौरान गांव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। कई थानों की फोर्स और पीएसी के जवानों ने पूरे इलाके को घेरे रखा। अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



- अवैध रूप से निर्मित मस्जिद पर सदर तहसील की टीम ने शनिवार को बुलडोजर चलाया

### 18 साल लंबी चली कानूनी जंग, बेदखली के बाद हुई कार्रवाई

एसडीएम प्रमोद कुमार के अनुसार, इस भूमि को लेकर कानूनी विवाद साल 2008 से ही चल रहा था। सबसे पहले तहसीलदार कोर्ट ने इस निर्माण को अवैध मानते हुए बेदखली के आदेश पारित किए थे। इसके बाद दूसरा पक्ष राहत के लिए सिविल कोर्ट गया, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली और उनका मुकदमा खारिज कर दिया गया। जैसे ही अदालत की बाधाएं दूर हुईं, प्रशासन ने भारी पुलिस बल और पीएसी की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी।

### कार्रवाई के बाद मलबे को हटाया गया

सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद को जमींदोज करने के बाद उसके मलबे को भी बुलडोजर से हटाया गया। मलबे को ट्रालियों में भरकर ले जाया गया। ये जो मस्जिद थी, इस पर टीन शेड डाला गया था। करीब 12 बजे शुरू हुई बुलडोजर की कार्रवाई में एक घंटे में अंदर पूरा अवैध निर्माण जमींदोज हो गया।

## नोटिस से चरखारी विधायक की बढ़ेंगी मुश्किलें, अभी भी नरम नहीं हुए बृजभूषण के तेवर, सपा में जाने की चर्चा

जन एक्सप्रेस। महोबा

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के 30 जनवरी को महोबा भ्रमण के दौरान काफिला रोकने वाले चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। लगातार कार्यक्रमों में बयानबाजी और सोशल मीडिया में पोस्ट करने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने विधायक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब न देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। जलशक्ति मंत्री और विधायक के बीच हुई झड़प के बाद मामला प्रदेश स्तर पर पहुंच गया। विधायक के लगातार विवादित बयान सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने विधायक बृजभूषण राजपूत को नोटिस जारी किया है। इस तरह का नोटिस मिलने की संभावना लगातार व्यक्त की जा रही थी। विधायक के पिता और पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने उन्हें कार्रवाई से बचाने के लिए सोशल मीडिया का काफी उपयोग किया।

### विधायक के सपा में जाने की चर्चा

जलशक्ति मंत्री को रोकने के बाद जरूरत पड़ने पर किसी को भी रोकने वाले बयान, भाजपा में आने से पहले झांसी में मंत्री प्रदीप जैन को बंधक बनाए जाने वाले बयान और जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री को भी रोकने संबंधी बयानों से खलबली मचाने वाले चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत के पार्टी बदलने की चर्चाएं भी जोरों पर हैं।

## लोकसभा में हंगामा: केंद्रीय मंत्री रिजिजू का दावा, स्पीकर के कक्ष में घुस आए थे 40-50 सांसद, विपक्ष जिम्मेदार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब न देने के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा नेता ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के भाषण देने से पहले 40 से 50 विपक्षी सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कक्ष में घुस गए थे। भाजपा नेता ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के भाषण से पहले 40-50 सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कक्ष में घुस गए थे। उन्होंने आपत्तिजनक भाषा में बात की, जिसकी वजह हमने यह निर्णय लिया कि प्रधानमंत्री का (सदन से) दूर रहना ही बेहतर होगा। रिजिजू



पटना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान वह विपक्ष के आरोप पर जवाब दे रहे थे। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री ने इसलिए लोकसभा का सामना नहीं किया, क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों का डर था। राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे की किताब में चीन के साथ झड़पों का हवाला दिया था।

# प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता व गुणवत्ता से हो निस्तारण : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । बांदा



शनिवार को जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में तहसील अतर्रा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए।उन्होंने मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों से कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत,राजस्व,पुलिस,विकास,आपूर्ति विभाग एवं अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई,कुल 160 शिकायतें प्राप्त हुई।जिनमें से मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवशेष जन शिकायतों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक फरियादी अतर्रा निवासी द्वारा विद्युत मीटर खराब होने की शिकायत की गयी, जिसके बदलने के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये।ग्राम तुर्रा के एक फरियादी द्वारा नाली निर्माण किये जाने का अनुरोध किया।जिस पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत से नाली का निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये।ओरन के एक फरियादी द्वारा उसकी जमीन पर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत पर सम्बन्धित लेखपाल को अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश दिये गये।ग्राम चौसड के लेखपाल द्वारा जमीन से कब्जा हटाये जाने के एवज में धनराशि की मांग किये जाने के प्रकरण में जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये।नगर पालिका के सामने अतर्रा में जलनिगम की खुदी पडी सडक को ठीक कराये जाने के निर्देश जल निगम के अधिकारियों को दिये। गांधी चौक अतर्रा नगरपालिका द्वारा नाली निर्माण में ऊंचा हो जाने से सड़क सकरी होने एवं जाम की समस्या की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने समस्या का निस्तारण करने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद को दिये।सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील अतर्रा में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को सुनते हुए निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को दिये।सम्पूर्ण समाधान दिवस में परियोजना निदेशक डीआरडीए, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अतर्रा सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अन्ना गोवंश का कहर! अन्नदाता की हुई 3 हजार बीघा फसल बर्बाद

जन एक्सप्रेस । बांदा



जिले की पैलानी तहसील के ग्राम अलोना सहित आसपास के गांवों में अन्ना गोवंश की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है।खेतों में घूम रहे बेसहारा गोवंश के कारण करीब 3 हजार बीघा कृषि भूमि बंजर हो चुकी है।फसल की रखवाली कर रहे किसानों पर गोवंश के हमलों में अब तक तीन किसानों की मौत हो चुकी है, जबकि कई किसान घायल हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यह समस्या वर्ष 2006 से लगातार बनी हुई है, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका। किसान जब भी फसल बोते हैं, अन्ना गोवंश पूरी मेहनत को चौपट कर देता है। हालात यह हैं कि किसान अपनी जान जोखिम में डालकर रात-रात भर खेतों में पहरा देने को मजबूर हैं। गोवंश के हमलों में भोला प्रजापति, सत्यगोपाल प्रजापति और अनूप सिंह (पुत्र बंशीलाल) की मौत हो चुकी है। इन घटनाओं से गांवों में दहशत का माहौल है। फसलें नष्ट होने और रोज़गार खत्म होने से कई परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं, जबकि अनेक किसान गांव छोड़कर पलायन कर चुके हैं।ग्रामीणों ने बताया कि अन्ना गोवंश को गौशालाओं में संरक्षित करने के लिए कई बार प्रयास किए गए, लेकिन संसाधनों और धनाभाव के कारण सभी प्रयास विफल रहे। किसानों ने इस गंभीर समस्या को लेकर जिला प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। तहसील परिसर में किसानों का धरना, सौंपा ज्ञापन।प्रशासन की अनदेखी से आक्रोशित किसानों ने 1 फरवरी से ग्राम अलोना में धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन शुरू किया था। शनिवार को किसानों ने तहसील पैलानी परिसर में धरना देकर अपनी मांगें उठाईं। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव मनोज द्विवेदी के नेतृत्व में किसानों ने उप जिलाधिकारी पैलानी अंकित वर्मा,खंड विकास अधिकारी धनराज कोटार्य (जसपुरा), तहसीलदार राधेश्याम, सीओ सदर राजवीर सिंह रजावत, सहायक विकास अधिकारी प्रदीप राणा (तिंदवारी) एवं नायब तहसीलदार वेद प्रकाश को ज्ञापन सौंपा। मौके पर वन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा ने किसानों को अन्ना गोवंश की समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त हो चुकी है जनता : शिवशंकर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




जिला मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव ने कहा कि सभी लोग अपने अपने बूथों पर मुस्तैदी से नजर बनाए रखें, जिससे कि भाजपा के षडयंत्र को नाकाम किया जा सकें। भाजपा नेता इस मामले में दबाव बनाने का प्रयास कर रहे है, किंतु समाजवादी पार्टी के बी.एल.ए. की सतर्कता से वे अपने मंसूबों पर कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। भाजपा जनता के बीच से गायब हो चुकी है तथा आमजनमान भाजपा की कुनीतियों से त्रस्त है। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल व्याप्त है, जिले में अपराधों की बाढ़ आ गई है। इस दौरान बरगढ़ में हुए व्यापारी पुत्र के अपहरण और हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस की हीलाहवाली से व्यापारी के पुत्र बचाया नहीं जा सका। कहा कि जनपद में स्वास्थ व्यवस्था वेंटिलेटर पर है, जिसके कारण जनपद में लोगों को कफन आंदोलन तक में बैठना पड़ रहा है। इस दौरान सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को एस.आई.आर. और पंचायत चुनाव की मतदाता सूची को लेकर सजग रहने और प्रत्येक साजिश को नाकाम करने का आह्वाहन किया। कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर होने वाली किसी भी साजिश को बेनकाब करने के लिए कटिबद्ध रहे। इस मौके पर पार्टी महासचिव सत्यनारायण पटेल, जिला उपाध्यक्ष मो.गुलाब खान, सीताराम कश्यप, नरेंद्र यादव, उमाकांत यादव, जितेंद्र सिंह, कैलाश बौद्ध, सूरज सिंह पटेल, प्रदेश सचिव लवलेश यादव, कोषाध्यक्ष राजा यादव, दीपक पटेल, प्रदेश सचिव धनंजय चंदेला, जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पांडेय, वरिष्ठ नेता कल्लू पाल, रमेश चंद्र कुशवाहा, अजय यादव, अमर पटेल, जलाल खान, रामसागर यादव, विशाल मिश्रा, सरनाम यादव, रामसनेही खंगार, ओ.पी.अनुरागी, पवन विद्यार्थी, संतोष कोटार्य, शिवभजन यादव आदि मौजूद रहे।

# गुमशुदा बच्चे का खेतों में मिला शव, परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । बांदा



बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव में गुमशुदा हुए 10 वर्षीय बच्चे का शव खेतों मे मिलने से हडकम्प मच गया।मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया?।माँ ने हत्या किये जाने का आरोप लगाया वहीं बबेरू कोतवाली पुलिस जांच में जुटी हुई है।बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुरवल गांव के गौतम पुरवा निवासी सतवीर उर्फ सत्तू पुत्र राकेश वर्मा उम्र 10 वर्ष यह 2 फरवरी से घर से गायब हुआ था। जिसका का शव गांव के खेत में शनिवार की सुबह मिला सुबह खेतों में गये ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दिया।सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व गुमशुदा हुए बच्चे के परिजन मौके पर पहुंचे, और शव देखा तो परिवार में कोहराम मच गया।वहीं पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल करवाई गई है।वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जिससे बच्चे का शव खेतों पर पड़ा मिला है।वह घर से 2 फरवरी की दोपहर घर से गायब हुआ था।परिजनों के द्वारा रिश्तेदारों में गांव में कई दिनों से खोजबीन कर रहे थे।जब नहीं मिला तो 6 फरवरी को बबेरू कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई,इस घटना को देखते हुए परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मृतक की माँ कमलेश कुमारी ने बताया गांव के लोगो के द्वारा मेरे पुत्र को शराब पिलाकर हत्या कर दिया।और उसका शव खेतो मे फेक दिया।उधर पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह ने बताया कि परिजनो की तहरीर मिलने के आधार पर मामला पंजीकृत किया जायेगा।और तीन टीमें गठित कर जांच की जायेगी।

# जिलाधिकारी ने पालिका कार्यालय व मुक्तिधाम का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बांदा



जिलाधिकारी जे रीभा ने अतर्रा पालिका कार्यालय व मुक्ति धाम का औचक निरीक्षण कर दस्तावेज खंगाले। इसके अलावा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।शनिवार को जिला अधिकारी जे रीभा अचानक पालिका कार्यालय निरीक्षण पर आ धमकी जिससे पालिका प्रशासन के हाथ पांव फूल गए।अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता व संबंधित विभाग के जिम्मेदार बाबुओं से उनके महत्वपूर्ण फाइलें व दस्तावेज को जांचा परखा गड़बड़ियों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये पालिका की बिल्डिंग को भी देखा उसके बाद कस्बे के गौरा बाबा मुक्तिधाम में पहुंचकर वहां पानी के टैकंर की संख्या को रजिस्टर से मिलान किया जिस पर कुछ संख्या कम पाई गई इसके साथी मुक्तिधाम की अन्य व्यवस्थाओं के बीच आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिला अधिकारी के मुक्तिधाम के जाने के बाद पालिका कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

## एआरटीओ अमिताभ राय ने अभियान चलाकर मोरम का अवैध परिवहन कर रहे 52 ट्रकों से वसूला, 23 लाख 60 हजार का राजस्व

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** एआरटीओ अमिताभ राय ने अभियान चलाकर चैकिंग के दौरान मोरम का अवैध परिवहन करते हुये 52 ट्रकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 23 लाख 60 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया है, जबकि पांच लाख का राजस्व वसूला जाना अभी बाकी है।

एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि 1 फरवरी से 6 फरवरी के बीच टीम के साथ की गई चैकिंग के दौरान मोरम का अवैध परिवहन कर रहे 52 ट्रकों के खिलाफ की गई कार्यवाही के बाद 23 लाख 60 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया है, जबकि अभी पांच लाख का राजस्व वसूला जाना बाकी है। वही एआरटीओ की कार्यवाही से ट्रक आपरेटरों में हड़कंप मचा है।

## पुलिस ने पांच जुआरियों को जुआं खेलत धर दबोचा

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** अपराधों की रोकथाम के साथ ही अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मुस्करा पुलिस ने हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को धर दबोचा। पकड़े गये जुआरियों में? 60 वर्षीय खेमराज पुत्र हरिदास , 54 वर्षीय तीरथ पुत्र बहादुर , 51 वर्षीय राजेश कुमार पुत्र बालादीन सैनी , 53 वर्षीय मंगल सिंह पुत्र बालादीन लोधी सहित 60 वर्षीय शंकर लाल पुत्र पृथ्वीराज राजपूत को गिरफ्तार किया गया ।

पुलिस ने गिरफ्तार किये गये जुआरियों के पास से 5 हजार 340 रुपये के साथ ही ताश के 52 पत्ते बरामद करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है।

मुस्कुरा पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ मु0अ0सं0 34/2026 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। सभी जुआंरी मुस्कुरा के भिटारी गाँव निवासी हैं। जुआरियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एस आई रामशिरोमणि, एस आई अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी, हैड कांस्टेबल कमलेश कुमार यादव सहितकांस्टेबल रोहित यादव शामिल रहे।

# डीएम ने किया मानिकपुर तहसील का आकस्मिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शनिवार को तहसील मानिकपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां डीएम ने तहसील परिसर की व्यवस्थाओं, चकबंदी कार्यालय तथा न्यायिक कक्षों का अवलोकन कर संबंधितों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिवक्ता परिसर का भी भ्रमण किया। यहां बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य कराने और टीन शेड के स्थान पर पक्के चैंबर के निर्माण की मांग की। इस पर डीएम ने अधिवक्ताओं को निस्तारण का आश्वासन देते हुए एसडीएम मानिकपुर को प्रस्तावित कार्यों का साडा के माध्यम से अविलंब एस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए। डीएम ने बार एसोसिएशन चुनाव के बाद दीवारों और परिसर में लगाए गए विज्ञापनों व पंपलेटों को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। साथ ही पानी की टंकी से हो रहे रिसाव को तत्काल ठीक कराने तथा शौचालयों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सहायक चकबंदी अधिकारी कक्ष के निरीक्षण के दौरान डीएम ने चकबंदी के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति जांची और अभिलेखों का अवलोकन किया। साथ ही ग्राम पंचायत ऐंचवारा के गाटा संख्या तथा काश्तकारों की जानकारी प्राप्त की। चकबंदी आकार पत्र-23 के निरीक्षण के दौरान डीएम ने 'जोत प्रारंभ होने के वर्ष' वाले कॉलम को अनिवार्य रूप से भरने के निर्देश दिए। सहायक चकबंदी अधिकारी ने बताया कि धारा 27 के अंतर्गत ग्राम खरौद की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि मार्च निर्धारित की गई है। तहसीलदार कोर्ट के निरीक्षण के दौरान डीएम ने लंबित वादों की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया। तीन वर्ष से अधिक पुराने लंबित वादों पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बार-बार तारीख देना उचित नहीं है। एक विशिष्ट पुराने मामले को 15 दिवस के भीतर निस्तारित करने का आदेश दिया। स्पष्ट किया कि धारा 34 (नामांतरण) से संबंधित कोई भी पत्रावली अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। डीएम ने बंदीगृह का भी निरीक्षण किया और तहसील प्रशासन को कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं गति लाने की हिदायत दी। एसडीएम न्यायिक के कक्ष का निरीक्षण कर डीएम ने कहा कि न्यायालय में जो समय निर्धारित किया गया है, निर्धारित समय पर बैठकर निस्तारण कराएं। इसके बाद डीएम ने संग्रह अनुभाग व अभिलेखागार भूलेख का निरीक्षण किया।

# समाधान दिवस में आई जनसमस्याओं का गंभीरता से कराएं निराकरण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों परिसर में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए।

मानिकपुर तहसील सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जनशिकायतों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए डीएम ने कहा कि इनका मुख्य कारण अधिकारियों और जनता के बीच संवाद का अभाव है। यदि तहसील व ब्लॉक स्तर के अधिकारी अपने कार्यालयों में नियमित रूप से जनसुनवाई कर निस्तारण सुनिश्चित करें, तो फरियादियों को निस्तारण के लिए कलेक्टरेट नहीं भटकना पड़ेगा। बैठक में राजस्व, चकबंदी, पत्थरगढ़ी, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन, विद्युत तथा पेयजल से संबंधित प्राप्त हुए। डीएम ने लेखपालों एवं राजस्व निरीक्षकों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि छोटे प्रकरणों का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही प्राथमिकता के आधार पर करें। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में सख्त निर्देश दिए कि निस्तारण के लिए 'अंतिम तिथि' की प्रतीक्षा न करें। शिकायतों का समाधान निर्धारित समय से चार दिन पूर्व सुनिश्चित करें, ताकि गुणवत्ता की समीक्षा की जा सके और त्रुटियों को सुधारा जा सके।

# आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस 19 फरियादें, तीन का मौके पर निस्तारण



जन एक्सप्रेस । बाँद

तहसील पैलानी स्थित सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी पैलानी अंकित वर्मा ने की।इस दौरान फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से तीन प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग तथा विकास से जुड़े मामलों की रहीं।समाधान दिवस में उपस्थित गीता अमारा ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह भूमिहीन हैं और उनका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने राशन कार्ड बहाल कराए जाने की मांग की। वहीं सुनीता के पति संतराम ने नांदादेव गौशाला में आठ माह तक मजदूरी करने के बाद भी भुगतान न मिलने की शिकायत करते हुए मजदूरी दिलाए जाने की मांग रखी। इसके अलावा राकेश,विहारी लाल,अभिषेक सिंह, रजोला सिंह और सुशील सिंह ने पूर्व प्रधान पर गांव के खेल मैदान पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया। शिकायतकर्ताओं ने खेल मैदान को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की।उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कार्यक्रम में तहसीलदार राधेश्याम सिंह, सीओ सदर राजवीर सिंह रजावत, खंड विकास अधिकारी धनराज कुटार्य (जसपुरा), नायब तहसीलदार वेद प्रकाश, सहायक विकास अधिकारी प्रदीप कुमार राणा(तिंदवारी) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस के दौरान पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान के प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित 卐सही भोजन, बेहतर जीवन (ईट राइट इंडियां) अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना है, जिससे स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके। अभियान के अंतर्गत सभी खाद्य समूहों को उचित मात्रा में शामिल कर पोषणयुक्त भोजन अपनाने पर विशेष बल दिया गया है। बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा जारी प्रतीक चिन्ह (लोगो) में प्रयुक्त प्रत्येक रंग एक विशेष खाद्य समूह एवं उससे संबंधित आवश्यक पोषक तत्वों का प्रतिनिधित्व करता है, जो मानव शरीर के समुचित विकास एवं स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य हैं।

# होमस्टे के माध्यम से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया गया विशेष जोर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



देहाती ग्रामोत्थान विकास समिति (डी.जी.वी.एस.) द्वारा संचालित एग्री-रूरल एवं गंगेय ग्राम ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत सदर विधानसभा क्षेत्र के बनाड़ी गांव में दो दिवसीय ओरिएंटेशन होमस्टे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्रामीणों को होमस्टे की अवधारणा, ग्रामीण पर्यटन के महत्व तथा पर्यटकों को प्रामाणिक ग्रामीण अनुभव प्रदान करने के तरीकों से अवगत कराया गया। इस दौरान ग्रामीण पर्यटन विशेषज्ञ दिव्यांगना मिश्रा द्वारा प्रतिभागियों को अतिथि सत्कार, स्वच्छता, व्यवहार तथा स्थानीय संस्कृति की भूमिका आदि पर विस्तृत जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पर्यटक एवं होमस्टे संचालक के बीच रोल-प्ले प्रस्तुत कर व्यवहारिक आतिथ्य कौशल को सहज एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। साथ ही प्रश्न-उत्तर सत्र के माध्यम से ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण पर्यटन को सशक्त बनाने के साथ स्थानीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय एवं महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। इस मौके पर जिला समन्वयक कामता प्रसाद, ग्राम समन्वयक केशव आदि मौजूद रहे।

# उप परिवहन आयुक्त ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त के.डी. सिंह गौर ने शनिवार को जनपद का दौरा किया और परिवहन कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान राजस्व और प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए उप परिवहन आयुक्त ने संभावित दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने के लिए लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवर स्पीडिंग, ड्रंक एंड ड्राइविंग और वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप की विशेष चेकिंग करने के निर्देश दिए। उप परिवहन आयुक्त झांसी के.डी. सिंह गौर ने विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व प्राप्ति, प्रवर्तन कार्यों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार करने एवं शत-प्रतिशत राजस्व प्राप्ति के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन तिराहा, खोह, कर्वी में यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं बिना हेलमेट, सीट बेल्ट और ड्रंकन ड्राइव करने वाले वाहनों को रोंककर उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया।इस दौरान बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन संचालित पाए जाने पर प्रवर्तन की कार्यवाही की। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में भी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम जारी रहेगा। इस मौके पर पीटीओ दीसी त्रिपाठी, आरआई रवि शंकर, कार्यालय सहायक अरुण कुमार पांडेय, असलम खां, कमलेश कुमार, अजय कुमार, मुनेन्द्र तिवारी, रंजीत आदि मौजूद रहे।



# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 08 फरवरी, 2026






**टैरिफ घटा, कृषि और डेयरी क्षेत्र में समझौता...**

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा जारी कर दी गई है। इसे दोनों देशों के बीच व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार इस फ्रेमवर्क से भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ा अमेरिकी बाजार... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बसपा

- मायावती ने संगठन में आवश्यक फेरबदल के संकेत दिए, बीजेपी सरकार पर साधा निशाना

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख मायावती की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश स्टेट यूनिट के राज्य, मंडल, जिला एवं विधानसभा स्तर के सभी छोटे-बड़े पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा आम चुनाव को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया और संगठन को और अधिक मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता विरोधी दलों के साम, दाम, दंड, भेद जैसे हथकंडों तथा कुछ स्वार्थी दलित संगठनों के षड्यंत्रों का डटकर मुकाबला करते हुए पूरी निष्ठा के साथ संगठन निर्माण के मिशन में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखते हुए संगठन में आवश्यक फेरबदल किया जाना जरूरी है, ताकि पार्टी आगामी चुनाव में पूरी मजबूती के साथ उतर सके। मायावती ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कुछ मुट्ठीभर स्वार्थी लोगों को छोड़ दिया जाए तो प्रदेश का लगभग हर वर्ग मौजूदा सरकार से दुखी और त्रस्त है। उन्होंने विशेष रूप से ब्राह्मण समाज का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वर्ग अपनी उपेक्षा, असुरक्षा और असम्मान को लेकर मुखर है, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। उन्होंने कहा कि बीएसपी शासनकाल में ब्राह्मण समाज सहित सर्वसमाज को पूरा सम्मान, पद और न्याय दिया गया। बसपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों को अब अपने 'अच्छे दिन' के लिए बेहतर सड़क, बिजली, पानी, ट्रैफिक व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, अस्पताल और रोजगार सहित समतामूलक विकास की सख्त जरूरत है, जिसे केवल बसपा ही सुनिश्चित कर सकती है। मायावती ने एसआईआर के संदर्भ में सरकार से अपील की कि आमजन को वोटर बनने की प्रक्रिया में सहानुभूतिपूर्वक सहयोग किया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने संसद के वर्तमान बजट सत्र पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार और विपक्ष के बीच तीखे टकराव के कारण सत्र लगातार हंगामे, स्थगन, निलंबन और बहिष्कार से प्रभावित हो रहा है। मायावती ने कहा कि संसद में सवाल-जवाब के साथ सभी को अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिलना चाहिए, ताकि जनता तथ्यों के आधार पर सही और गलत का आकलन स्वयं कर सके।

# एडीजी प्रवीण कुमार ने संभाला लखनऊ जोन का कार्यभार



- कार्यालय पहुंचते ही दिया सख्त संदेश—कानून व्यवस्था से किसी भी हाल में समझौता नहीं

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी पुलिस के तेजतर्रार और अनुभवी अधिकारी प्रवीण कुमार ने एडीजी लखनऊ जोन के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालने के बाद बुधवार को जब वह अपने कार्यालय पहुंचे तो पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें सलामी दी गई। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत एडीजी प्रवीण कुमार ने जोन कार्यालय में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू किया जाए। एडीजी प्रवीण कुमार ने कहा कि लखनऊ जोन में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कानून व्यवस्था से किसी भी हाल में समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशील रहते हुए त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही अपराधियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने और पुलिसिंग को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। गौरतलब है कि एडीजी प्रवीण कुमार इससे पूर्व आईजी अयोध्या एवं आईजी मेरठ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जहां उन्होंने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके कार्यभार संभालने से लखनऊ जोन में पुलिस प्रशासन के और अधिक सक्रिय व सख्त होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## प्रदेश में खत्म हुआ शीतलहर और विक्षोभ का असर, मंगलवार से बढ़ना शुरू हो जाएगा तापमान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश में मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार को भी तेज हवाएं चलीं। पछुआ हवा के असर के चलते तेज धूप के बावजूद नरमी महसूस की गई। सुबह और शाम को गलन में कमी महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी तेज हवा चलने की संभावना है। दो दिन बाद मंगलवार से तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी के आसार जताए जा रहे हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में कोहरे का असर लगभग खत्म हो चुका है। शनिवार सुबह केवल कुशीनगर और बहराइच में ही कोहरे का असर देखा गया। उन्होंने बताया कि आगे दो-तीन दिन तक कोई सक्रिय मौसम तंत्र न होने की वजह से तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। हालांकि रविवार को भी तेज हवा चलने के आसार हैं। 25 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवा चलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। मौसम आमतौर पर शुष्क रहने के आसार हैं। धूप भी खिली रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले सात दिनों तक मौसम संबंधी किसी प्रकार की कोई चेतावनी नहीं है।

## केजीएमयू मजार विवाद: 15 दिन पूरे, मजारें हटाने का दूसरा नोटिस देगा प्रशासन, 23 जनवरी को जारी हुआ था नोटिस



**संस्थान खाली करा चुका 1.5 लाख वर्गफीट जमीन**

केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह के अनुसार तीन जगह से अतिक्रमण हटाया जा चुका है। नेत्र विभाग के पीछे 20 हजार वर्गफीट, जगतनारायण रोड पर 70 हजार वर्गफीट और शताब्दी-2 भवन के पीछे 60 हजार वर्गफीट जमीन खाली कराई जा चुकी है। बचे छह स्थलों को भी खाली करवा कर जमीन का इस्तेमाल मरीजों के हित में किया जाएगा।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) प्रशासन परिसर से मजारें हटाने के लिए अब दूसरा नोटिस देगा। इसके बाद अगले विकल्प पर विचार होगा। परिसर से पांच मजारें हटाने के लिए 15 दिन पहले 23 जनवरी को नोटिस चस्पा किए गए थे। केजीएमयू प्रशासन के अनुसार क्वीन मेरी के मुख्य गेट, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, ट्रॉमा सेंटर परिसर, आर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी भवन और टीजी हॉस्टल परिसर में अवैध मजारें और अतिक्रमण है। इन्हें कोर्ट से भी कोई अनुमति नहीं मिली है। अवैध मजारों से आवागमन बाधित होता है। मजारों के आसपास अतिक्रमण भी हो रहा है। इस कारण इन्हें हटाने का फैसला लिया गया है। पहले नोटिस के बाद अब दूसरा मौका देते हुए सोमवार को एक बार फिर नोटिस जारी किया जाएगा।

# होली की लोकधुनों से सजी सांस्कृतिक कार्यशाला की शुरुआत

- गौरैया संस्कृति संस्थान की पहल, पारंपरिक होली गीतों को सहेजने का प्रयास

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




भारतीय लोक-संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण की दिशा में गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा होली गीतों की विशेष कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला 7 फरवरी 2026 को जैक एंड जिल स्कूल, अलीगंज में आरंभ हुई, जिसमें लोक-संगीत प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। संस्था की संस्थापक एवं वरिष्ठ लोकगायिका रंजना मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ पारंपरिक धमार गायन से किया गया। प्रथम सत्र में 'शिव जी की होली—बाबा काशी विश्वनाथ गौरा संगे खेलेलें होरी...' से वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात 'सिर बांधे मुकुट खेलै होरी...' गीत का अभ्यास कराया गया।

### 11 पारंपरिक होली गीत सिखाए जाएंगे

रंजना मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला के दौरान होली के अवसर पर गाए जाने वाले लगभग 11 पारंपरिक लोकगीतों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन गीतों के माध्यम से ब्रज, काशी और पूर्वांचल की समृद्ध लोकपरंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### ऑनलाइन और ऑफलाइन जुड़ीं 28 महिलाएं

इस कार्यशाला में अल्पना श्रीवास्तव, रमा सिंह, सुनीता निगम, नीलम तिवारी, लता तिवारी, रीना सिंह सहित कुल 28 महिलाएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से सहभागी बनीं। प्रतिभागियों में पारंपरिक लोकगीतों को सीखने और संजोने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

### संस्कृति संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल

संस्था की ओर से बताया गया कि यह कार्यशाला भारतीय लोक-संस्कृति, परंपरा और सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और प्रसार के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। गौरैया संस्कृति संस्थान ने बताया कि जो भी लोग होली गीतों एवं लोकसंगीत को सीखने के इच्छुक हैं, वे संस्था से संपर्क कर कार्यशाला में भाग ले सकते हैं।

# उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति में व्यापक सुधार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- आरडीएसएस व स्मार्ट मीटरिंग से डिस्कॉम की कार्यक्षमता में बढ़ोतरी

लखनऊ 7 फरवरी। उत्तर प्रदेश में बिजली संकट अब बीते दौर की बात बन गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने बिजली की कमी से जूझने वाले राज्य की छवि को पीछे छोड़ते हुए ऊर्जा स्थिरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। प्रदेश में बिजली की मांग व आपूर्ति के बीच का अंतर लगातार घटा है और अब यह लगभग शून्य के स्तर पर पहुंच गया है। योगी सरकार का मानना है कि मजबूत बिजली व्यवस्था ही मजबूत अर्थव्यवस्था की बुनियाद होती है। बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है, एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं।आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता 1 लाख 44 हजार 251 मिलियन यूनिट थी। योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों का जो प्रयास किया, उसका असर दिखने लगा। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति 1 लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1 लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से लगभग खत्म हो गई है।योगी सरकार ने बिजली उत्पादन और आपूर्ति के साथ साथ पारेषण व वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया। राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से अधिशेष बिजली वाले राज्यों से उत्तर प्रदेश को समय पर बिजली उपलब्ध कराई गई। सर्वाधिक मांग पीक ऑवर के समय भी प्रदेश में बिजली आपूर्ति लगभग पूरी की गई, जिससे उद्योगों और घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिली।संशोधित वितरण क्षेत्र सुधार योजना आरडीएसएस के अंतर्गत जर्जर लाइनों को बदला गया, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई और स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा दिया गया। इससे वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई और बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ। ग्रामीण इलाकों में बिजली पहुंचाने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना के जरिए बड़े स्तर पर काम किया गया। गांवों और घरों तक बिजली पहुंचने से कृषि, कुटीर उद्योग और छोटे कारोबार को नई गति मिली है।

## कानपुर एक्सप्रेसवे पर एक अप्रैल से फर्राटा भरेंगे वाहन, 35 मिनट में पहुंचेंगे कानपुर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे बनकर तैयार है। इसकी फिनिशिंग का काम चल रहा है। एक अप्रैल से इसे यात्रियों के लिए खोलने की तैयारी नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से की जा रही है। इसके साथ ही वाहन फर्राटा भरने लगेंगे। अभी कानपुर पहुंचने में दो से ढाई घंटे लगते हैं। अधिकारियों का दावा है कि इस एक्सप्रेसवे से यह सफर 35 मिनट में पूरा हो सकेगा। जाम में फंसे बिना लखनऊ से कानपुर पहुंचाने के लिए एनएचएआई ने यह एक्सप्रेसवे बनाया है। इसके मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) गौतम विशाल ने बताया कि एक्सप्रेसवे दो चरणों में तैयार किया गया। 18 किमी का पहला चरण स्कूटर इंडिया से बनी तक का है। इसका 92 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। दूसरे चरण में बनी से शुक्लागंज तक 45 किमी लंबा एक्सप्रेसवे है। गौतम विशाल ने बताया कि कुल 63 किमी लंबा एक्सप्रेसवे बनाने में 3600 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसमें चार बड़े पुल, 25 छोटे पुल, चार फ्लाईओवर, पैदल यात्रियों के लिए 11 अंडरपास, हल्के वाहनों के लिए 13 अंडरपास हैं। गौतम ने कहा कि इस एक्सप्रेसवे पर अधिकतम 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से वाहन चलाए जा सकेंगे। इससे लखनऊ से कानपुर पहुंचने में पहले के मुकाबले 60 प्रतिशत तक समय बचेगा। उन्होंने बताया कि मार्च के अंत तक काम पूरे कर पहली अप्रैल से एक्सप्रेसवे शुरू करने की तैयारी है।

## केंद्रीय बजट 2026-27 से विकसित भारत के संकल्प को नई गति: स्वतंत्र देव सिंह

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज अलीगढ़ सर्किट हाउस सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित भारत/2047 के लक्ष्य की दिशा में एक दूरदर्शी और जनकल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और समावेशी विकास की ओर तेज़ी से आगे ले जाने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि ठोस नीतियों के माध्यम से ज़मीन पर परिणाम देने वाला बजट है, जो विकसित भारत/2047 के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है। स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि बजट में ग्रामीण भारत के उत्थान को विशेष प्राथमिकता दी गई है। महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के माध्यम से खादी, हस्तकला, ओडीओपी, कौशल-विकास और ब्रांडिंग को वैश्विक बाज़ार से जोड़कर गांवों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। पशुपालन और कृषि से जुड़ी योजनाओं से किसानों की आय बढ़ाने की ठोस व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि शहरी विकास के क्षेत्र में टियर-2 और टियर-3 शहरों को विकास के नए केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। आधुनिक अधोसंरचना, बेहतर परिवहन और उच्च-गति रेल कॉरिडोर से कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी, जिससे औद्योगिक निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए सस्ती वित्तीय सहायता, ऋण गारंटी और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर व्यापार को सरल बनाया गया है। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास पर विशेष फोकस किया गया है। नए शैक्षिक संस्थानों, एवीजीसी केंद्रों और स्वास्थ्य पेशेवरों के विस्तार से युवाओं के लिए भविष्य के अनुरूप अवसर तैयार होंगे।

## एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब मामपुर बाना स्थित एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में योगेश शुक्ला , विधायक ,बख्शी का तालाब, लखनऊ की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को और भी उत्सवपूर्ण बना दिया। गरिमामयी अतिथिगणो में विशिष्ट अतिथियों में गणेश रावत चेयरमैन बीकेटी,रामेन्द्र सिंह मोनू ब्लॉक प्रमुख,अरुण सिंह गप्पू पूर्व चेयरमैन, विनय प्रताप सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, अरुण सिंह, डॉ रूबी राज सिन्हा ,नागेंद्र बहादुर सिंह थे। संस्थापक अनिल सिंह चौहान, चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान वाइस चेयरपर्सन हेमा सिंह चौहान, फाउंडर? सरोज सिंह चौहान, प्रधानाचार्या प्रिया उपाध्याय सहित समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह का विधिवत उद्घाटन योगेश शुक्ला ,संस्थापक अनिल सिंह चौहान एवं चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान द्वारा गुब्बारों को आकाश की ओर उड़ाकर समारोह का ल शुभारंभ हुआ। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का हृदयस्पर्शी स्वागत किया।मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियाँ में देशभक्ति के जज्बे से ओतप्रोत कमांडोज मार्शल आर्ट शो, महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रेरणादायी नाट्य प्रस्तुति, रामायण की भावार्थपूर्ण नृत्य रचना, कृष्ण लीला की रसिमयी झलक, बिहू नृत्य, बच्चों की हृदयस्पर्शी रेस तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ताओं को सम्मानित कर मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई दी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सांस्कृतिक मूल्य पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या प्रिया उपाध्याय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विद्यालय की प्रगति, उपलब्धियाँ एवं भावी संकल्पों की जानकारी साझा की तथा सभी का कृतज्ञता ज्ञापित की। राष्ट्रगान के माध्यम से राष्ट्रप्रेम का संदेश देते हुए यह भव्य समारोह सकारात्मक ऊर्जा के साथ सम्पन्न हुआ।

# आयकर विभाग की नीलामी से लेकर एलडीए नक्शा पास तक

- 'हेमंत निवास' भूमि सौदे में गंभीर गड़बड़ी के संकेत, रजिस्ट्री की वैधता पर बड़ा सवाल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




राजधानी लखनऊ के हृदयस्थल ए.पी. सेन रोड स्थित बहुचर्चित संपत्ति 'हेमंत निवास' से जुड़ा एक पुराना भूमि सौदा अब कानूनी संदेह, प्रशासनिक चूक और संभावित फर्जीवाड़े के गंभीर घेरे में आ गया है। उपलब्ध विक्रय विलेख (स्ड्डद्द छ्वद्दद्गस्र) और राजस्व अभिलेखों के अध्ययन से सामने आए तथ्यों ने न सिर्फ इस रजिस्ट्री की वैधता पर प्रश्न खड़े किए हैं, बल्कि आयकर विभाग, स्टाम्प विभाग और लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की भूमिका को भी कटघरे में ला खड़ा किया है। सबसे बड़ा सवालः आयकर विभाग की नीलामी आखिर थी किस जमीन की? विक्रय विलेख में उल्लेख है कि 06 दिसंबर 1989 को आयकर विभाग ने सार्वजनिक नीलामी कर संपत्ति पुष्पा बिल्डर्स लिमिटेड को आवंटित की। लेकिन हैरानी की बात यह है कि पूरे दस्तावेज़ में कहीं भी यह स्पष्ट नहीं किया गया कि- नीलामी किस प्लॉट या गाटा संख्या की हुई कुल रकबा कितना था नीलामी का मूल्य क्या था कानूनी जानकारों के अनुसार, किसी भी वैध नीलामी के लिए ये विवरण उसकी 'आत्मा' होते हैं। इनका अभाव नीलामी की पारदर्शिता पर सीधे सवाल खड़े करता है। सेल सर्टिफिकेटः है तो बताया गया, पर दिखाया नहीं गया विक्रय विलेख में यह दावा जरूर किया गया है कि आयकर विभाग ने पुष्पा बिल्डर्स को सेल सर्टिफिकेट जारी किया, लेकिन- सेल सर्टिफिकेट का पत्रांक दिनांक भूमि का रकबा प्लॉट/गाटा का विवरण का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। जबकि कानूनन, सेल सर्टिफिकेट के बिना न तो स्वामित्व पूर्ण होता है और न ही आगे की बिक्री वैध मानी जा सकती है। अगर सब वैध था, तो रजिस्ट्री एडीएम कोर्ट क्यों पहुंची? यहां मामला और गंभीर हो जाता है। यदि पुष्पा बिल्डर्स के पास वैध सेल सर्टिफिकेट था, तो फिर- रजिस्ट्री को अपर जिला अधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के न्यायालय में क्यों भेजा गया? स्टाम्प शुल्क पर विवाद क्यों खड़ा हुआ? स्टाम्प जमा न होने के कारण पंजीकरण क्यों रोका गया? इतना ही नहीं, 28 अक्टूबर 1994 को राजस्व परिषद द्वारा एडीएम के आदेश पर रोक लगाया जाना यह संकेत देता है कि न केवल स्टाम्प निर्धारण बल्कि स्वामित्व स्वयं विवादित था। तो क्या चौरसिया पक्ष के नाम की गई रजिस्ट्री संदेहास्पद है? यदि- नीलामी का पूरा विवरण गायब है सेल सर्टिफिकेट का कोई ठोस प्रमाण नहीं स्टाम्प शुल्क विवादित और अपूर्ण है पंजीकरण की प्रक्रिया पर न्यायिक रोक लग चुकी थी तो यह सवाल स्वाभाविक है कि पुष्पा बिल्डर्स द्वारा श्रीमती आशा चौरसिया एवं श्री उदय चंद चौरसिया के पक्ष की गई रजिस्ट्री को कानूनन वैध कैसे माना जाए? कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी परिस्थितियों में यह रजिस्ट्री 'संदेहास्पद से लेकर संभावित फर्जी' की श्रेणी में आ सकती है। एलडीए की भूमिका पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि- जब स्वामित्व, स्टाम्प और पंजीकरण तीनों ही विवादों में घिरे थे, तो लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने भवन का नक्शा आखिर किस आधार पर पास किया? क्या एलडीए ने मूल सेल सर्टिफिकेट देखा? या केवल एक विवादित रजिस्ट्री के आधार पर नक्शा स्वीकृत कर दिया गया? यदि बिना Clear Title के नक्शा पास किया गया, तो यह न केवल गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बल्कि संभावित मिलीभगत की ओर भी इशारा करता है। उच्चस्तरीय जांच की मांग यह पूरा मामला अब केवल एक संपत्ति विवाद नहीं रह गया है। यह प्रकरण- आयकर विभाग राजस्व विभाग स्टाम्प विभाग और एलडीए सभी की भूमिका की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच की मांग करता है। यह सवाल अब पूरे लखनऊ की भूमि-प्रबंधन व्यवस्था की साख से जुड़ गया है कि- क्या बिना स्पष्ट नीलामी, बिना प्रमाणित सेल सर्टिफिकेट और बिना पूर्ण स्टाम्प के भी राजधानी में जमीन बेची जा सकती है और नक्शा पास हो सकता है? अब देखना यह है कि प्रशासन इन गंभीर सवालों का जवाब देता है या यह मामला भी फाइलों के बोझ तले दबा दिया जाएगा।

# अमेरिका के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. स्टीव बेदी भारत में शुरू करेंगे चिकित्सा सेवाएं

- यूरोलॉजी, जनरल सर्जरी व इंटीग्रेटेड मेडिसिन के जरिए देंगे इलाज, जीवनशैली सुधार पर रहेगा विशेष जोर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



ऑर्गेज्म वर्ल्ड फाउंडेशन से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. स्टीव बेदी अब भारत में अपनी चिकित्सा सेवाओं की शुरुआत करने जा रहे हैं। अमेरिका में लंबे समय तक चिकित्सा सेवाएं देने के बाद वे अब भारतीय मरीजों को अपने लगभग 50 वर्षों के चिकित्सकीय अनुभव का लाभ प्रदान करेंगे। डॉ. स्टीव बेदी भारत में यूरोलॉजी, जनरल सर्जरी और इंटीग्रेटेड मेडिसिन के माध्यम से विभिन्न रोगों का उपचार करेंगे। मरीज उनसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से परामर्श ले सकेंगे। इलाज शुरू करने से पहले मरीजों की विस्तृत काउंसलिंग की जाएगी, ताकि बीमारी की जड़ तक पहुंचकर प्रभावी उपचार संभव हो सके। डॉ. बेदी का मानना है कि वर्तमान समय में अधिकांश बीमारियां गलत जीवनशैली का परिणाम हैं। वे अपने उपचार पद्धति में केवल दवाइयों तक सीमित न रहकर मरीजों को सही जीवनशैली अपनाने, शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने और जागरूक जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. स्टीव बेदी का कहना है, 'जागरूकता और होश में जीना कोई बाहर से सीखने की चीज नहीं है। यह हमारे भीतर पहले से मौजूद है। हमारे शरीर की कोशिकाएं जीवित हैं, लेकिन हम जीवित होकर भी अक्सर जागरूक नहीं रहते। ' स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि डॉ. स्टीव बेदी की यह पहल लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए एक नई दिशा और बेहतर विकल्प साबित हो सकती है। उनकी इंटीग्रेटेड चिकित्सा पद्धति आधुनिक इलाज के साथ जीवनशैली सुधार को जोड़कर स्वास्थ्य के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

# विकास खण्ड भादर में केयर टेकर महिलाओं को नहीं मिला मानदेय, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के विकास खण्ड भादर अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों में कार्यरत केयर टेकर महिलाओं को लंबे समय से मानदेय न मिलने से नाराज महिलाओं ने तहसील पहुंच कर अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।महिलाओं ने आरोप लगाया कि सात ग्राम पंचायतों में तैनात केयर टेकरों को 18 से 36 माह तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है,जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।केयर टेकर महिलाओं ने बताया कि शासनादेश के अनुसार सामुदायिक शौचालयों के संचालन व नियमित साफ-सफाई के लिए उन्हें प्रतिमाह मानदेय दिया जाना है।इसके बावजूद भादर विकास खण्ड की भद्र,हरचंदपुर, रतापुर,लहना,सखवापुर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में कार्यरत महिलाओं को समय से भुगतान नहीं किया गया।कई महिलाओं का कहना है,कि वे नियमित रूप से शौचालयों की साफ-सफाई और रखरखाव का कार्य कर रही हैं,फिर भी उनका मेहनताना रोक दिया गया है। महिलाओं ने बताया कि प्रति माह 6 हजार से 9 हजार रुपये मानदेय निर्धारित है, लेकिन भुगतान न होने से घर चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ।केयर टेकरों का आरोप है कि उनसे शौचालयों के रखरखाव के लिए पक्के बिल और अभिलेख मांगे गए थे,जिन्हें जमा भी कर दिया गया,इसके बाद भी भुगतान लंबित है।महिलाओं ने बताया कि कुल 53 ग्राम सभाओं में से 43 ग्रामसभाओं में नौ हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है,जबकि शेष ग्राम पंचायतों में अब तक भुगतान नहीं हुआ है।महिलाओं ने एडीएम को सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराया जाए और भविष्य में समय से मानदेय दिए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।एडीएम ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## झोलाछाप डॉक्टर ने हिंदू युवती के साथ शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शादी करनी है तो इस्लाम कबूल करो.फिर निकाह करो।मुस्लिम युवक के प्यार में पागल युवती प्रेमी की शर्त पर कांप उठी।प्रेम जैसे पवित्र शब्द और शादी का झांसा देकर हिन्दू युवती के साथ मुस्लिम युवक ने एक नही कई बार दुष्कर्म किया।मन नही भरा तो उसके साथ अप्राकृतिक यौन सम्बन्ध स्थापित किये।पीड़िता ने सलोन कोतवाली में आरोपी युवक मुकीम के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।कोतवाली अंतर्गत एक गांव की रहने वाली युवती को रसूलपुर निवासी झोलाझाप डॉक्टर मोहम्मद मुकीम पुत्र मोहम्मद जमील ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था।

पीड़िता ने बताया कि वह शादीसुदा और एक बच्चे का बाप है इसकी जानकारी उसे थी ही नही।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि मुकीम द्वारा उसे सलोन और ऊँचाहार के ओयो होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।पीड़िता के मुताबिक उसका गर्भ ठहरा तो आरोपी द्वारा अबार्शन भी कराया गया है। बताया कि 4 फरवरी को आरोपी उसे दोबारा ओयो होटल लेजाकर दुष्कर्म किया गया।जिसके बाद पीड़िता ने आरोपी युवक पर शादी का दबाव डालना शुरू कर दिया।जिसके बाद युवक युवती को अपने घर लेकर पहुँच गया।तब युवती को युवक के शादीसुदा होने की सच्चाई सामने आई।पीड़िता के मुताबिक मौके पर आरोपी की बीवी बच्चे पिता और भाई ,बहन मौजूद थे।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी शुरू,बालिकाएं उत्साह से कर रहीं अभ्यास

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में संचालित समस्त कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में आगामी मार्च-अप्रैल माह में प्रस्तावित क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर तैयारियां प्रारम्भ हो गई हैं। टूर्नामेंट को लेकर विद्यालयों की छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।बालिकाएं नियमित रूप से क्रिकेट अभ्यास कर अपने खेल कौशल को निखार रही हैं।क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियों के तहत विद्यालयों में अभ्यास सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें प्रशिक्षकों और शिक्षकों के मार्गदर्शन में बालिकाएं बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग का अभ्यास कर रही हैं।खेल गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों को भी प्राथमिकता दी जा रही है।क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्देश्य बालिकाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना और उनकी प्रतिभा को एक मंच प्रदान करना है। बीएसए ने बताया कि टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर विद्यालय स्तर पर टीमें गठित की जा रही हैं। तथा आवश्यक खेल सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों से बालिकाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होता है,जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है।कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं में क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर खासा उत्साह है।और वे पूरे मनोयोग से अभ्यास में जुटी हुई हैं। जिला स्तर पर आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट से बालिकाओं की प्रतिभा को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

## तिलोई तहसील पहुंचे डीएम संजय सिंह चौहान, फरियादियों की समस्याएं सुनकर दिए कड़े निर्देश

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**



जिलाधिकारी संजय सिंह चौहान पुलिस अधीक्षक के साथ शनिवार को तिलोई तहसील पहुंचे।यहां संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उन्होंने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस,विकास, विद्युत,स्वास्थ्य और पंचायत विभाग से जुड़े मामलों की सर्वाधिक शिकायतें सामने आईं। जिलाधिकारी ने कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की और कुछ प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण सिर्फ कागजों पर नहीं,बल्कि धरातल पर दिखाई देना चाहिए।इस दौरान तिलोई मेडिकल कॉलेज को लेकर भी जिलाधिकारी ने महत्वपूर्ण बातें कहीं।डीएम ने कहा कि तिलोई मेडिकल कॉलेज जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना है,जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।मेडिकल कॉलेज के निर्माण और संचालन से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जा रही है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की नियमितमॉनिटरिंग की जाए और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न हो।उन्होंने यह भी कहा कि मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से स्थानीय लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी और उन्हें बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। शासन की मंशा के अनुरूप इसे तय समय में पूर्ण कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।पुलिस अधीक्षक ने भी संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद।

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल को

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सम्प्रति चल रहे अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रम की तिथियों को संशोधित कर दिया है। आयोग द्वारा घोषित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 06 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। नोटिस चरण, प्रवेश अधिकार पर निर्णय और दावों और आपत्तियों का निपटान की अवधि 27 मार्च 2026 तक, स्वास्थ्य मापदंडों की जांच 03 मार्च 2026 तक एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को निर्धारित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की अवधि में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कोई पद रिक्त न हो यह सुनिश्चित किया जाना है।

# सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में डीएम ने सुनी शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



शनिवार को सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन करते हुए पूर्व में निस्तारित प्रकरणों की भी समीक्षा की तथा स्पष्ट किया कि केवल कागजी निस्तारण नहीं, बल्कि वास्तविक एवं स्थायी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है।

इंटर-विलेज कनेक्टिविटी के संबंध में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र पंचायत निधि के माध्यम से खड़ंजा एवं इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाएं, जिससे ग्रामों के बीच आवागमन सुचारु रहे और इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त न हो। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद, राजस्व एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं तथा इसकी नियमित निगरानी संबंधित अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से की जाए।

उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में तहसील उतरौला एवं तुलसीपुर में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही प्रारम्भ कराई गई।

इस दौरान उपजिलाधिकारी बलरामपुर, क्षेत्राधिकारी बलरामपुर, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिविल सर्विसेज यूपी की टीम में हुआ साजिद मेंहदी जाफरी का चयन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट प्रतियोगिता दिनांक 17 से 26 फरवरी तक न्यू दिल्ली में आयोजित की जा जिसमें उत्तर प्रदेश की क्रिकेट टीम भी प्रतिभाग कर रही है जिसमें 16 सदस्यों की टीम का चयन किया गया है जिसमें रायबरेली के सिंचाई विभाग के नलकूप खंड में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत साजिद मेंहदी जाफरी का भी चयन किया गया है जो दिनांक 17 से 26 फरवरी तक होनी वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# एसएसबी द्वारा आयोजित मानव चिकित्सा शिविर में 60 लोगों का इलाज

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के उपलक्ष्य में, थारू जनजाति बाहुल्य सीमावर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नौवीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (SSB) द्वारा मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 06 फरवरी को 50 वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेहरा चौकी गीदवा में मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. आर. के. थोड़े, कमांडेंट (मेडिकल) के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सीमावर्ती एवं जनजातीय क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। चिकित्सा शिविर के दौरान स्थानीय ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में पुरुष 14, महिलाएं 41 एवं बच्चे 05, कुल 60 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर डॉ. आर. के. थोड़े ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए सर्दी-खांसी, बुखार एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित आहार लेने एवं समय पर चिकित्सकीय उपचार कराने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। स्स्क्रद्वारा आयोजित यह चिकित्सा शिविर थारू जनजाति क्षेत्र में जनकल्याण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सीमावर्ती विकास के प्रति बल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई कर राजस्व न्यायालयों का किया गया निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ द्वारा तहसील महराजगंज में, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह द्वारा तहसील सदर में, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव द्वारा तहसील डलमऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग कर जनसुनवाई की गई एवं राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण किया गया, जिसमें तहसीलदार/नायब तहसीलदार के न्यायालयों में लंबित अविवादित नामांतरण के प्रकरणों पर विशेष समीक्षा की गई। इसके साथ ही उपजिलाधिकारी न्यायालय में लंबित धारा 24 पैमाइश एवं खतौनी सुधार के लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई तथा समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये गये एवं सम्बन्धित पीठासीन अधिकारियों को एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों की प्रतिदिन सुनवाई कर वाद का गुणदोष के आधार पर निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।

# बजट 2026 : किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीब वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शहर के एक होटल में आज बजट 2026 को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने की. मुख्य अतिथि राज्यमंत्री एवं रायबरेली प्रभारी राकेश सचान रहे. प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री राकेश सचान ने कहा कि बजट 2026 किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीब वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. उन्होंने इसे जनकल्याणकारी और दूरदर्शी बताया और कहा कि सड़क, बिजली, पेयजल और नगरीय विकास में बड़े निवेश का प्रावधान किया गया है, जिससे बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी. राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है. उन्होंने बताया कि बजट में सुधार, विकास और वित्तीय अनुशासन इन तीनों को एक सूत्र में पिरोया गया है और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत आधार तैयार कर रहा है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर सबसे बड़ा है, जिसमें 96 लाख इकाइयां कार्यरत हैं और लगभग दो करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है. बजट में 10 करोड़ रुपये की एसएमई विकास निधि स्थानीय उद्योगों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का अवसर देगी. 12 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक पूंजीगत व्यय से प्रदेश के शहरों का विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा. राज्यमंत्री ने वाराणसी में इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए बताया कि वहां जलमार्ग के माध्यम से कार्गो मूवमेंट बढ़ाया जाएगा. उत्तर प्रदेश में सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर और 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग बनाए जा रहे हैं. इसके अलावा डेटा सेंटर हब, ग्रामीण उत्पादों की वैश्विक मार्केटिंग और छात्रावास जैसी योजनाओं का लाभ प्रदेश के युवाओं और कारीगरों को मिलेगा. उन्होंने महिला सुरक्षा, पुरातात्विक स्थलों का संवर्धन, सेमीकंडक्टर पार्क और पर्यटन गाइड प्रशिक्षण जैसी पहलों का भी विवरण देते हुए कहा कि ये योजनाएं रोजगार और समृद्धि से जोड़कर प्रदेश के विकास में योगदान देंगी.

इस मौके पर सलोन विधायक अशोक कोरी,जगतपुर ब्लाक प्रमुख दल बहादुर सिंह,अपना दल के अध्यक्ष सतेंद्र पटेल सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एनएसपीएस त्रिपुला में भावनात्मक माहौल के बीच संपन्न हुआ विदाई समारोह

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन भावनात्मक एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को पूरे उत्साह और उमंग के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराया। समारोह का शुभारंभ न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलेथू राजीव सिंह, प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति एवं उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। सरस्वती वंदना के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया।कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों, सहपाठियों एवं विद्यालय परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। अपने संघर्ष, उपलब्धियों और यादगार पलों को स्मरण करते हुए कई विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में मिला मार्गदर्शन उनके व्यक्तित्व निर्माण में मील का पत्थर साबित हुआ है। विदाई समारोह में कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य एवं मधुर गायन ने समां बांध दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समारोह का प्रमुख आकर्षण रहीं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी विद्यार्थियों ने मिलकर उल्लासपूर्ण माहौल में कार्यक्रम का आनंद लिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सतौथा, विकास खण्ड हरपालपुर (हरदोई)

पत्रांक: मेमो/2025-2026 दिनांक-07 -02-2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सतौथा विकास खण्ड हरपालपुर में राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजनांतर्गत प्रस्तावित कार्य को कराए जाने के लिए सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों/जीएसटी नम्बर धारकों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा **दिनांक 08-02-2026 से दिनांक 14-02-2026 समय 02:00 बजे तक** निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक **14-02-2026** को समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष **शाम 04:00 बजे** खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में **दिनांक 08-02-2026 से 14-02-2026 तक** मु0 500(पांच सौ रुपये) का शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1- | प्राइमरी स्कूल कुंडिया में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य | 784843/- | 1 माह |
| 2- | सोलर रूफटाफ बैट्री सिस्टम (हाइब्रिड-02 किलोवाट 02 बैट्री) | 130000/- | 1 माह |
| 3- | ई-लाइब्रेरी/पंचायत भवन में कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु 04 कम्प्यूटर सिस्टम की उपलब्धता | 160000/- | 1 माह |

अन्य शर्तें:-
1-सशर्त निविदा पर विचार नही किया जाएगा।
2-निविदा पर किसी भी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी।
3-सामग्री मानक अनुरूप न होने पर भुगतान नही किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आप की होगी।

अंजना त्रिपाठी
प्रधान

अभय सिंह
सचिव


# संस्थापक सप्ताह के अवसर पर मेधावियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज के आदि संस्थापक महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में शनिवार को संस्थापक प्रकाशोत्सव पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिवार द्वारा उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया, वहीं स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को स्वर्ण पदक व 10-10 हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को आयोजित प्रकाशोत्सव पर्व का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व विधायक मंगलदेव सिंह, महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव रिटायर्ड कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय, संयुक्त सचिव बी के सिंह व प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने स्वर्गीय महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया । इसके पूर्व महाविद्यालय की छात्रा शगुन ने स्वस्तिवाचन तथा महाविद्यालय के कुलगीत की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक मंगलदेव सिंह ने कहा कि किसी भी शैक्षिक संस्थान की मुख्य धुरी वहां की प्रबंध समिति, प्राचार्य ,शिक्षक व छात्र-छात्रा होते हैं। शिक्षक और छात्र ही अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करके उस संस्थान को उत्कृष्टता तक पहुचाते हैं। शिक्षा का मूल उद्देश्य है कि वह छात्र-छात्राओं में मानवीय मूल्यों का निर्माण करें। सचिव प्रबंध समिति रिटायर्ड कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय ने आदि संस्थापक को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इस तराई अंचल में जब दूर दूर तक कोई भी शैक्षिक संस्थान नहीं थे तब आदि संस्थापक ने अपने जनता को यह शिक्षालय दिया था। ऐसे में हम सभी का कर्तब्य है कि इसकी प्रतिष्ठा व गरिमा को सदैव स्थापित रखें। संयुक्त सचिव बी के सिंह ने कहा कि जिस उद्देश्य के साथ आदि संस्थापक महाराजा साहब ने इस संस्थान को बनाया था उस उद्देश्य के लिए सदैव प्रयासरत रहना ही आदि संस्थापक के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने भी अपना श्रद्धांजलि उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इस दौरान बीए,एमए,बीएससी,एम एस सी,बीकॉम,एम कॉम,बीएड,बीबीए,बीसीए 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक व दस -दस हजार रुपये का चेक प्रदानकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रो0 अरविन्द द्विवेदी,प्रो0 वीणा सिंह, प्रो0 रेखा विश्वकर्मा,प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी, प्रो0 पी के सिंह, प्रो0 एस एन सिंह, प्रो0 एस पी मिश्र, प्रो0 तबस्सुम फरखी, प्रो0 राघवेंद्र सिंह, प्रो0 अशोक कुमार, डॉ राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ल, कुलदीप सिंह, कुशाग्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष व प्राध्यापक, जनवार कुल के सदस्य व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आशावादी बनिए



एडिसन की प्रयोगशाला एक अग्निकांड में पूरी तरह से जल कर ध्वस्त हो गई। उनके जीवन भर की शोध सामग्री और बहुमूल्य उपकरण सब खाक हो गए। आर्थिक क्षति भी बहुत हुई। यदि कोई सामान्य व्यक्ति होता तो उस हादसे से आसानी से उबर नहीं पाता, किंतु एडिसन ने कहा, इसमें हमारी भूलें भी जल कर नष्ट हो गई हैं। हमें ईश्वर का कृतज्ञ होना चाहिए, अब हम नए सिरे से जीवन को शुरू कर सकते हैं। इन सब के बीच व्यक्ति की जीवन यात्रा उत्थान की दिशा में बढ़ रही है या पतन की दिशा में, इसमें उस व्यक्ति के दृष्टिकोण की भूमिका सबसे बड़ी होती है।

## भाग्य को न कोसें

हम में से अधिकांश लोग ऐसी स्थिति में अपने दु:ख-दर्द एवं दुर्भाग्य के लिए भाग्य को कोसते हैं या फिर दूसरों को दोषी मानते हैं। और नहीं तो भगवान पर ही गुस्सा निकालने लगते हैं। एडिसन ने भगवान को कोसने की बजाय उसका धन्यवाद किया। जैसे ही हमारा जीवन के प्रति दृष्टिकोण बदलने लगता है, तो स्थिति पलटने लगती है। आशा मनुष्य की सबसे बड़ी संपदा है।

**हमारे जीवन में प्रयास, पुरुषार्थ, अवरोध एवं संघर्ष का लगातार एक क्रम चलता रहता है। और ऐसे में सफलताएं भी मिलती हैं और विफलताएं भी। लेकिन अगर आप हमेशा आशावादी बने रहेंगे तो नित नई ऊंचाइयां प्राप्त करते रहेंगे।**

## आशा उत्साह की जननी

प्रेमचंद ने एक जगह लिखा है, आशा उत्साह की जननी है। उसमें तेज है, बल है, जीवन है। आशा ही संसार की संचालन शक्ति है। यदि व्यक्ति आशा खो बैठता है तो जीवन नैया डूबने लगती है। आशा घोर अभाव और संकट के बीच भी निर्माण के तत्वों की खोज करती है। वह आभासित अभिशाप को भी वरदान में बदल देती है। ठीक इसके उलट, निराशावादी दृष्टिकोण के कारण हम अनुकूल अवसरों में भी प्रतिकूलता देखने लगते हैं। एडिसन आशावादी था, उसने अनुकूल अवसर खोजकर अपने जीवन को नए सिरे से शुरू कर लिया।

## विफलता से मिलती है निराशा

इसलिए यदि घटनाएं हमारे अनुरूप नहीं घटतीं और हमें विफलता एवं निराशा का संदेश देती हैं, तो भी हिम्मत हारने एवं हताश होने की आवश्यकता नहीं। चाहे संघर्ष पथ पर हम गिर जाएं, पिट भी जाएं, तो भी यह नहीं भूलना चाहिए कि कोई भी असफलता अंतिम नहीं होती। यदि लक्ष्य के प्रति मन में लगन हो, तो विफलता भी गिर कर फिर से उठकर खड़े होने और दुगुने उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।



## सफलताओं से सीखें

आशावादी व्यक्ति व्यावहारिक रुख अपनाते हुए अपने जीवन की छोटी - छोटी सफलताओं से क्रमश: आगे बढ़ता है। अपनी कार्यकुशलता और इच्छाशक्ति को क्रमश: विकसित करता जाता है। यह पद्धति रचनात्मकता का स्रोत बनकर उसे लगातार आगे बढ़ाती रहती है। निराशावादी व्यक्ति जहां एक दरवाजा बंद देखते ही अपना प्रयास छोड़ देता है, वहीं आशावादी व्यक्ति दूसरे खुले दरवाजों की तलाश में जुट जाता है। निराशावादी जहां सतत् हारता है, वहीं आशावादी अपनी तात्कालिक विफलताओं के बावजूद एक विजेता बन कर उभरता है। वास्तव में जब तक हम अपने जीवन के अर्थ एवं सुख की खोज के लिए बाहरी वस्तुओं, व्यक्तियों एवं परिस्थितियों पर निर्भर रहते हैं, तब तक निराशा का भाव भी बार-बार आता है। और जब दृष्टि अपने अंदर के मूल स्रोत की ओर मुड़ने लगती है, तो निराशा का कुहासा भी घटने लगता है।



## हिम्मत न हारें

यदि हम छोटी-छोटी असफलताओं और रुकावटों से हिम्मत हार बैठते हैं और नकारात्मक भावों को जीवन में हावी होने देते हैं, तो यात्रा का हर कदम दूभर एवं कष्टप्रद बन जाता है। जीवन एक दु:खद घटना एवं दुर्भाग्यपूर्ण मजाक लगने लगता है। हमारी ऊर्जा कुंठित होने लगती है।

## परमात्मा का वरदान

यहीं पर हमें परमात्मा की कृपा एवं वरदान की भाव भरी अनुभूति होती है। अपने ईमानदार प्रयास के साथ प्रभु प्रेम एवं उसके अचूक न्याय विधान के प्रति आस्था को धारण कर हम अनायास ही आस्तिकता एवं धार्मिकता के पथ पर बढ़ जाते हैं। वही हमें जीवन की सार्थकता के बोध की ओर ले चलती है।

# प्रकृति का दास नहीं मनुष्य



**ज्यों ही कोई विज्ञान पूर्ण एकता तक पहुंच जाएगा, त्यों ही उसकी प्रगति रुक जाएगी क्योंकि तब वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। उदाहरणार्थ रसायनशास्त्र यदि एक बार उस मूल तत्व का पता लगा ले जिससे और सब द्रव्य बन सकते हैं तो फिर वह और आगे नहीं बढ़ेगा।**

**भौतिकी** जब उस एक मूल शक्ति का पता लेगी, अन्य शक्तियां जिसकी अभिव्यक्ति हैं तब वह वहीं रुक जाएगी। वैसे ही धर्मशास्त्र भी उस समय पूर्णता को प्राप्त कर लेगा जब वह उसको खोज लेगा जो इस मृत्युलोक में एकमात्र जीवन है, जो इस परिवर्तनशील जगत का शाश्वत आधार है, जो एकमात्र परमात्मा है, अन्य सब आत्माएं जिसकी प्रतीयमान अभिव्यक्तियां हैं। इस प्रकार अनेकता और द्वैत में होते हुए इस परम अद्वैत की प्राप्ति होती है। धर्म इससे आगे नहीं जा सकता। यही समस्त विज्ञानों का चरम लक्ष्य है।

## धर्म का प्रारंभ

धर्म का प्रारम्भ कैसे हुआ और वह क्रमशः विकास द्वारा आध्यात्मिक अद्वैतवाद की इस सीमा तक कैसे पहुंचा? क्या इसके बाद विचार के विकास पर विराम चिह्न लगा देना सम्भव है? मनुष्य मननशील प्राणी है। उसका मस्तिष्क अन्य सभी प्राणियों की अपेक्षा अधिक उन्नत है और यह मस्तिष्क ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। जबकि दूसरे प्राणियों ने आत्मरक्षा की सहज प्रवृत्ति से अपने आप को प्रकृति के अनुरूप ढाला है और निरन्तर ढालता जा रहा है। मनुष्य प्रकृति का दास नहीं विजेता है। उसने अपनी विचार-शक्ति द्वारा आग, पानी, बिजली का प्रयोग करके, शस्त्र-यंत्र का आविष्कार करके और प्रकृति के नियमों की खोज लगाकर अपनी इस विजय को सम्भव बनाया। प्रकृति को बदलने में वह स्वयं भी बदला। अपने इस संघर्ष में ही वह पशु से मनुष्य, हैवान से इंसान बना।

## दैविक शक्ति का हाथ

मतलब है कि उसके निर्माण में किसी दैविक शक्ति का हाथ नहीं, बल्कि अपने इस संघर्ष के दौरान देव, दानव तथा ईश्वर आदि दैवी शक्तियों का निर्माण स्वयं उसने किया। सभी विचार भौतिक परिस्थितियों से उत्पन्न हुए, मनुष्य ने उन्हें व्यवहार की कसौटी पर परखा। उनके असार तत्त्व को त्याग कर सारतत्त्व को भौतिक शक्ति में परिणत किया तथा सिद्धान्तों का रूप दिया।

# प्रेम का कमल भक्ति



मन के साथ जो चला, वह कभी भगवान तक न पहुंच सकेगा। भगवान यानी जो है, भक्ति यानी जो है, उसे देखने की कला। लेकिन जो है, वह हमें दिखायी क्यों नहीं पड़ता? जो है वह तो हमें सहज दिखायी पड़ना चाहिए। जो है उसे खोजने की जरूरत ही क्यों हो? जो है उसे हम भूले ही क्यों, उसे हम भूले ही कैसे? जो है उसे हमने खोया कैसे? जो है उसे खोया कैसे जा सकता है?

इसलिए पहली बात समझ लेनी जरूरी है, मन का नियम। मन उसी को जानता है जो नहीं है। तुम्हारे पास अगर दस हजार रुपए हैं तो उन दस हजार रुपयों को मन भूल जाता है। मन उन दस लाख रुपयों का चिंतन करता है जो होने चाहिए, पर हैं नहीं। मन अभाव का चिंतन करता है। जो पत्नी उपलब्ध है, मन उसे भूल जाता है। जो स्त्री उपलब्ध नहीं है, मन उसकी कल्पनाएं करता है, योजनाएं बनाता है। जो मिला है, मन उसे देखता ही नहीं। उसी पर नजर रखता है, जो मिला नहीं है। हाथ की असलियत मन को नहीं भाती, स्वप्न के आभास भाते हैं। मन स्वप्न के भोजन पर जीता है। मन जीता ही स्वप्न के सहारे है।

## भीतर सपनों का जाल

जब भी आंख बंद करोगे, भीतर सपनों का जाल पाओगे। आंख खोले काम में भी लगे हो, तब भी भीतर उनका सिलसिला जारी रहता है। तब भी पर्त-दर-पर्त सपने घने होते रहते हैं। तुम देखो या न देखो, लेकिन मन सपने बुनता रहता है। मन का सपनों का ताना-बाना क्षण भर को रुकता नहीं। उसी सपने के जाल का नाम माया है। उसी सपने के जाल में उलझे तुम परेशान और पीड़ित हो। जो नहीं है उसने तुम्हें अटकाया है। जो नहीं है, उसने तुम्हें भरमाया है। जो नहीं है उसने तुम्हारी आंखें बंद कर दी हैं और जो है उसे देखना मुश्किल हो गया है।

## मन में श्रद्धा नहीं

रात तुमने कितनी बार सपने देखे हैं और हर बार जागकर पाया, झूठे थे! लेकिन फिर जब रात आज देखोगे स्वप्न तो देखते समय सच मानोगे। झूठ को सच मानने की तुम्हारी कितनी प्रगाढ़ धारणा है! कितनी बार जागकर भी, कितनी बार देखकर भी कि सपने सुबह झूठ सिद्ध हो जाते हैं, फिर भी जब तुम रात स्वप्न देखोगे तो सच मालूम होगा। लोग कहते हैं, हमारे मन में श्रद्धा नहीं है। हम बड़े संवेदनशील हैं।

## निस्तार कैसे होगा

हमारा निस्तार कैसे होगा? मैं कहता हूं, तुम सपनों तक पर श्रद्धा करते हो, सत्य की तो बात ही छोड़ो। तुम सपनों तक पर भरोसा करते हो, उन पर तक तुम्हें अभी सन्देह नहीं आया, तो तुम और किस पर सन्देह करोगे? जो नहीं है, उस पर भी सन्देह नहीं हो पाता, तो जो है उस पर तुम कैसे सन्देह करोगे? जिसने सपने तोड़े, उसके भीतर श्रद्धा का जन्म हुआ। जिसने सपने तोड़े, उसने तब सत्य को जानने का मार्ग साफ कर लिया।

# बुद्धि नहीं हृदय की सुनिए

**तुम्हारा हृदय ही कहेगा। हृदय हमेशा कह देता है, मगर तुम सुनते नहीं हो हृदय की। तुम कहते हो, कैसे गुरु को पहचानें? क्या कसौटी है? बुद्धि कसौटी मांगती है, हृदय तत्क्षण कह देता है, हृदय की सुनो, बुद्धि को एक तरफ रख दो।**

**हृदय से** कभी भूल नहीं हुई है। हृदय ऐसे ही है, जैसे तुमने दिशासूचक-यंत्र, जो सदा बताता रहता है पूरब की ओर, सूरज उगने की ओर। हृदय सदा परमात्मा की तरफ इशारा करता है, मगर तुम हृदय नहीं बुद्धि की सुनते हो और बुद्धि की सुनने के कारण अक्सर भ्रांति में पड़ते हो। सच यह है कि जब तक बुद्धि की सुनते रहोगे, तब तक गुरु नहीं मिलेगा। जो मिलेंगे वे गुरु के धोखे होंगे। गुरु के धोखे बुद्धि को राजी कर लेंगे, क्योंकि गुरु के धोखे का मतलब होता है-जो तुम्हें राजी करने को ही बैठा है। तुम जैसा चाहते हो, वैसा बनकर बैठा है। सद्‌गुरु कभी भी तुम्हारी अभिलाषाओं, आकांक्षाओं, अपेक्षाओं के अनुकूल नहीं होता, हो ही नहीं सकता। नहीं तो जीसस को लोग सूली चढ़ाते? बुद्ध को पत्थर मारते? महावीर को गांव से खदेड़ कर निकालते? सुकरात को जहर पिलाते? यह मत सोचना कि वे सब लोग पागल थे। वे तुम्हारे ही जैसे लोग थे, तुम ही थे-जिन्होंने जीसस को सूली दी, सुकरात को जहर पिलाया, बुद्ध को पत्थर मारे, महावीर के कानों में सींखचे ठोक दिये। वे तुम से जरा भी भिन्न न थे। ऐसा नहीं है कि गुरुओं की पूजा उस दिन नहीं हो रही थी। जब बुद्ध को लोग पत्थर मार रहे थे, तब भी पंडित, पुजारी, पोंगापंथी पूजे जा रहे थे। जब जीसस को लोग सूली पर चढ़ा रहे थे, तब भी धर्मगुरु का सम्मान किया जा रहा था।

तुम्हारी बुद्धि जिससे राजी हो जाती है, वह अक्सर धोखा होता है। उसके पीछे कारण है, क्योंकि वह धोखे की पूरी तैयारी करता है। वह गुरु नहीं, गहरे अर्थ में सिर्फ राजनेता है। राजनेता की कला का सार यही है कि लोग जहां जाना चाहते हैं, वहां जल्दी से उचक कर उनके आगे हो जाता है।

लोग पूरब जा रहे हैं तो वह कहता है पूरब जाना है। लोग पश्चिम जाने लगें तो कहता है, मैं तो सदा कह रहा था कि पश्चिम जाना है और लोगों को समझ नहीं आ पाता कि वह हमारी नजरें परख रहा है, हमारे भाव परख रहा है, हवा का रुख परख रहा है। सद्‌गुरु तुम्हारे हिसाब से नहीं चल सकता,परमात्मा के हिसाब से चलता है। उसके साथ तो जिसे राजी होना हो, उसे ही राजी होना पड़ता है। वह तुम से राजी नहीं होता। समझ लेना, जो तुमसे राजी है, वह तुम्हें बदल नहीं पाएगा।

# मानसिक ऊर्जा का स्रोत



**कई बार ऐसा होता है कि ध्यान में जाने और मंत्रों के उच्चारण के बाद भी मन अन्य बातों की ओर भागता है।**

जैसे किराने की दुकान खुली या नहीं? या आज खाना कौन बनाएगा? पर जब आप खुद के साथ समय बिताने की आदत डाल लेंगे तो मंत्र आपकी मानसिक शक्ति और ऊर्जा को बढ़ाएंगे और उच्च संस्कारों का निर्माण होगा। आपको अपने मन को इसके अनुकूल बैठाना होगा। अनचाही चीजों के बारे में सोचते रहना मन का स्वभाव होता है। जब भी हम चिंता करते हैं तो हमारा शरीर काफी सारी ऊर्जा खो बैठता है।

## ऊर्जा मत खोओ

दो गलत तरह के मंत्रों का उपयोग करने से हम अपनी यह ऊर्जा खो बैठते हैं। पहला है आर्द, जिसका मतलब होता है बार-बार दु:खों को याद करते रहना। दूसरा है रौद्र, जिसका मतलब होता है गुस्से को आने देना। इनका परिणाम यह होता है कि शरीर बीमारियों का शिकार होने लगता है। अपने मन को आर्द और रौद्र से छुटकारा दिलाने के लिए अपनी आध्यात्मिक क्रिया जारी रखें, मंत्रों का उच्चारण करें और ध्यान में जाएं। महर्षि पातंजलि ने योगसूत्रों में कहा है- यदि स्तान संशय अतिरति प्रमाद आलस्य। बीमारी, उत्साह की कमी, शंका, चिंता आदि रुकावटों को दूर करने के लिए एक तत्व अभ्यास का प्रयोग करें। किसी भी एक मंत्र का उच्चारण करें, उस एक ध्वनि का, एक शब्दांश का लंबे समय तक अभ्यास करें।

## मन का विचार

तो जब मन में विचार और मंत्र दोनों चल रहे हों, आपका मन और चैतन्य मंत्रों से भरा होना चाहिए। तब मन चिंताओं से मुक्त हो जाता है क्योंकि एक मंत्र में शक्ति के साथ-साथ एक खास स्पंदन भी होता है। जब उसका उच्चारण किया जाता है, तो वह ऊर्जा में बदल जाता है और आपके चैतन्य को भर देता है। जैसे-जैसे चैतन्य में यह ऊर्जा बढ़ती है, हम स्वयं के और करीब आ जाते हैं और हमारी हर चीज में- जैसे कि हमारे घर में, मन में शरीर और वातावरण में यह ऊर्जा और निश्चयात्मकता फैलती चली जाती है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# विदेश नीतिः भरोसा, मानवता और राष्ट्रीय हित की परीक्षा

**भारत की घरेलू परिस्थितियां देखें तो देश आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की स्थिति, युवाओं में बेरोजगारी और महँगाई का दबाव आम नागरिक की रोजमर्रा की चिंता है। ऐसे में विदेश मंत्रालय के लिए 22,118 करोड़ रुपये और पड़ोसी देशों को दी जा रही बड़ी सहायता यह सवाल उठाती है कि क्या प्राथमिकताओं का संतुलन सही है? लोकतंत्र में सरकारी व्यय की वैधता पारदर्शिता और जवाबदेही पर निर्भर करती है।**

*भारत सरकार के केंद्रीय बजट 2026-27 में विदेश मंत्रालय के लिए 22,118 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इस बजट में नेपाल को 800 करोड़ रुपये, श्रीलंका को 400 करोड़ रुपये, भूटान को सबसे भरोसेमंद पड़ोसी मानते हुए 2,289 करोड़ रुपये तथा अफगानिस्तान को 150 करोड़ रुपये मानवीय सहायता के रूप में दिए जाने का प्रावधान किया गया है। यह तथ्य भारत की विदेश नीति की कूटनीतिक प्राथमिकताओं को तो रेखांकित करता है, साथ ही कई गंभीर प्रश्न भी खड़े करता है। क्या यह आवंटन घरेलू जरूरतों के अनुरूप है? क्या भरोसे के आधार पर किया गया निवेश ठोस परिणाम देगा? विदेश के लिए 22,118 करोड़ रुपये का आवंटन यह संकेत देता है कि भारत वैश्विक मंच पर अधिक सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। 'पड़ोसी पहले', 'एक्ट ईस्ट', 'इंडो-पैसिफिक' और 'वैश्विक दक्षिण' जैसी नीतियां इस आकांक्षा का वैचारिक आधार हैं। परंतु हमें यह देखना भी आवश?यक है कि क्या यह बढ़ा हुआ व्यय केवल कूटनीतिक विस्तार का प्रतीक है या वास्तव में राष्ट्रीय हितों में ठोस परिणाम देगा? भूटान को 2,289 करोड़ रुपये का आवंटन यह दर्शाता है कि भारत उसे अपना सबसे भरोसेमंद पड़ोसी मानता है। भारत-भूटान संबंध पारंपरिक रूप से मित्रतापूर्ण और स्थिर रहे हैं। जलविद्युत परियोजनाओं, सुरक्षा सहयोग और आर्थिक सहायता के माध्यम से भारत ने भूटान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि आलोचक यह प्रश्न उठाते रहे हैं कि क्या लगातार बड़ी आर्थिक सहायता से भूटान की आत्मनिर्भरता प्रभावित नहीं होती? क्या यह रिश्ता सहयोग से आगे बढ़कर निर्भरता की ओर तो नहीं जा रहा? यदि सहायता का उपयोग केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित रह जाए और स्थानीय क्षमता निर्माण पर ध्यान न दिया जाए, तो दीर्घकाल में यह भारत और भूटान- दोनों के लिए चुनौती बन सकता है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि यहां भारत एक अच?छे पड़ोसी की भूमिका निभा रहा है। नेपाल को 800 करोड़ रुपये का आवंटन भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति का प्रमुख उदाहरण है। भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध अत्यंत गहरे हैं। खुली सीमा और पारिवारिक रिश्ते इस संबंध को विशिष्ट बनाते हैं। हालांकि यह इसमें सचाई है कि नेपाल में चीन की बढ़ती दखलंदाजी भारत के लिए रणनीतिक चिंता का विषय रही है। प्रश्न यह है कि क्या आर्थिक सहायता से नेपाल में भारत के प्रति विश्वास और सहयोग स्थायी रूप से बढ़ा है? पूर्व में नेपाल की आंतरिक राजनीति में भारत-विरोधी स्वर उभरते रहे हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि केवल वित्तीय सहायता कूटनीतिक विश्वास स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सहायता के साथ-साथ सम्मानजनक संवाद और आपसी हितों का संतुलन भी आवश्यक है। श्रीलंका को 400 करोड़ रुपये का आवंटन उसके हालिया आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि में देखा जा सकता है। संकट के समय भारत ने सहायता देकर एक जिम्मेदार पड़ोसी की भूमिका निभाई, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा भी गया। यह सहायता मानवीय दृष्टि से उचित प्रतीत होती है। लेकिन प्रश्न यह है कि यह सहायता दीर्घकालिक रणनीतिक लाभ में परिवर्तित होगी? श्रीलंका में चीन की आर्थिक और रणनीतिक उपस्थिति पहले से मजबूत है। यदि भारतीय सहायता केवल संकट-प्रबंधन तक सीमित रह जाती है तो इससे भारत के भू-राजनीतिक हितों को अपेक्षित मजबूती नहीं मिल पाएगी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, भारत अगले 10 वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके पीछे मुख्य कारण हैं; युवा जनसंख्या, तकनीकी प्रगति, वित्तीय साक्षरता और स्थिर राजनीतिक नेतृत्व। वस्तुतः इसी क्रम में, फिंक का यह कथन कि भारत का युग आ रहा है, वास्तविक आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति का परिणाम दर्शाता है। भारत आज अपने नागरिकों के लिए अनेक नए अवसर तो प्रदान कर ही रहा है, साथ में दुनिया के निवेशकों के लिए भी एक प्रमुख आकर्षण बनता जा रहा है। ऐसे में कहना यही है कि भारत आज एक नई आर्थिक और तकनीकी क्रांति के दौर में प्रवेश कर चुका है।**


# भारत के लिए ये निवेश, विकास और तकनीकी क्रांति का वक्त है



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**जिसे उनसे अपनी युवा शक्ति, तकनीकी नवाचार, वित्तीय जागरूकता और स्थिर नेतृत्व के सम्मिलित परिणाम से प्राप्त किया है। आज लैरी फिंक और मुकेश अंबानी जैसे वैश्विक और राष्ट्रीय नेतृत्व की दृष्टि यह स्पष्ट करती है कि भारत आने वाले दशक में केवल विकास के आकंड़ों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक निवेश और नवाचार के मानचित्र में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा।**

भारत आज वै.श्विक आर्थिक मानचित्र पर तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। वैश्विक परिसंपत्ति प्रबंधन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ब्लैक रॉक के अध्यक्ष और सीईओ लैरी फिंक के हालिया बयान ने भारत के संदर्भ में जो कहा है, उसने आज हर भारतीय को गर्व और आशा से भर दिया है। फिंक के अनुसार आगामी दशक भारतीय अर्थव्यवस्था के के लिए सफलता भरा है, यह भारत का युग होगा, जिसमें देश की जीडीपी हर साल 8-10 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। वस्तुतः फिंक ने भारतीयों से अपने पैसे को केवल बैंक जमा में रखने के बजाय पूंजी बाजारों में निवेश करने की सलाह दी है। इसके लिए उन्होंने अमेरिका का उदाहरण चुना और बताया कि कैसे पूंजी बाजारों में निवेश करने वालों को चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में लंबी अवधि में बैंक बचत से कहीं अधिक लाभ वहां हुआ। यह भारतीय निवेशकों के लिए संदेश भी है कि समय रहते निवेश करना दीर्घकालिक समृद्धि का मार्ग है। कहना होगा कि भारत की आर्थिक सफलता आज डिजिटल क्रांति, 5जी कनेक्टिविटी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्टार्टअप इकोसिस्टम से तेजी से आगे बढ़ रही है। इन सभी कारणों ने भारत को वैश्विक तकनीकी नक्शे पर अग्रणी बना दिया है। आज भारत में 5जी नेटवर्क लगभग सभी गांवों तक पहुंच चुका है, जिसे आप दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले कहीं अधिक व्यापक और किफायती मान सकते हैं। इस तकनीकी आधार ने व्यवसायों को नई दिशा दी है, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और वित्तीय सेवाओं तक लोगों की पहुंच भी बढ़ाई है। इस संदर्भ में रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी का कथन भी उल्लेखित है, उन्होंने अपने आर्थिक आंकड़ों एवं देश में जिस तरह से नई- नई कंपनियां एवं प्रतिभाएं उभर रही हैं, उसके आधार पर बताया है कि भारत में नए स्टार्टअप्स और व्यवसायिक अवसरों की बाढ़ आने से शीघ्र ही देश में 100 नई रिलायंस जैसी कंपनियां उभरेंगी। निश्चित ही यह तथ्य हमारे लिए बहुत आशा जगाता है। वहीं अंबानी ने ध्यान दिलाया कि पिछले साल भारतीयों ने सोने में 60 अरब डॉलर और चांदी में 15 अरब डॉलर का निवेश किया। जोकि सीधे तौर पर भारतीयों की सुरक्षा की भावना को दर्शाता है। साथ ही मुकेश अंबानी ने तो भारतीयों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता से डरने की बजाय इसे अपनाने की सलाह दी। एआई के माध्यम से भारत के 20 करोड़ बच्चों की शिक्षा में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और कराधान प्रक्रियाओं में दक्षता लाना संभव है। यह एक संकेत है कि भारत में तकनीक केवल व्यवसाय या उद्योग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और मानव विकास का एक प्रमुख आधार भी बन रही है। यह भी एक तथ्य है कि देश में जियो फाइनेंशियल सर्विसेज और ब्लैक रॉक की साझेदारी ने निवेशकों के लिए एक नया




**केवी कामथ, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के चेयरमैन की भी एक भविष्यवाणी हमारे सामने है, जिसके अनुसार आने वाले पांच वर्षों में म्यूचुअल फंडों के तहत परिसंपत्तियों की कुल मात्रा 80 लाख करोड़ रुपये से दोगुनी हो जाएगी। यह न सिर्फ भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है, बल्कि यह दर्शाता है कि वित्तीय बाजारों में भागीदारी बढ़ाने के लिए सही समय अभी है। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़े भी भारत की स्थिति की पुष्टि करते हैं। भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश के अनुपात में बढ़ोतरी हो रही है।**

मंच तैयार किया है। पिछले सात महीनों में, उनके फंड ने 10 लाख निवेशकों को जोड़ा, जिनमें से एक चौथाई निवेशकों ने पहली बार म्यूचुअल फंड में निवेश किया। वस्तुतः यह दर्शाता है कि भारतीय निवेशक अब वित्तीय साक्षरता और लंबी अवधि के निवेश के महत्व को समझने लगे हैं। केवी कामथ, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के चेयरमैन की भी एक भविष्यवाणी हमारे सामने है, जिसके अनुसार आने वाले पांच वर्षों में म्यूचुअल फंडों के तहत परिसंपत्तियों की कुल मात्रा 80 लाख करोड़ रुपये से दोगुनी हो जाएगी। यह न सिर्फ भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है, बल्कि यह दर्शाता है कि वित्तीय बाजारों में भागीदारी बढ़ाने के लिए सही समय अभी है। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़े भी भारत की स्थिति की पुष्टि करते हैं। भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश के अनुपात में बढ़ोतरी हो रही है। उदाहरण के लिए, सरकार ने 2025-26 में शिक्षा और कौशल विकास पर लगभग 10 प्रतिशत अधिक बजट आवंटित किया, जिससे युवाओं को रोजगार और नवाचार के नए अवसर मिल रहे हैं। भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। अगले दशक में, भारत ऊर्जा जरूरतों का 80 प्रतिशत आयात करने वाला देश नहीं रहेगा। अक्षय ऊर्जा, सौर ऊर्जा परियोजनाएं, और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे नवाचार इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही, भारत का ग्रीन एनर्जी निवेश वर्तमान में 20 अरब डॉलर से अधिक है, और यह संख्या हर वर्ष बढ़ रही है। इन तथ्यों के आधार पर कह सकते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण से भी भारत तेजी से एक ग्लोबल इकोनॉमिक हब बनता जा रहा है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, भारत अगले 10 वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके पीछे मुख्य कारण हैं; युवा जनसंख्या, तकनीकी प्रगति, वित्तीय साक्षरता और स्थिर राजनीतिक नेतृत्व। वस्तुतः इसी क्रम में, फिंक का यह कथन कि भारत का युग आ रहा है, वास्तविक आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति का परिणाम दर्शाता है। भारत आज अपने नागरिकों के लिए अनेक नए अवसर तो प्रदान कर ही रहा है, साथ में दुनिया के निवेशकों के लिए भी एक प्रमुख आकर्षण बनता जा रहा है। ऐसे में कहना यही है कि भारत आज एक नई आर्थिक और तकनीकी क्रांति के दौर में प्रवेश कर चुका है। जिसे उनसे अपनी युवा शक्ति, तकनीकी नवाचार, वित्तीय जागरूकता और स्थिर नेतृत्व के सम्मिलित परिणाम से प्राप्त किया है। आज लैरी फिंक और मुकेश अंबानी जैसे वैश्विक और राष्ट्रीय नेतृत्व की दृष्टि यह स्पष्ट करती है कि भारत आने वाले दशक में केवल विकास के आकंड़ों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक निवेश और नवाचार के मानचित्र में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा। निश्चित ही हर भारतीय के लिए यह समय है सपनों को बड़ा देखने का, निवेश करने का और देश की प्रगति का हिस्सा बनने का।




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 17:01 तक |
| नक्षत्रः | स्वाति 17:02 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | गण्ड, 12:07 |
| सूर्योदयः | 07:07 |
| सूर्यास्तः | 18:14 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 04:51-06:14 |
| विक्रमी संवत् | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:18-01:03 |

## जन एक्सप्रेस

### राह नहीं आसान !

*मिल रहीं चुनौतियां ।*
*राह नहीं आसान ।।*
*करनी विजय हासिल तो ।*
*फूंको फिर से जान ।।*
*ठीक नहीं है सब कुछ ।*
*हुआ उल्टा खेल ।।*
*जिसने नहीं निभाया ।*
*कसना फिर नकेल ।।*
*हार और जीत का तो ।*
*रहता बजता गाना ।।*
*ली है जिम्मेदारी तो ।*
*पेश करो नज़राना ।।*
*मंथन का है विषय ।*
*हुई कहां पर चूक ।।*
*धीरे धीरे रथ क्यों ।*
*रहा आखिर रुक ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ब्रेन सेल्स को बेहतर करने के लिए सोने से पहले पिएं आयुर्वेदिक ड्रिंक

**काम** की भाग-दौड़ और अधिक स्ट्रेस में रहने के कारण अक्सर लोगों को याददाश्त के कमजोर होने, काम पर फोकस करने में परेशानी होने, ब्रेन फॉग, डिप्रेशन, एंग्जायटी और नींद से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इन समस्याओं से राहत के लिए लोग तरह-तरह की ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। इन्हीं में से एक आयुर्वेदिक ड्रिंक को घर पर बनाकर पिया जा सकता है, जिसमें मौजूद औषधीय गुण ब्रेन सेल्स के स्वास्थ्य में सुधार करने और ब्रेन के कार्यों को बेहतर करने में मदद मिलती है। आयुर्वेद डॉ. किरण गुप्ता के अनुसार, ब्रेन सेल्स को रिन्यू करने और ब्रेन के कार्यों को बेहतर करने के लिए घर पर रखीं औषधीय गुणों से भरपूर कुछ चीजों का इस्तेमाल करके आयुर्वेदिक ड्रिंक को बनाया जा सकता है। इस आयुर्वेदिक ड्रिंक में मौजूद हल्दी, अदरक, जायफल, काली मिर्च और घी में बहुत से पोषक तत्व होते हैं, जो ब्रेन के लिए कई तरीकों से फायदेमंद होते हैं।

**ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करेः** आयुर्वेदिक ड्रिंक का सेवन करने से ब्रेन में ब्लड सर्कुलेशन के स्तर को बेहतर करने, ब्रेन को गहराई से पोषण देने और



स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है, ब्रेन के कार्यों को बेहतर करने और इससे जुड़ी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**सूजन कम करेः** इस आयुर्वेदिक ड्रिंक में मौजूद हल्दी और अदरक में भरपूर मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से ब्रेन की सूजन को कम करने, ब्रेन को रिलैक्स करने और इसके कार्यों को बेहतर रखने में मदद मिलती है।

**ब्रेन को रिलैक्स करेः** हल्दी की आयुर्वेदिक ड्रिंक का सेवन करने से ब्रेन के कार्यों को बेहतर करने, रिलैक्स करके नींद को बढ़ावा देने, नींद की गुणवत्ता में सुधार करने और स्ट्रेस को कम करने में मदद मिलती है।

**ब्रेन टिश्यूज को रिपेयर करेः** इस आयुर्वेदिक ड्रिंक में मौजूद घी ब्रेन को गहराई से पोषण देने में मदद मिलती है, जिससे ब्रेन के टिश्यूज को रिपेयर करने, नर्वस सिस्टम में सुधार करने, ब्रेन के कार्यों में सुधार कर, ब्रेन को रिलैक्स करने और याददाश्त से जुड़ी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**ब्रेन सेल्स के रिन्यूअल के लिए कैसे बनाएं आयुर्वेदिक ड्रिंक?:** इसके लिए 1 कप बादाम दूध में 1/4 छोटी चम्मच सौंठ पाउडर, 1/4 छोटी चम्मच हल्दी पाउडर, चुटकीभर जायफल पाउडर और चुटकीभर काली मिर्च पाउडर को डालकर उबाल लें। अब इसको छानकर इसमें आधा छोटी चम्मच घी को डालें। अब इसके हल्का गुनगुना रहने पर सोने से 30 से 60 मिनट पहले इसका सेवन करें। इससे ब्रेन के कार्यों को बेहतर करने में मदद मिलती है। ध्यान रहे, हफ्ते में इसका सेवन 3-4 बार ही करें।

**सावधानियांः** इस ड्रिंक में मौजूद किसी भी चीज से एलर्जी होने पर इसका सेवन करने से बचें। इसके अलावा, सेंसिटिव होने, प्रेग्नेंसी, ब्रेस्टफीडिंग या किसी मेडिकल कंडीशन होने पर इसका सेवन करने से बचें। इसका सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## एक्सप्रेस विशेष



प्रो. संजय द्विवेदी

**संसदीय राजनीति का यह पतन देखकर सबसे दुखी शायद पं. जवाहरलाल नेहरू और श्री अटल बिहारी वाजपेयी ही होते। दुर्भाग्यवश इन दोनों के राजनीतिक उत्तराधिकारी ही इन दृश्यों के लिए जिम्मेदार हैं। बाकी से क्या उम्मीद करना?**

# संसद की गरिमा को बचाने की ज़रूरत

**किंतु हम किस रास्ते पर चल पड़े हैं? आजादी के इतने सालों बाद संसदीय बहस और संसदीय मर्यादाओं का स्तर ऊंचा करने के बजाय हम इसे रसातल में ले जा रहे हैं। कितना अच्छा होता कि हमारे सांसद यह समझ पाते कि देश की जनता ने उन्हें किन उम्मीदों से संसद में भेजा है। अगर सांसद ही तय लेंगे कि संसद नहीं चलेगी, तो उसे कौन चला सकता है। सांसद होना साधारण नहीं है।**

**देश** की संसद हमारे लोकतांत्रिक आचरण, संसदीय मर्यादाओं और संवाद की शुचिता का केंद्र होनी चाहिए। जहां संवाद से संकटों के हल खोजे जाएं। लेकिन पिछले दो दिनों में लोकसभा में जो हुआ,वह बहुत निराशाजनक है। सदन के नेता प्रधानमंत्री ही अगर अपने सदन को संबोधित न कर सकें, इससे ज्यादा निराश करने वाली बात क्या हो सकती है। ये हुआ , सबने देखा। यह संसदीय मर्यादाओं के तार-तार होने का भी समय है। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को यह अपील करनी पड़ी कि प्रधानमंत्री लोकसभा में न आएं और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब न दें। लोकसभा अध्यक्ष ने किस तरह की आशंकाओं के कारण ऐसा कहा होगा, इसे समझा जा सकता है। इसके पहले सदन में हुए हंगामे, कागज फाड़कर आसंदी पर फेंकने जैसे दृश्य तो संसद ने अनेक बार देखे हैं। बावजूद इसके एक अभूतपूर्व दृश्य भी लोकसभा ने देखा जब लगभग सात महिला सांसद प्रधानमंत्री के आसन तक जा पहुंचीं। क्या हो सकता था, इसका अनुमान लगाना ठीक नहीं। किंतु बाद में लोकसभा अध्यक्ष ने जो कुछ कहा वह बताता है, संसदीय मर्यादाओं की सीमाएं लांघते हुए हमारे सांसद दिखे। परंपरा रही है कि धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब आमतौर पर प्रधानमंत्री देते हैं । इसकी न सिर्फ अपेक्षा रहती है बल्कि प्रतीक्षा भी आखिर सरकार के मुखिया क्या कहते हैं। स्थापित मान्यता यहां टूटती दिखी। प्रधानमंत्री लोकसभा को संबोधित नहीं कर सके। राज्यसभा में भी उनका भाषण विपक्ष की गैरमौजूदगी में हुआ। संसदीय लोकतंत्र में विरोध और संवाद साथ -साथ चलते हैं। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संसद में पहले दिन से बहस और संवाद की संस्कृति को संरक्षित किया। वे यह चाहते थे अच्छे लोग संसद में आएं और संसदीय बहसों का स्तर ऊंचा हो। अपने विरोधी सांसदों की भी वे प्रशंसा करते हुए नजर आते हैं। दिग्गज सांसद राममनोहर लोहिया से लेकर युवा सांसद अटल बिहारी बाजपेई को भी उन्होंने ध्यान से सुना। यह परंपरा बाद के प्रधानमंत्रियों ने भी बनाए रखी। विपक्ष भी अपने आचरण में मर्यादित रहा। संसद हमारे लोकतांत्रिक स्वभाव का आईना बनी रही। आपातकाल लागू होने के बाद क्षरण जरूर हुआ किन्तु बाद के दिनों में सब कुछ संभल गया। नरसिंहराव, चंद्रशेखर, अटलजी स्वयं बड़े संसदविद् थे और सदन गरिमा के साथ चलता रहा। कड़ी आलोचना के साथ , संवाद कायम रहा। पिछले कुछ समय से संवाद बंद है और कटुता बहुत बढ़ गई है। संसद शब्द की हिंसा का केंद्र बन गयी है। अपने सहयोगी सांसद को गद्दार की संज्ञा देना जैसे उदाहरण किसी भी तरह स्वीकार्य नहीं हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह शुभ नहीं है। यह सही बात है कि सदन को चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन विपक्षी दलों के सहयोग के बिना सदन नहीं चल सकता यह भी सच है। सदन में मिले विशेषाधिकार का लाभ लेकर सांसदों द्वारा हमारे महान दिवंगत नेताओं को कोसना , उनके जीवन के निजी पक्षों को किताबों के संदर्भ देकर उठाना कितना उचित है? इसके साथ ही बिना तथ्यों के किसी अनछपी किताब के उदाहरण से सरकार को घेरने की कोशिश भी बचकानी ही है। बजट सत्र संसद का बहुत महत्व का सत्र होता है। जिसमें हम अपने देश के आगामी एक साल के सपनों, आकांक्षाओं, आर्थिक भविष्य का खाका खींचते हैं। ऐसे सत्र का समय नष्ट करके हमें क्या हासिल होगा, समझना मुश्किल है। मुद्दे की बात यह भी है कि क्या हमारे सांसद स्वस्थ बहस चाहते हैं? क्या क्षणिक राजनीतिक सुर्खियों के लिए हम समाज के वृहत्तर प्रश्नों की उपेक्षा नहीं कर रहे हैं। दिवंगत नेताओं की चरित्रावली का वाचन करके हम कौन से मूल्य स्थापित कर रहे हैं? कभी नेता प्रतिपक्ष ने वीर सावरकर पर सवाल खड़े करके जो गलत परंपरा डाली , अब दूसरे सांसद बोरे में किताबें लाकर उनके अंश पढ़ रहे हैं। इससे हमें क्या हासिल होगा? नेहरू जी, श्रीमती इंदिरा गांधी, अटल जी इस देश के महान नेता रहे हैं, उनके देहावसान के बाद ऐसी गलीज बातें राजनीतिक कार्यकर्ताओं को नहीं करनी चाहिए। मृत्यु के बाद हम पुरखों के सद्गुण याद करते हैं।


**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी** द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। **संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित)** आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, **(नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)**

# बरखेड़ा विधानसभा में विकास की रफ्तार तेज

### इन संपर्क मार्गों को किया गया समर्पित

- आसाम रोड से दियूनी बहादुरगंज संपर्क मार्ग – 0.750 किलोमीटर
- पीलीभीत–बस्ती मार्ग से पिपरिया नवदिया संपर्क मार्ग – 1.0 किलोमीटर
- शिवनगर से ग्रांट नंबर–1 (बानगंज) संपर्क मार्ग – 1.120 किलोमीटर
- ग्राम बिहारीपुर से ग्राम लालपुर स्कूल संपर्क मार्ग – 0.470 किलोमीटर

■ नारियल फोड़कर विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने चार संपर्क मार्गों का किया लोकार्पण

■ भाजपा सरकार के नेतृत्व में सड़क नहीं, गांवों के भविष्य का निर्माण- स्वामी प्रवक्तानंद महाराज





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सशक्त करने की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाते हुए विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने विभिन्न ग्रामों को जोड़ने वाले चार महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों का विधिवत शुभारंभ किया। परंपरागत रूप से नारियल फोड़कर मार्गों का उद्घाटन किया गया और उन्हें क्षेत्र की जनता को समर्पित किया गया। इन सड़कों के निर्माण से वर्षों से कीचड़, गड्ढों और आवागमन की समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। सड़कें न केवल आवागमन का साधन हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और आपात सेवाओं की जीवनरेखा भी हैं। यह संदेश उद्घाटन कार्यक्रम में साफ तौर पर उभरकर सामने आया।

### गांव–गांव में दिखी खुशहाली, बाटी मिठाई युवा वर्ग विशेष रूप से ज्यादा उत्साहित नजर आया

सड़क उद्घाटन के बाद गांवों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। बच्चे और युवा वर्ग विशेष रूप से उत्साहित नजर आए। ग्रामीणों का कहना था कि अब बरसात के दिनों में कीचड़ और फिसलन से राहत मिलेगी, स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंच आसान होगी।

### स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का ओजस्वी उद्बोधन

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा÷सड़क केवल ईंट-पत्थर की संरचना नहीं होती, यह गांवों के भविष्य की नींव होती है। जब गांव मजबूत होते हैं, तभी प्रदेश और देश मजबूत बनता है। हमारा संकल्प है कि बरखेड़ा विधानसभा का कोई भी गांव विकास से अछूता न रहे।÷

### उन्होंने आगे कहा....

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आज गांव, गरीब, किसान और युवा विकास की मुख्य धारा में आ रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं हर व्यक्ति तक पहुंचें–इसी लक्ष्य के साथ हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन सड़कों की सुरक्षा और स्वच्छता का ध्यान रखें तथा विकास कार्यों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी नीतियों के कारण आज गांवों तक विकास पहुंच रहा है। इसके उपरांत महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक के नेतृत्व में हमें हर सुविधा प्राप्त हो रही हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेगी।

इस अवसर पर मरौरी मंडल अध्यक्ष महेश लोधी, मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र लोधी, हरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, हरिराम सोनकर, मिलाप सिंह गुर्जर, अजय गुप्ता, चन्दनलाल, प्रेम वर्मा, ओमप्रकाश मौर्य, दिनेश मौर्य, मिथुन कश्यप, युगल वर्मा, राजेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, ग्रामवासी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एक भी वोट कटा तो आर–पार की लड़ाई तय फॉर्म–7 को लेकर दिव्या पी.गंगवार का दो टूक अल्टीमेटम

### बैठक को संबोधित करते हुए दिव्या पी. गंगवार ने कहा

मताधिकार जनता की सबसे बड़ी ताकत है। वोट काटने की साज़िश दरअसल जनता की आवाज़ दबाने की कोशिश है। समाजवादी पार्टी इस लोकतंत्र विरोधी खेल को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। उन्होंने प्रशासन और सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि फॉर्म–7 के नाम पर की जा रही कार्रवाई सामान्य प्रक्रिया नहीं, बल्कि सुनियोजित साज़िश का हिस्सा प्रतीत होती है।

### बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के निर्देश

जग्गा ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाए। हर मतदाता से संपर्क कर उसकी स्थिति की जानकारी ली जाए और जनता की स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाए।

### स्पष्ट संदेश के साथ हुआ समापन

बैठक का समापन इस स्पष्ट संदेश के साथ हुआ कि मतदाता अधिकारों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा और समाजवादी पार्टी फर्जीवाड़े के खिलाफ पूरी ताकत से मैदान में उतरेगी।



■ लोकतंत्र से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं, सपा ने प्रशासन को दी खुली चेतावनी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

मतदाता सूची में फॉर्म-7 के माध्यम से कथित गड़बड़ियों को लेकर समाजवादी पार्टी ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। नकटादाना स्थित केजीएन-2 कैंप कार्यालय में आयोजित सपा की मासिक बैठक में फर्जी वोट कटौती के खिलाफ तीखा राजनीतिक संदेश दिया गया। बैठक की सबसे मुखर और निर्णायक आवाज रहीं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या पी. गंगवार, जिन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यदि एक भी पात्र मतदाता का वोट फर्जी तरीके से काटा गया तो संघर्ष आर-पार का होगा।

### फॉर्म–7 बना बैठक का केंद्रीय मुद्दा, लड़ाई केवल पार्टी तक सीमित नहीं– दिव्या गंगवार

बैठक में फॉर्म-7 के माध्यम से मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी को गंभीर चिंता का विषय बताया गया। दिव्या गंगवार ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर बूथ पर सतर्क रहें, मतदाताओं को जागरूक करें और किसी भी संदिग्ध आपत्ति की जानकारी तुरंत संगठन को दें। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल पार्टी की नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की लड़ाई है, जिसे सड़क से लेकर संवैधानिक मंच तक लड़ा जाएगा। वहीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने भी फर्जी वोट कटौती पर कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि यदि वोट काटने की प्रक्रिया नहीं रुकी तो समाजवादी पार्टी सड़कों पर उतरेगी, प्रशासनिक अधिकारियों का घेराव किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन किसी भी स्तर पर अन्याय को चुपचाप सहन नहीं करेगा।

### युवजन सभा का ऐलान

सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार 'राजू' ने भी फॉर्म-7 के मुद्दे पर तीखा रुख अपनाते हुए कहा– मतदाता सूची से नाम काटने की यह पूरी प्रक्रिया सुनियोजित साज़िश है। युवाओं, गरीबों और वंचित वर्गों को मतदान के अधिकार से वंचित करने की कोशिश की जा रही है। यदि प्रशासन ने समय रहते फर्जी आपत्तियों पर कार्रवाई नहीं की, तो युवजन सभा पूरे जिले में आंदोलन छेड़ेगी। बैठक में जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा 'कट्टर', राजकुमार राजू, रूपराम कश्यप, काशीराम सरोज, हाजी अकबर अहमद अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गरिमा, गौरव और विश्वास के साथ नई कार्यकारिणी ने संभाली कमान





## जिला संयुक्त बार एसोसिएशन का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## बार-बेंच के मधुर संबंध ही मजबूत न्याय व्यवस्था की नींव ~ जनपद न्यायाधीश रविंद्र कुमार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद न्यायालय परिसर उस समय गरिमामय वातावरण का साक्षी बना, जब जिला संयुक्त बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह विधिवत एवं भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बार, बेंच और प्रशासन के सशक्त समन्वय का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। समारोह में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश रविंद्र कुमार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि– न्याय व्यवस्था की मजबूती का आधार बार और बेंच के बीच मधुर, पारदर्शी और सहयोगात्मक संबंध हैं। जब दोनों परस्पर विश्वास के साथ कार्य करते हैं, तभी आम नागरिक को निष्पक्ष, सुलभ और समयबद्ध न्याय मिल पाता है। उन्होंने कहा कि न्यायिक कार्यों में कुछ भी छिपा नहीं रहता, हर प्रक्रिया पारदर्शिता पर आधारित होती है। अधिवक्ताओं का हित सर्वोपरि है और उसकी रक्षा के लिए बार व बेंच के बीच स्वस्थ संबंध अत्यंत आवश्यक हैं।

### अधिवक्ता हित और न्यायिक गरिमा दोनों की जिम्मेदारी

जनपद न्यायाधीश ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से अपेक्षा जताई कि वे अधिवक्ता समाज की समस्याओं को मजबूती से उठाने के साथ-साथ न्यायालय की गरिमा, अनुशासन और मर्यादा को भी बनाए रखें। उन्होंने कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए सकारात्मक, रचनात्मक और सहयोगपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारियों की रही उल्लेखनीय उपस्थिति

शपथ ग्रहण समारोह में जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव, नगर मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आलोक कुमार तथा सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी से आयोजन की महत्ता और प्रभावशीलता और अधिक बढ़ गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रख्यात कवि अविनाश चंद की वाणी वंदना से हुआ। इसके उपरांत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया गया वहीं अन्य रचनाकारों ने कविताएं और शेरो-शायरी प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिविल बार एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष कुमारी लता तिवारी ने भी काव्य पाठ प्रस्तुत कर समारोह को भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की।

### संगठनात्मक एकता का दिखा सशक्त स्वरूप

समारोह की अध्यक्षता नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष राजीव नेगी ने की, जबकि संचालन पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता अमित पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बाबूराम शर्मा, रामअवतार रस्तोगी, सुरेश चंद सक्सेना, किशन लाल वर्मा, अरुण भारद्वाज सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता, अधिवक्ता-पत्रकार तथा सिविल व सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। सैकड़ों अधिवक्ताओं की उपस्थिति ने संगठन की एकजुटता और मजबूती को स्पष्ट रूप से दर्शाया।

### आशा और विश्वास के साथ समारोह का समापन

कार्यक्रम के अंत में नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी गईं और विश्वास व्यक्त किया गया

कि यह टीम निष्ठा, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अधिवक्ता समाज के हितों की रक्षा करेगी तथा न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी।

## गौवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप, एएसपी ने मौके पर पहुंचकर की जांच

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। कोतवाली क्षेत्र में गौवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने से शुक्रवार देर शाम इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा गया। जानकारी के अनुसार, पिपरिया दुलई से सुआबोझ जाने वाली सड़क किनारे गौवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े मिले। लखनऊ से वापस लौट रहे राष्ट्रीय बजरंग दल के गौ रक्षा जिला प्रमुख को जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तत्काल कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर कोतवाल पवन पांडेय और क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया मौके पर पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दाहिया भी मौके पर पहुंचे और पूरे प्रकरण की जांच की। पुलिस की मौजूदगी में राष्ट्रीय बजरंग दल की गौ रक्षा टीम ने जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर गौवंशीय अवशेषों का विधिवत अंतिम संस्कार कराया। मामले की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। इस संबंध में राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला प्रमुख शिवम सिंह भदौरिया ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी रघुनाथपुर समेत कई स्थानों पर गोकशी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# पीलीभीत में परिवहन व्यवस्था की कमान संभाले एआरटीओ वीरेंद्र सिंह लगातार कर रहें सख्त कार्रवाई

**रात में चलाया विशेष अभियान ओवरलोडिंग पर जीरो टॉलरेंस पांच वाहन सीज, भारी जुर्माना**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जनपद में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एआरटीओ वीरेंद्र सिंह लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार देर रात एक विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों पर कड़ा शिकंजा कसा गया। रात्रि अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर गुजर रहे मालवाहनों की सघन जांच की गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वालों में हड़कंप मच गया। चेकिंग के दौरान पांच मालवाहन निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर संचालित पाए गए। इन सभी के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए– दो वाहन गढ़वाखेड़ा पुलिस चौकी,एक वाहन पूरनपुर चीनी मिल पुलिस चौकी,एक वाहन पूरनपुर गेट पुलिस चौकी में सीज कर निरुद्ध किए गए। इसके अतिरिक्त एक अन्य ओवरलोड वाहन के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।

### तीन लाख से अधिक का जुर्माना अधिरोपित

परिवहन विभाग की इस सख्त कार्रवाई में पकड़े गए वाहनों पर क्रमशः 75 हजार, 76 हजार, 68 हजार, 35 हजार और 62 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार एक ही रात में तीन लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया, जिससे विभाग की सख्ती साफ नजर आई।

### अचानक कार्रवाई से मची अफरा–तफरी

देर रात अचानक हुई सघन चेकिंग से ओवरलोड वाहन संचालकों और चालकों में खलबली मच गई। कई वाहन चालक रास्ता बदलने की कोशिश करते दिखे, लेकिन परिवहन विभाग की टीम ने सतर्कता और मुस्तैदी के साथ अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

### एआरटीओ वीरेंद्र सिंह का स्पष्ट और सख्त संदेश

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने कहा ओवरलोड वाहन सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण होते हैं और सड़कों की गुणवत्ता को भी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने आगे कहा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### निरंतर सक्रियता से बढ़ा विभाग पर भरोसा

लगातार हो रही कार्रवाइयों से आमजन में यह संदेश गया है

कि परिवहन विभाग नियमों को लेकर गंभीर है। लोगों का कहना है कि एआरटीओ वीरेंद्र सिंह की सक्रियता के चलते ओवरलोडिंग और लापरवाह वाहन संचालन पर प्रभावी अंकुश लग रहा है,

जिससे सड़क सुरक्षा को मजबूती मिल रही है।

# दरिंदगी और आत्मग्लानि के बीच फंसा एक गांव

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार रात हुई दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक ओर जहां मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी को लेकर गांव में आक्रोश व्याप्त है, वहीं दूसरी ओर आरोपी की आत्महत्या के बाद उसके शव के गांव पहुंचते ही शुक्रवार को माहौल गमगीन हो गया। गुस्से और पीड़ा के इस अजीब संगम ने हर आंख को नम कर दिया। बृहस्पतिवार की रात मानवता को शर्मसार करने वाली घटना उस समय सामने आई, जब ढाई वर्षीय मासूम बच्ची के साथ उसके ही चचेरे चाचा ने दुष्कर्म किया। बताया गया कि आरोपी बच्ची को घर की छत पर ले गया, जहां मासूम की चीखें दबाने के लिए उसने तेज आवाज में डेक बजाया। घटना के बाद रोती-बिलखती बच्ची जब परिजनों के पास पहुंची तो पूछताछ में पूरी सच्चाई सामने आ गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। देखते-देखते गांव के लोग भी मौके पर जुटने लगे। सामाजिक और पारिवारिक दबाव के बीच आरोपी गहरे मानसिक तनाव में आ गया। बताया जा रहा है कि घटना के लगभग एक घंटे बाद ही आरोपी ने अपने ही घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची दियोरिया थाना पुलिस ने आरोपी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुक्रवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, माहौल और अधिक गमगीन हो गया। शाम होते-होते परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले गए। अंतिम संस्कार के दौरान एक भावनात्मक दृश्य देखने को मिला। आरोपी के कृत्य को लेकर लोगों में भारी आक्रोश था, लेकिन अंतिम विदाई के समय मानवीय संवेदनाएं भी हावी हो गईं। पीड़ित और आरोपी–दोनों पक्षों के परिवार अंतिम संस्कार में शामिल हुए। परिजनों का कहना था कि गलती बहुत बड़ी थी, लेकिन दुनिया से जाने वाला भी अपना था। अंतिम विदाई में शामिल होना जरूरी समझा।

दरिंदगी का शिकार हुई ढाई वर्षीय बच्ची को बृहस्पतिवार देर रात जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों की टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची की हालत फिलहाल सामान्य है और कोई गंभीर चोट नहीं पाई गई है। परिवार के सदस्य उसकी देखभाल में लगे हुए हैं। अस्पताल में महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई है,

ताकि सुरक्षा और संवेदनशीलता बनी रहे। घटना की गंभीरता को देखते हुए आज शाम तक गांव में पुलिस बल तैनात रहा। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लगातार निगरानी करती रही। गांव में शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन सतर्क नजर आया।

दियोरिया पुलिस ने पीड़ित बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि आरोपी की मृत्यु हो चुकी है, ऐसे में विवेचना के दौरान मामले में नियमानुसार अग्रिम कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। साथ ही बच्ची के उपचार और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही हैं। यह घटना न केवल एक परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए गहरी चेतावनी बनकर सामने आई है।

# प्रशासनिक उपेक्षा से तंग ग्रामीणों ने खुद संभाली जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**कच्चे चकरोड की मरम्मत शुरू**

प्रशासनिक उदासीनता से परेशान होकर ग्रामीणों ने विकास कार्य की जिम्मेदारी स्वयं उठा ली। ब्लॉक क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह से ग्राम पंचायत सुंदरपुर तक जाने वाले कच्चे चकरोड की मरम्मत का कार्य ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और निजी खर्च से शुरू कर दिया है।

बताया गया कि यह कच्चा रास्ता किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी मार्ग से किसान अपने खेतों तक ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्र लेकर जाते हैं।

लंबे समय से रास्ते की हालत बेहद खराब थी। बरसात के दिनों में यह मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता था, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों और ग्राम प्रधान द्वारा कई बार संबंधित विभागों से सड़क निर्माण और मरम्मत की मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

इससे क्षुब्ध होकर शुक्रवार से ग्रामीणों ने स्वयं ट्रैक्टर-ट्रालियों और कृषि यंत्रों की मदद से मिट्टी डालकर गड्ढे भरने और चकरोड को समतल करने का कार्य शुरू कर दिया। ग्राम प्रधान पति प्रताप सिंह ने बताया कि चक मार्ग के निर्माण के लिए कई बार अधिकारियों से मांग की गई, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

मजबूरी में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से अपने निजी संसाधनों से कार्य शुरू किया है, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और किसानों को राहत मिल सके।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस चकरोड का स्थायी निर्माण कराया जाए, जिससे भविष्य में उन्हें इस तरह की समस्याओं से जूझना न पड़े।

# इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में भावभीना विदाई समारोह, छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

## कक्षा 10 व 12 की छात्राओं का सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भावुक हुआ माहौल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज, पीलीभीत में शनिवार को कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम गरिमामय, अनुशासित और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ, जहां शिक्षकों, अतिथियों और छात्राओं की आंखों में भविष्य की उम्मीदें और विदाई की भावनाएं साफ झलक रही थीं। समारोह के मुख्य अतिथि मासूम बख्श शमसी रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्राओं को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने छात्राओं से जीवन में कभी भी लक्ष्य से विचलित न होने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन (शमा-ए-रौशन) के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें गीत, नृत्य और भावनात्मक प्रस्तुतियों ने सभी को भावुक कर दिया। समारोह के दौरान मेधावी छात्राओं को विशेष उपाधियों से सम्मानित किया गया। कुमारी इल्मा खान को अकादमिक स्टार, कुमारी अफशां को राइजिंग स्टार तथा कुमारी दानिया को शाइनिंग स्टार की उपाधि प्रदान की गई। सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने अपने आशीर्वचन में कहा कि छात्राएं विद्यालय की पहचान होती हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य से ही संस्थान का गौरव जुड़ा होता है। उन्होंने छात्राओं से आत्मविश्वास के साथ जीवन की नई यात्रा शुरू करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इकबाल हसन खान ने भी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार ही जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सखावतुल्लाह खान, मुमताज अहमद सिद्दीकी, सैयद शारिक अली, सैयद तारिक अली, मोहम्मद तारिक खान, वसीमुद्दीन खान, नाज़रि हुसैन, अफसार अहमद, रजनी सक्सेना, मधु सक्सेना, कमाल शमसी, ए.के. खान, शबाना खान, नाज़िश, गुलफिशा सहित अनेक गणमान्य अतिथि, शिक्षकगण और अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया। समारोह आत्मीयता, सम्मान और भावनाओं के साथ संपन्न हुआ, जो लंबे समय तक सभी के स्मृतिपटल पर अंकित रहेगा।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करायें : अनुनय झा

- पुलिस के सहयोग से गरीबों की एवं सरकारी भूमि कब्जा मुक्त करायें–डीएम
- क्षेत्र में शांति व्यवस्था हेतु आराजक व आसामाजिक तत्वों, दबंग एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



तहसील शाहाबाद सभागार में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम अनुनय झा ने उपस्थित जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करायें और प्रत्येक दिन कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे के बीच रहकर विभागीय शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में निष्पक्ष तथा गुणवत्ता पूर्ण करायें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों एवं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए डीएम ने सभी कानूनगों एवं लेखपालों को निर्देश दिये सभी तरह की भूमि पर किये गये अवैध कब्जों को चिन्हित करें और अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस के सहयोग से गरीबों की एवं सरकारी भूमि कब्जा मुक्त करायें और कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। विद्युत विभाग की शिकायतों के संबंध में डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि खराब ट्रांस्फारमर एवं जर्जर विद्युत लाईने तत्काल ठीक करायें और नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार बिजली की आपूर्ति करायें तथा विद्युत उपभोक्ताओं की बिल आदि तरह की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करायें। पेंशन की शिकायतों के संबंध में डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन निराश्रित, वृद्ध एवं दिव्यांगजन की पेंशन किसी कारण बंद हो गयी उसकी जांच करायें और पात्र लोगों की पेंशन बहाल कराने के साथ नये पेंशन आवेदन पत्रों के संबंध में शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करें। राशन वितरण में अनियमिताओं की शिकायत पर डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षकों से संबंधित राशन दुकानों की जांच करायें और शिकायत सही पाये जाने पर संबंधित कोटेदार के विरूद्व कार्यवाही करें। अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के संबंध में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय हो और निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसपी अशोक कुमार मीणा ने उपस्थित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनायें रखने के लिए आराजक व आसामाजिक तत्वों, दबंग एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों नजर रखें और ग्रामीण क्षेत्रों की गतिविधियों की जानकारी गांव के चौकीदार एवं बीट सिपाहियों से प्रतिदिन लें तथा अवैध कब्जा वाली भूमि खाली कराने में समन्वय बनाकर राजस्व टीम सहयोग करें। इस अवसर पर सीएमओ डा0 भावनाथ पाण्डे,एसडीएम शाहाबाद, डीडीओ, पी डी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, बीडीओं, सीडीपीओ, सीओ, थानाध्यक्ष तथा फरियादी आदि उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस उपरान्त डीएम व एसपी ने पाली रोड पर बन रहे बारात घर व शाहाबाद में बन रहे रोडवेज बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया, तथा कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# उधरनपुर लूट कांड का खुलासा : नगदी, मोबाइल सहित लुटेरे गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



शाहजहांपुर से शाहाबाद आ रहे दो मजदूरों को लिफ्ट देकर कार में बैठाकर तमंचे के बल पर नकदी , मोबाइल और बैग लूटने की घटना का शाहाबाद पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को छीनी गयी नगदी, मोबाइल और घटना में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर लिया जिन्हें शनिवार को सुबह 10:00 बजे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। तीन फरवरी को सत्यपाल सिंह पुत्र रुपलाल निवासी ग्राम गंजियापुर थाना पाली द्वारा थाना शाहाबाद पर तहरीर दी गयी कि 2 फरवरी की रात्रि मे वह व उसका मित्र संजीव शाहजहांपुर से शाहाबाद आने के लिए हरदोई बाइपास शाहजहांपुर में खडे थे, तभी एक कार में सवार तीन व्यक्तियों ने उनको शाहाबाद तक छोडने के बहाने से कार में बैठा लिया। कुछ दूर चलने के उपरान्त कार सवार व्यक्तियों द्वारा तमंचा दिखाकर उन दोनों से 10,500 रुपए, दो मोबाइल छीन लिए और उधरनपुर ओवब्रिज के पास हरई रोड पर गाडी से उतार दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी।पुलिस ने फहीम पुत्र नसीम,मोहम्मद अनीस पुत्र सद्दीक और इबरार पुत्र मुन्ने निवासीगण मोहल्ला गयासपुर थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत को 03 मोबाइल फोन, 14, 200 रुपये नगदी व घटना में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार किया।पुलिस टीम को गिरफ्तार आरोपियों ने बताया वह लोग किराये पर गाड़ी लेकर गाड़ी में सवारी को बैठाते थे, जिसके उपरांत एकान्त स्थान पर ले जाकर तमंचा दिखाकर उनसे रुपये व मोबाइल फोन छीन लेते थे, तथा सवारी को रास्ते में छोड़कर भाग जाते हैं। उनके कब्जे से छीने गए 02 मोबाइल भी बरामद किए गये है। शेष मोबाइल फोन व नगदी के संबंध में जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शाहाबाद कोतवाली के प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक अनिल कुमार,हरदीप कुमार, सिपाही कंचन,अमरजीत यादव,मनोज गौड़,मंगेश प्रजापति शामिल रहे।

# विमलेश बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, बलराम दीक्षित महा मंत्री निर्वाचित

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



तहसील शाहाबाद में शनिवार को सम्पन्न हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में विमलेश लोधी अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। महामंत्री का ताज बलराम दीक्षित के सिर बंधा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरिन्द्र कुमार मिश्रा और कोषाध्यक्ष पद पर हसनैन वारसी निर्वाचित घोषित किये गए।तहसील शाहाबाद में संपन्न हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में शनिबार को सुबह दस बजे से मतदान शुरू हुआ। मतपत्रों की गिनती के बाद चुनावी परिणाम शाम को 4.30 बजे घोषित किया गया।जिसमे अध्यक्ष पद पर विमलेश सिंह लोधी को कुल पड़े मतों में 98 मत प्राप्त हुए।उन्हें ग्यारह वोट से विजयी घोषित किया गया। उनके प्रतिद्वंन्दी उमेश कुमार को 87 वोट पाकर संतोष करना पड़ा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गिरिन्द्र कुमार मिश्रा को 83 मत मिलने पर 12 वोट से विजयी घोषित किया गया। खुरशीद अली खाँ 71 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। संत कुमार सिंह को 31मत पाकर संतोष करना पड़ा।महामन्त्री पद पर बलराम दीक्षित को 96 मत मिलने पर 7 वोट से विजयी घोषित किया गया। उनके प्रतिद्वंदी अनिल कुमार शुक्ला को 89 वोटों से संतोष करना पड़ा।कोषाध्यक्ष पद पर हसनैन वारसी को 31 वोटों से विजयी घोषित किया गया।प्रमोद कुमार को 77 वोट पाकर दूसरा स्थान मिला।विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

# पूर्व विधायक बब्बू के आवास पर स्नातक वोटरों ने कांति सिंह को दिया सहयोग का आश्वासन

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



समाजवादी पार्टी की पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं स्नातक प्रत्याशी काँती सिंह ने शनिबार को खेड़ा बलाय कोट स्थित पूर्व विधायक आसिफ खाँ बब्बू के आवास पर पहुंचकर आने वाले स्नातक विधान परिषद चुनाव में वोटरों से समर्थन की अपील की। उसके बाद कैरियर पब्लिक स्कूल में भी वोटरों से मुलाकात कर समर्थन और सहयोग करने की अपील की। उनके साथ समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह जीतू उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक आसिफ खाँ बब्बू ने कहा जिन स्नातक युवाओं का वोट नहीं बन सका है वह सभी लोग अपना वोट बनवा ले। ताकि लखनऊ खंड स्नातक के चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर सकें। प्रत्याशी श्रीमती कांति सिंह ने कहा हर जिले में विकास, शिक्षा, रोजगार, युवाओं की भागीदारी और पारदर्शी व्यवस्था को प्राथमिकता दी।वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रतापगढ़ से डॉ. एस.पी. सिंह की ऐतिहासिक विजय के पीछे भी जागरूक स्नातकों की सक्रिय भूमिका थी। वर्ष 2026 में लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन का चुनाव में सातों जिलों के पुराने साथियों की मांग पर वह चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने बताया इस बार विजयी होने के बाद स्नातकों की समस्याओं के निदान हेतु सशक्त कार्य किये जायेंगे।शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था के लिए संघर्ष किया जायेगा।शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, वित्तविहीन शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सरकार की ओर से उचित मानदेय दिलवाया जायेगा।इस अवसर पर कैरियर स्कूल के प्रबंधक् डाक्टर सलीम सिद्दीकी, प्रधानाचार्य प्रियंका गुप्ता, परवीन खान, दीप्ती त्रिवेदी,रितेश कुशवाहा,शिवांशू गुप्ता, अजहर मसूद खाँ बबलू सहित स्नातक मतदाता और क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

## शराब पीकर ग्रामीण की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** अहेमी गांव में एक शराबी ने शराब के नशे में दरवाजे पर जाकर ग्रामीण को गाली गलौज किया। विरोध करने पर शराबी ने डंडे से हमला कर घायल कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम अहेमी निवासी अंशुल पुत्र धर्मेंद्र के अनुसार शुक्रवार को रात्रि 8:00 बजे गांव का हरिओम पुत्र उदय प्रताप शराब के नशे में आया और उसके दरवाजे पर आकर पिता धर्मेंद्र को गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर हरिओम ने डंडे से हमला कर दिया जिससे पिता को काफी चोटे आईं । घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

## महिला को बुरी नीयत से पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** शराब के नशे में घर में घुसकर महिला का बुरी नीयत से हाथ पकड़ने के आरोप में छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला के अनुसार गुरुवार को शाम 5:30 बजे वह घर पर अकेली थी उसी समय अंकित पुत्र अवधेश सिंह बरखेड़ा बदरुद्दीनपुर शराब के नशे में आया और बुरी नजर से उसका हाथ पकड़ लिया। वह हाथ छुड़ाकर पड़ोस में अपने दादा के यहां भाग गई। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# पुलिस मुठभेड़ में नगदी व बाइक तथा तमंचे सहित पशु तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई। सवायजपुर थाना क्षेत्र में भैंस चोरी की घटनाओं में वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया, जबकि कार्रवाई के दौरान एक पुलिसकर्मी भी जख्मी हो गया। घायल आरोपी और पुलिसकर्मी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार,पदमलापुर गांव निवासी मुकेश व सूरज ने थाने में तहरीर देकर भैंस चोरी होने की सूचना दी थी। घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसपी अशोक कुमार मीणा ने मामले के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए और टीम गठित कर संदिग्धों की तलाश शुरू करने के निर्देश दिए थे।अभियान के दौरान सवायजपुर पुलिस टीम को क्षेत्र में गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि भैंस चोरी की घटनाओं में वांछित आरोपी मोटरसाइकिल से शाहजहांपुर की ओर से सवायजपुर आ रहा है।इस पर थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी करते हुए संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह गंगा एक्सप्रेस-वे की ओर भागने लगा।पुलिस टीम ने जब आरोपी का पीछा किया तो आरोपी ने खुद को घिरा देख पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ गोली चलाई, जिसमें आरोपी अनीस पुत्र लतीफ निवासी खैरपुर थाना कटरा, जनपद शाहजहांपुर के बाएं पैर में गोली लग गई। इस दौरान आरक्षी संजय मौर्य भी घायल हो गए।

सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से ?4200 नगदी, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, एक तमंचा 12 बोर, एक जिंदा और दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी शातिर पशु चोर बताया जा रहा है, जिसके खिलाफ विभिन्न जनपदों में गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया का राष्ट्रव्यापी कैम्पेन चेंज द सोच – कन्याकुमारी टू कश्मीर ड्राइव

**झाँसी।** फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया का चेंज द सोच – कन्याकुमारी टू कश्मीर ड्राइव – अपनी तरह का पहला देशव्यापी कैम्पेन झाँसी शहर पहुंचा, जिसका मकसद खासकर महिलाओं के बीचफाइनेंशियल एम्पावरमेंट को बढ़ावा देना है। भारत में फ्रैंकलिन टेम्पलटन के 30 साल पूरे होने के मौके पर यह 30–दिवसीय यात्रा देश के दक्षिणी सिरे कन्याकुमारी से शुरू हुई, जिसमें 21 शहरों को कवर किया गया, और यह श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में खत्म होगी। इंटरैक्टिव फाइनेंशियल एजुकेशन सेशन, एक्सपर्ट की राय और कम्युनिटी जुड़ाव के जरिए, इस ड्राइव का मकसद म्यूचुअल फंड इन्वेस्टिंग को आसान बनाना और हजारों भारतीयों में अपने फाइनेंशियल भविष्य की जिम्मेदारी लेने का आत्मविश्वास जगाना है। फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया के प्रेसिडेंट अविनाश सतवालकर इस ड्राइव का नेतृत्व कर रहे हैं, और देश भर में इस यात्रा के ज़रिए फाइनेंशियल इन्क्लूजन को बढ़ावा देंगे। वह हर दूसरे दिन एक नए शहर या गांव में रुक रहे हैं और महिलाओं के अलग–अलग ग्रुप के लिए इन्वेस्टर एजुकेशन वर्कशॉप आयोजित कर रहे हैं।

# सर्विलांस सेल की बड़ी कामयाबी, तीन माह में 125 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सौंपे



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।जिले की सर्विलांस सेल ने गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। सर्विलांस टीम ने पिछले तीन माह के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई करते हुए कुल 125 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर सीओ हरियावां अजीत चौहान की मौजूदगी में पुलिस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। लंबे समय बाद अपने मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। मोबाइल मिलने से आवेदकों ने राहत की सांस ली।सीओ अजीत चौहान ने बताया कि सर्विलांस सेल को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गुमशुदा मोबाइल फोन से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे। टीम ने तकनीकी सहायता और सतत प्रयासों से मोबाइलों की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें बरामद किया। उन्होंने कहा कि आगे भी गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी के लिए अभियान जारी रहेगा।मोबाइल बरामद करने वाली सर्विलांस टीम में उपनिरीक्षक अब्दुल जब्बार (प्रभारी), हेड कांस्टेबल आकाश कुमार, कांस्टेबल राजकुमार वर्मा, ओमवीर सिंह, नितिन कुमार गुप्ता, यादवेन्द्र सिंह और उज्ज्वल शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने टीम के कार्य की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया।

## दिव्यांग के घर का रास्ता गोबर–कूड़े से बंद, प्रशासन पर चुप्पी के आरोप

**कालपी (जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम शाहजहांपुर से इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक लगभग 90 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति ने गांव के दबंगों पर उसके घर के मुख्य द्वार के सामने गोबर, कूड़ा और गंदगी का ढेर लगाकर रास्ता बंद करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस मामले में प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए उपजिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम शाहजहांपुर निवासी विपिन प्रताप सिंह पुत्र राकेश सिंह ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह गंभीर बीमारी से जूझ रहा है और लगभग 90 प्रतिशत दिव्यांग है। इसके बावजूद गांव के ही कुछ दबंग लोग उसकी मजबूरी का फायदा उठाकर लगातार उत्पीड़न कर रहे हैं। आरोप है कि हरेंद सिंह, हरीशचंद्र सिंह और उनके परिजन उसके घर के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने गोबर व कूड़ा डालकर रास्ता बंद कर देते हैं, जिससे परिवार का निकलना–आना तक दूभर हो गया है।पीड़ित का कहना है कि जब वह इसका विरोध करता है तो आरोपी खुलेआम गाली–गलौज, धमकी और लाठी–डंडों से मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं।

# महिलाएं सिर पर कलश लेकर भक्ति के रस में सराबोर होकर हुई शामिल

**जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)**

श्रीवीर हनुमान बालाजी मंदिर पेट्रोल पंप पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा व नवकुंडीय श्रीसीताराम यज्ञ का शनिवार को कलश व शोभायात्रा के शुभारंभ हो गया है। शोभायात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़ व श्रीराम के साथ हनुमानजी के गीतों से नगर भक्ति रस में डूबा नजर आया। उरई रोड स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में चतुर्थ नव कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के साथ श्रीराम लीला महोत्सव व श्रीमद्भागवत कथा का साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन कार्यक्रम स्थल से कलश व शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। जो देवनगर चैराहा, काली माता मंदिर, सरस्वती माता मंदिर, द्वारिकाधीश, बड़ी माता, छोटी माता, नाना महाराज मंदिर, गणेशजी मंदिर होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची। शोभायात्रा का जगह जगह लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। डीजे पर बज रहे भक्तिगीतों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। महिलाएं सिर पर कलश लेकर भक्ति के रस में सराबोर होकर आगे बढ़ रही थी। कलश यात्रा में मंदिर के पुजारी कमलेश व पत्नी पुष्पा अपने सिर पर श्रीमद्भागवत गीता महाग्रंथ को धारण किए रहे। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम दरबार समेत भगवान के विभिन्न रुपों की झांकी चल रही थी। कलश यात्रा में कथा व्यास आचार्य पंडित अंकित पचैरी, यज्ञाचार्य पंडित अमित तिवारी, कमलेश पुजारी, राजीव विश्नोई, सुनीता, अर्पणा, कल्पना, विनीता, संगीता, विवेचना, प्रवीना आदि भक्त शामिल रहे।

# ऑस्कर कैफे हुक्का कांड कार्रवाई के नाम पर सवालों का धुआं पुलिस की कहानी में कई छेद

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

सदर कोतवाली के जेल चैकी क्षेत्र में दो दिन पूर्व कोतवाली उरई पुलिस द्वारा जालौन रोड स्थित ऑस्कर नामक कैफे पर की गई कार्रवाई अब खुद पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस ने धुआं में जिस कार्रवाई को अंजाम दिया उसमें अनगिनत छेद ही नजर आ रहे हैं। फिर पकड़े गये युवक, युवतियों को छोड़ने में हुई कथित सौदेबाजी कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर ही सवालिया निशान खड़ा कर देती है। बताया जाता है कि पुलिस के एक खबरी द्वारा सूचना दी गई कि उक्त कैफे में अनावश्यक रूप से प्रतिबंधित हुक्का युवाओं को पिलाया जा रहा है जिसमें नशीले तंबाकू मिश्रित फ्लेवर का उपयोग कर नई पीढ़ी को नशे का आदी बनाया जा रहा है। सूचना को गंभीर मानते हुए कोतवाली उरई की टीम ने कैफे पर छापा मारा। पुलिस का दावा है कि छापेमारी के दौरान कैफे से कई हुक्के, हुक्का फ्लेवर और नशीले तंबाकू के डिब्बे बरामद किए गए जिन्हें अपने कब्जे में ले लिया गया। कार्रवाई के दौरान मौके से 13 लड़के और 3 लड़कियों को पकड़कर कोतवाली लाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार पकड़े गए 13 लड़कों को कोतवाली के मुंशीखाने में जहां सामान्यतः अन्य पुरुष कैदियों को बैठाया जाता है वहीं बैठाया गया जबकि तीनों लड़कियों को उसी मुंशीखाने में बने एक अलग कमरे में रखा गया। चैंकाने वाली बात यह है कि जब ऑस्कर कैफे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया तो उसमें पुलिस द्वारा यह दर्शाया गया कि छापेमारी के समय कैफे में केवल तीन ही लोग मौजूद थे जिसमें दो लड़के और एक लड़की जो कैफे का संचालन कर रहे थे जबकि बाकी लोग पुलिस को देखकर फरार हो गए थे। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि मौके पर केवल तीन ही लोग थे तो फिर कोतवाली पुलिस 13 लड़कों और 3 लड़कियों को किस कैफे से किस आधार पर और किस आरोप में पकड़कर लाई? इस पूरे मामले में एक और गंभीर पहलू यह है कि कोतवाली लाए गए 16 लोगों में से किसी का भी न तो मेडिकल परीक्षण कराया गया और न ही उन्हें दर्ज मुकदमे में आरोपी या गवाह के रूप में शामिल किया गया। इसके बावजूद उन्हें घंटों तक उसी स्थान पर बैठाया गया जहां पुरुष और महिला कैदियों को रखा जाता है। यह प्रक्रिया न केवल नियमों के खिलाफ प्रतीत होती है बल्कि मानवाधिकारों के उल्लंघन की ओर भी इशारा करती है। आरोप यह भी है कि रात 12 बजे के बाद इन 13 लड़कों और 3 लड़कियों को एक-एक कर छोड़ दिया गया और इसके बदले प्रति व्यक्ति हजारों रुपये लिए गए। सवाल यह है कि यदि उनका कोई अपराध ही नहीं था तो उन्हें पकड़ा क्यों गया? और यदि अपराध था तो मुकदमे में नाम क्यों नहीं जोड़ा गया? बताया जा रहा है कि कैफे के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में यह भी रिकॉर्ड हुआ है कि मौके पर पुलिस टीम की संख्या कितनी थी और कितने लोगों को वहां से कोतवाली लाया गया। पकड़े गए लोगों में कुछ नाबालिग भी शामिल बताए जा रहे हैं जो मामले को और अधिक गंभीर बना देता है। जल्दबाजी में मुकदमा दर्ज करने से पहले पुलिस को यह तो सोचना चाहिए था कि कागजों में लिखी कहानी और जमीन पर मौजूद सच्चाई के बीच इतना बड़ा फर्क क्यों है। ऑस्कर कैफे की इस कार्रवाई ने न केवल पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि निष्पक्ष जांच और जवाबदेही की मांग को भी तेज कर दिया है।

# जालौन प्रीमियर लीग सीजन–3 का धमाकेदार हुआ आगाज

**जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)**

जालौन प्रीमियर लीग सीजन तीन का भव्य आगाज शनिवर को हुआ। फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का पहला मैच पुखरायां और अजीतमल के बीच खेला गया। शनिवार को टूर्नामेंट के उद्घाटन पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इससे एक ओर जहां लोगों का मनोरंजन होता है तो वहीं, खिलाड़ी भी उत्साहित होतें हैं। युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है। टूर्नामेंट के शुभारंभ पर टॉस जीतकर पुखरायां ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी अजीतमल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए विकेट कीपर गुलफाम ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। अजीतमल की टीम 19 ओवर में मात्र 104 बनाकर ऑल आउट हो गई। पुखरायाँ की ओर से गेंदबाजी करते कप्तान आसिफ अली ने 4 ओवरों में 18 रन देकर सर्वाधिक 3 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुखरायाँ की टीम ने 15 ओवर में ही 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के ओपनर आसिफ अली ने सर्वाधिक 39 रन बनाये। अजीतमल की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज मनीष कश्यप ने 3 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिये। आसिफ अली के हरफनमौला प्रदर्शन के लिये उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, डॉ. हरेंद्र सिंह, दीपू त्रिपाठी, उमेश दीक्षित, बाजपेई, सरबर अली, पिंटू निरंजन, गुड्डन भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त मतदाता नोटिसों की सुनवाई स्थलों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



मंडलायुक्त गोरखपुर मंडल अनिल ढींगरा ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र पनियरा के अंतर्गत विकास खंड परतावल में मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई हेतु निर्धारित स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जारी नोटिसों की संख्या, सुनवाई की प्रगति एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली।
ईआरओ पनियरा ने मंडलायुक्त को अवगत कराया कि नो मैपिंग मतदाताओं को कुल 40,912 नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि तार्किक विसंगति के आधार पर लगभग 51,000 मतदाताओं को नोटिस भेजे गए हैं। साथ ही इस अवधि में लगभग 11,500 फॉर्म-06 भी प्राप्त हुए हैं। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी नोटिसों की सुनवाई निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाए तथा जो मतदाता नियत तिथि पर उपस्थित न हो सकें, उनकी सुनवाई अन्य तिथियों में भी सुनिश्चित की जाए।
मंडलायुक्त ने सुनवाई प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए ईआरओ पनियरा सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की सुनवाई पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण तरीके से की जाए। उन्होंने सुनवाई स्थल पर उपस्थित मतदाताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं व अनुभवों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और हेल्प डेस्क के माध्यम से समुचित सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
इसके उपरांत मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक राजनीतिक दलों एवं समस्त ईआरओ के साथ की। बैठक में सभी ईआरओ ने विधानसभावार अब तक की प्रगति की जानकारी दी। मंडलायुक्त ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने बीएलए के माध्यम से अधिक से अधिक मतदाताओं को सुनवाई स्थलों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र ही सुनवाई स्थलों का विकेंद्रीकरण किया जा रहा है, जिसके तहत बड़े मतदान केंद्रों सहित अन्य स्थलों पर भी नोटिसों की सुनवाई की जाएगी, ताकि मतदाताओं को दूर न जाना पड़े। साथ ही उन्होंने सभी तहसीलों को निवास प्रमाण पत्र प्राथमिकता के आधार पर जारी करने के निर्देश दिए।
मंडलायुक्त ने कहा कि ईआरओ यह सुनिश्चित करें कि मतदाता आसानी से फॉर्म-06 जमा कर सकें तथा फॉर्म-07 के तहत विलोपन की प्रक्रिया नियमानुसार व पारदर्शी तरीके से संपन्न हो। राजनीतिक दलों के अनुरोध पर उन्होंने बीएलओ की पर्याप्त उपलब्धता तथा इच्छुक सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत फॉर्म-06 उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए सतत संवाद व समन्वय की सराहना की।
मंडलायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा शुद्ध, त्रुटिरहित एवं समावेशी निर्वाचक नामावली तैयार करना है, जिसके लिए प्रत्येक स्तर पर गहन पर्यवेक्षण, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता आवश्यक है। उन्होंने ईआरओ को सभी प्रकरणों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण नामावली तैयार करने तथा राजनीतिक दलों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए।
इस अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नवनीत गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# घुइसरनाथ धाम में 31वें राष्ट्रीय एकता महोत्सव को लेकर प्रशासन की तैयारियां तेज



जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में शनिवार को जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में डीएम शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता एवं एसपी दीपक भूकर की उपस्थिति में बाबा घुइसरनाथ धाम में 14 से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाले 31वें राष्ट्रीय एकता महोत्सव के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद व उपनेता राज्यसभा प्रमोद तिवारी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान महोत्सव के शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, चिकित्सा सुविधा, फायर सेफ्टी, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं, सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम की स्थापना सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महोत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समन्वय एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं। वहीं एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, महिला सुरक्षा, यातायात सुचारू रखने तथा ड्रोन/सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी के निर्देश दिया। सांसद प्रमोद तिवारी द्वारा भी आयोजन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए तथा सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अन्य राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: डीएम और एसपी ने सुनीं शिकायतें, 15 का मौके पर निस्तारण

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की सदर तहसील में शनिवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 110 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 110 शिकायतों में से 49 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 25, विकास विभाग से 7, विद्युत विभाग 03 एवं 26 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को एसपी दीपक भूकर द्वारा सुना गया। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं की मौके पर जाकर जांच करते हुए उसका यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। डीएम ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान एसपी दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को विनम्रता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का उठायें लाभ, करें आनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले में शनिवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) 1 मार्च 2020 से संचालित है। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता दोनो का या किसी एक की या संरक्षक की मृत्यु किसी कारण से हो गयी है अधिकतम दो बच्चों को 2500 प्रतिमाह की दर से 23 वर्ष तक लाभान्वित किये जाने का प्राविधान है। आवेदन पंजीकरण कराये जाने हेतु आनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है। आनलाइन आवेदन पंजीकरण कराने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक ( बच्चे का खाता या बच्चे के साथ माता-पिता का संयुक्त खाता ), आय प्रमाण पत्र ( 3 लाख से अधिक न हो ), 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे का शिक्षा प्रमाण पत्र, बच्चो की फोटो व मोबाइल नम्बर आवश्यक है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, निस्तारण के निर्देश

## तहसील सदर में 39 शिकायतें आईं, 7 का मौके पर निस्तारण, शेष के लिए समयबद्ध कार्यवाही के आदेश

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



तहसील सदर में शुक्रवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनशिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान कुल 39 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 7 मामलों का जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जिलाधिकारी ने समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत परसा गिदही (घुघली) में जिला उद्यान अधिकारी, जंगल जरलहा उर्फ अनंतपुर में सहायक अभियंता लघु सिंचाई तथा ग्राम भैंसा में कानूनगो के नेतृत्व में मौके पर टीम भेजकर तत्काल कार्रवाई कराई। इसके साथ ही बलुआपार निवासी त्रिवेणी पुत्र धनराज के खतौनी शुद्धिकरण का कार्य भी मौके पर संपन्न कराया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित एसओपी के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। तहसील दिवस एवं आईजीआरएस से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में समय और गुणवत्ता दोनों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।
जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों का निस्तारण अपने प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में कराएं तथा अंतिम आख्या प्रेषित करने से पूर्व शिकायतकर्ता से संवाद अवश्य करें। साथ ही सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को पूर्वाह्न 10ः00 बजे से 12ः00 बजे तक प्रभावी जनसुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से महत्वपूर्ण कार्यों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर उनके क्रियान्वयन को भी कहा।
संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार, सीएमओ डॉ. नवनाथ प्रसाद, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता सुनील गुप्ता, उपनिदेशक कृषि संजीव कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, बीएसए ऋद्धि पांडेय सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सर्राफा व्यापारी से चांदी व नकदी लूटकर बदमाश फरार, तलाश में पुलिस

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के देल्हुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर गजेहड़ा जंगल के समीप शुक्रवार रात एक सर्राफा व्यापारी से चांदी व नकदी समेत लाखों रुपये की लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है।
मिली जानकारी के अनुसार अमेठी जिले के रामगंज बाजार के रहने वाले सर्राफा व्यापारी रितेश मौर्य प्रयागराज से तीन किलो चांदी खरीदकर कार से रामगंज बाजार आ रहे थे। रितेश के साथ उनका साथी विकास सोनी भी मौजूद था जिसने उसी दुकान से नौ लाख साठ हजार रुपये नकद लिया था और उसी बैग में रखकर कार की सीट पर रख दिया था। दोनों नकदी व सामान लेकर प्रयागराज से निकले और देल्हूपुर थाना इलाके के प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर वो जैसे ही गजेहड़ा जंगल के पास पहुंचे ही थे कि बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनकी कार के आगे बाइक रोक दी। सर्राफा कारोबारी रितेश के अनुसार तीनों में से एक व्यक्ति ने नम्बर प्लेट दिखाते हुए बोला कि ये आपका है क्या, जब रितेश ने शीशा नीचे किया तो इतने में दूसरे बदमाश ने हाँथ डालकर पीछे का गेट खोल लिया। इससे पहले कि व्यापारी कुछ समझ पाता तब तक पिछली सीट पर रखी चांदी व नकदी लेकर तीनों बाइक सवार बदमाश प्रयागराज की ओर भाग निकले और कार की चाभी भी अपने साथ ले गये। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र लाल, सीओ सिटी प्रशांत राज हुड्डा, सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी सहित देहात कोतवाली, मांधाता थाना पुलिस और एसओजी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी से घटना की विस्तृत जानकारी ली और बदमाशों की तलाश में आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। पुलिस पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से उनकी तलाश कर रही है। घटना के बाबत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल ने बताया कि कार सवार व्यापारी से हुई लूट के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही इस मामले का खुलासा हो जाएगा।

# ग्राम प्रधान व सचिव पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप

**देवरिया।** सदर विकास खंड के एक गांव के ग्रामीणों ने तहसील समाधान दिवस पर शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। डीएम को संबोधित शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने कहा कि गांव में छठ पर्व के अवसर पर छठ घाट की साफ सफाई, लाइट, जेनरेटर, टेंट आदि के नाम पर आजमगढ़ जिले की एक फर्म का फर्जी रसीद लगाकर 22200 रुपये का भुगतान करा लिया गया है। देवरिया से आजमगढ़ की दूरी लगभग 100 किमी है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आजमगढ़ जिले की फर्म ने इतना दूर आकर क्यों काम किया होगा। शिकायती पत्र पर एजाज अहमद, अशोक सिंह, उमेश मद्धेशिया, अशोक मल्ल, फौजदार मल्ल, दुर्गेश कुमार मल्ल सहित 20 से अधिक लोगों के हस्ताक्षर हैं।

# दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न, सत्यांशु व पूनम ने मारी बाजी

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के पट्टी तहसील अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय मंगरौरा में चल रही दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हुई।इसमें छात्र वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर के सत्यांशु सरोज तथा छात्रा वर्ग में बीए चतुर्थ सेमेस्टर की पूनम गौतम चैंपियन रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. बीएल शर्मा, निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. पंकज सिंह सांख्यिकी शोध अधिकारी उच्च शिक्षा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को मेहनत करने व संघर्ष करने का मंत्र दिया तथा आशीर्वाद देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि ने विद्यार्थियों को शिक्षा और खेल दोनों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा मोबाइल से दूर रहने के लिए कहा। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह यादव ने छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए किताबों से दोस्ती बढ़ाने के लिए कहा तथा क्रीड़ा प्रतियोगिता सकुशल संपन्न करवाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. विनोद यादव के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रधानाध्यापक डॉ. अजय कुमार के निर्णायक मंडल प्रभारी के रूप में क्रीडा प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन राहुल कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विवेक चित्रांशी, वीरेंद्र बहादुर यादव, बृजेश, संजय और सलमान सभी उपस्थित रहे।

# दूसरी शादी का खुलासा होते ही दूल्हा और बाराती बने बंधक

## नेपाल से आई बारात में मचा हड़कंप, खर्च की भरपाई की मांग

जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज

धोखे से दूसरी शादी करने पहुंचे एक नेपाली युवक को उस समय भारी पड़ गया, जब शादी के दौरान ही उसका राज खुल गया। जानकारी होने पर लड़की पक्ष के लोगों ने दूल्हा और बारातियों को बंधक बना लिया और शादी में हुए खर्च की भरपाई की मांग करने लगे। घटना से इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, पड़ोसी देश नेपाल के नवलपरासी जिले के सेमरी गांव निवासी पन्नालाल चौहान ने अपने पुत्र नीरज चौहान की शादी ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरा टोला कटरहियां निवासी रमेश चौहान की पुत्री से तय की थी। तय कार्यक्रम के अनुसार 4 फरवरी, बुधवार की रात नेपाल से सजी-धजी बारात पिपरा गांव पहुंची।
बताया जाता है कि शादी की रस्मों के दौरान लड़की पक्ष को जानकारी मिली कि दूल्हा पहले से शादीशुदा है और एक बच्चे का पिता भी है। इस बात से नाराज लड़की पक्ष के लोगों ने दूल्हा व बारातियों को जलपान और भोजन कराने के बाद बंधक बना लिया तथा विवाह में हुए खर्च की मांग करने लगे।
सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी नवनीत नागर ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा से ही बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक के कोटवा स्थित बीआरसी परिसर में शुक्रवार को उन्मुखीकरण कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें बेहतर शिक्षा को लेकर रणनीति तय करते हुए विचार-विमर्श किया गया।
सांसद विजय कुमार दूबे और विधायक विवेकानंद पांडेय ने ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यशाला का उदघाटन किया। सांसद ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा में ग्राम प्रधानों की भूमिका अहत होती है। इनके समन्वय से ही प्राथमिक शिक्षा का लाभ पहुंचाया जा रहा है। कहा कि योगी सरकार ने शिक्षा के नींव को लेकर स्कूलों का कायाकल्प, छात्रवृति, ड्रेस आदि की सुविधाएं देकर शिक्षा के स्तर को मजबूत बनाने का काम किया है। केंद्र सरकार ने भी शिक्षा को उच्च स्थान तक पहुंचाया है।
विवेकानंद पांडेय ने ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया। बेहतर शिक्षा से ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो सकता। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सरकार के निरंतर प्रयासों की सराहना किया।
बीईओ रजनीश द्विवेदी ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। संचालन शंभू कुशवाहा ने किया।

# नगर के कल्याण मंडपम में अब गूजेंगी शहनाइयां, पूर्व मंत्री व विधायक ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले के नगर पंचायत कोहंडौर के रामापुर वार्ड में तीन करोड़ पच्चीस लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार नवनिर्मित कल्याण मंडपम ( मैरिज हॉल ) का उद्घाटन शनिवार को पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह ÷मोती सिंह÷ ने फीता काटकर किया। उनके साथ सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, नगर पंचायत अध्यक्ष कोहड़ौर शीतला प्रसाद व सीएचसी अधीक्षक कोहड़ौर देवेंद्र सिंह मौजूद रहे। इस दौरान ईओ स्वतंत्र प्रताप सिंह, राहुल सोनी व व्यापार मंडल अध्यक्ष कोहड़ौर नितिन जायसवाल, सत्यप्रकाश पाठक समेत काफी संख्या में लोगों ने माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। उद्घाटन के दौरान पूर्व मंत्री ने कहा कि नगर पंचायत में विवाह घर बन जाने से यहां के लोगों को शादी विवाह के साथ ही अन्य सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए काफी सहूलियत होगी और यह बारात घर मध्यमवर्गीय लोगों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि सम्पन्न लोग तो होटल व मैरिज हाल से अपने मांगलिक कार्यक्रम कर लेते हैं, लेकिन मध्यमवर्गीय लोगों के लिए महंगाई के कारण संभव नहीं हो पाता। बारात घर बन जाने से नगर पंचायत ही नहीं बल्कि आसपास के गरीब तबके के लोग भी मांगलिक कार्यक्रम यहां से कर सकेंगे। सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि नगर पंचायत में बनकर तैयार हुआ ये विवाह घर अत्यंत भव्य एवं सुंदर है। इसके बन जाने से यहां के स्थानीय लोगों के साथ ही आसपास के लोगों के लिए भी विवाह व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन करने हेतु काफी सुविधा होगी। वहीं ईओ स्वतंत्र प्रताप सिंह ने बताया कि कल्याण मंडपम का शुल्क आमजनमानस की सुविधा व सहूलियत के हिसाब से होगा। निर्धारित शुल्क जमा कर नगर पंचायत क्षेत्र के निवासियों के साथ ही आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इस दौरान विशाल सिंह, राजू सिंह, सिद्धान्त तिवारी, गोलू सिंह, संजय बारी, मोनू पाठक, पवन जायसवाल, सन्दीप उपाध्याय, रत्नेश पाण्डेय, सन्तोष दूबे, संजय शुक्ल, सतीश उमरवैश्य, श्रीप्रकाश दुबऊ समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# सपूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़, 129 शिकायतें दर्ज

## डीएम ने मौके पर सुनी समस्याएं, लापरवाही पर अधिकारियों को लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



तहसील मछलीशहर के सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जनसमस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही 04 शिकायतों का निस्तारण कराया, जबकि शेष प्रकरणों को सम्बन्धित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए गुणवत्तापूर्ण व ससमय निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस के दौरान कुल 129 शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्राम घिसुआं की दुलारी देवी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति जीवित हैं, लेकिन गांव में एक ही नाम के दो व्यक्तियों के कारण उन्हें मृतक दर्शाकर वरासत दूसरे के नाम कर दी गई है। इस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को तत्काल जांच कर त्रुटि सुधारने के निर्देश दिए।

ग्राम गडवादोदक निवासी फातमा बेगम द्वारा नया राशन कार्ड बनवाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक को पात्रता की जांच कर राशन कार्ड निर्गत कराने का निर्देश दिया। वहीं चकघसीटा निवासी त्रिभुवन ने तालाब खाते की भूमि से अतिक्रमण न हटने की शिकायत की, जिस पर उपजिलाधिकारी को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

घिसुआं निवासी रेखा द्वारा वरासत दर्ज न किए जाने की शिकायत पर राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को तत्काल वरासत दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी ने तहसील परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी न्यायालय में लम्बित पुरानी पत्रावलियों का अवलोकन कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। दाखिल दफ्तर, संग्रह कार्यालय एवं रिकार्ड रूम में लंबित पत्रावलियों, ऑनलाइन आरसी, स्टाम्प रजिस्टर, म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, खसरा-खतौनी सहित अभिलेखों की गहन समीक्षा की गई।

इस दौरान अधिवक्ता संघ मछलीशहर के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में शौचालय निर्माण एवं साफ-सफाई की मांग रखी।

जिलाधिकारी ने ईओ को नियमित सफाई सुनिश्चित कराने, पिंक शौचालय को क्रियाशील कराने एवं नए शौचालय के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में वृद्ध फरियादी विद्यावती द्वारा पेंशन हेतु आवेदन किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को पात्रता जांच कर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही अन्य वृद्धजनों को कंबल भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी मछलीशहर सौरभ कुमार, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा, उप निदेशक कृषि, डीडीओ, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 ओ0पी0 श्रीवास्तव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवागत कप्तान के जिले में बेखौफ बदमाशों की सलामी नकाबपोशों ने बाबू को पीटकर लूटे 25 हजार, इलाके में दहशत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले में नवागत पुलिस कप्तान कुंवर अनुपम सिंह की तैनाती के बाद भी बदमाशों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। बदलापुर थाना क्षेत्र के कड़ेरेपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास शाम नकाबपोश बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी। जानकारी के अनुसार शारदा देवी महाविद्यालय के बड़े बाबू अंकित मौर्य शनिवार शाम करीब चार बजे बैंक में रुपये जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और सिर पर प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद बदमाश उनके पास से 25 हजार रुपये नकद लूटकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। घायल अंकित मौर्य को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# जौनपुर रिंग रोड की स्वीकृति पर सियासी संग्राम, श्रेय लेने को नेताओं की लगी कतार!

### नितिन गडकरी की योजना को अपना बताने की होड़, सत्ता-विपक्ष आमने-सामने, सोशल मीडिया पर जनता के तंज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर को जाम की विकराल समस्या से निजात दिलाने वाली रिंग रोड परियोजना भले ही विकास की बड़ी सौगात मानी जा रही हो, लेकिन इसकी स्वीकृति के साथ ही सियासी संग्राम भी तेज हो गया है। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी योजना का श्रेय लेने के लिए मंत्री, विधायक, सांसद और पूर्व सांसद आमने-सामने आ गए हैं। नतीजा यह कि सड़क निर्माण से पहले ही राजनीति की गड्ढेदार राह पर यह परियोजना दौड़ती नजर आ रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा स्वीकृत जौनपुर रिंग रोड को लेकर हर दल का नेता यह दावा कर रहा है कि उसी के प्रयासों से यह योजना मंजूर हुई। सोशल मीडिया से लेकर अखबारों तक बधाइयों और दावों की बाढ़ सी आ गई है। आम जनता असमंजस में है कि आखिर इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का असली श्रेय किसे जाए।

### कृपाशंकर सिंह का दावा, पत्र दिखाकर ठोकी ताल

भाजपा के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने सबसे मुखर होकर दावा किया है कि जौनपुर रिंग रोड की स्वीकृति उनके प्रयासों का परिणाम है। उनका कहना है कि उन्होंने 28 जून 2024 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर जौनपुर में रिंग रोड की आवश्यकता बताई थी। इसके बाद दो जुलाई 2024 को मंत्री गडकरी ने पत्र भेजकर इस परियोजना की जानकारी दी। लेकिन यह वही कृपा शंकर सिंह है जो कांग्रेस के महाराष्ट्र इकाई के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे और महाराष्ट्र सरकार में गृह राज्य मंत्री और कांग्रेस सरकार में काफी बड़ा नाम माना जाता था और जौनपुर के ही सरदार विधानसभा के पूर्व विधायक नदीम जावेद भी रहे कांग्रेस की सरकार थी नदीम जावेद ने जौनपुर के शहर के अंदर रेलवे लाइन के ऊपर ओवरर ब्रिज बनाने का वादा भी किया था नहीं बना उसी कांग्रेस सरकार के हिस्सा कृपा शंकर सिंह भी रहे आज भाजपा में है और भाजपा से सदर लोकसभा की प्रत्याशी भी रहे जिन्हें भारी भरकम ओट से सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा ने मात दी

### प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश चंद्र यादव का पुराना दावा

दूसरी ओर, जौनपुर सदर विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री गिरीश चंद्र यादव का दावा इससे भी पुराना बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर उनका वर्ष 2021 का पत्र और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर रिंग रोड़ और जौनपुर की अन्य सड़क परियोजनाओं की मांग करते दिख रहे हैं।

एक सार्वजनिक कार्यक्रम में उन्होंने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मांग भी रखी थी, जिस पर मंच से मंत्री गडकरी ने आश्वासन देते नजर आ रहे हैं। उस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह विधायक रमेश सिंह और विधायक रमेश चंद्र मिश्रा भी मौजूद थे।

### विपक्षी दल के नेता भी पीछे नहीं, सपा के दावे तेज

श्रेय की इस राजनीतिक दौड़ में विपक्ष भी पीछे नहीं है। समाजवादी पार्टी के सांसद बाबू सिंह कुशवाहा के समर्थक उनके प्रयासों का हवाला दे रहे हैं। वहीं आजमगढ़ रिंग रोड को लेकर सपा सांसद धर्मेंद्र यादव और पूर्व सांसद निरहुआ भी अपने-अपने संघर्ष की कहानी सुना रहे हैं। कुल मिलाकर हर कोई इस उपलब्धि को अपने खाते में जोड़ने की कोशिश में जुटा है।

### सोशल मीडिया पर जनता की चुटकी

नेताओं की इस होड़ पर सोशल मीडिया पर आम नागरिक जमकर तंज कस रहे हैं। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर लोग लिख रहे हैं–गंगा किसी ने खोदी और नहाने का दावा कोई और कर रहा है। कुछ यूजर्स ने तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मांग तक कर दी कि भविष्य में किसी भी परियोजना की स्वीकृति के साथ उन नेताओं के नाम भी सार्वजनिक किए जाएं, जिन्होंने वास्तव में उसके लिए मेहनत की।

जनता की

### प्राथमिकता- सड़क जाम से मुक्ति बने, राजनीति बाद में

हालांकि सियासी बयानबाजी अपनी जगह है,

लेकिन जौनपुर की जनता के लिए असली मुद्दा श्रेय नहीं, राहत है। वर्षों से जाम की समस्या झेल रहे शहरवासियों की नजर अब समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर टिकी है। रिंग रोड अगर तय समय में बन गई तो यह न सिर्फ यातायात का दबाव कम करेगी, बल्कि शहर के विकास को भी नई रफ्तार देगी। जनता साफ कह रही है नाम किसका हो, सड़क जरूर बने।

# क्षेत्र पंचायत बोर्ड बैठक में विकास को मिली रफ्तार

### मनरेगा मजदूरी 400 रुपये करने को शासन को पत्र भेजने का फैसला, 4.5 करोड़ के कार्यों का प्रस्ताव



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज। क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक शुक्रवार को सुईथाकला ब्लाक सभागार में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और विभिन्न ग्राम पंचायतों से कुल साढ़े चार करोड़ रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त हुए। बैठक में विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने पर सहमति बनी।

बैठक में शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत विकास की बुनियाद है और इसके सशक्त होने से ही क्षेत्र आगे बढ़ेगा। विधायक ने मनरेगा मजदूरी बढ़ाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्तमान मजदूरी 252 रुपये अत्यंत कम है। इसे बढ़ाकर 400 रुपये किए जाने के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे गरीब मजदूरों को राहत मिलेगी और ग्राम प्रधानों पर पड़ रहा आर्थिक दबाव भी कम होगा।

विधायक ने अधूरे विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों, नालियों, पुलियों और पेयजल से जुड़े कार्य लंबे समय से अधूरे हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि शाहगंज विधानसभा को पिछड़ेपन के दाग से मुक्त कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में डीसी मनरेगा एवं प्रभारी खंड विकास अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बोर्ड बैठक में साढ़े चार करोड़ रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि शेष प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर लिखित रूप में लेकर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा।

गौवंश संरक्षण पर भी बैठक में विशेष चर्चा हुई। विधायक रमेश सिंह ने प्रधानों से गौशालाओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में संचालित 103 गौशालाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। साथ ही 37 हजार पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

एडीओ पंचायत जयप्रकाश मौर्य ने बताया कि क्षेत्र में अब तक 1733 शौचालयों का पंजीकरण किया जा चुका है। वहीं सीडीपीओ की प्रतिनिधि शिवांगी गुप्ता ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

बैठक के दौरान एक निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसके तहत संबंधित के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख श्रीमती विद्या तिवारी ने की।

इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य गोरे लाल संतोष यादव प्रवीण सिंह अनिल दूबे विजय सिंह रविंद्रनाथ, प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रकाश दूबे जिलापंचायत सदस्य रबिंद्र बिंद श्रीमती सरोजा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रधान और अधिकारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों का आभार जितेंद्र प्रताप सिंह जिला मनरेगा अधिकारी एवं प्रभारी खंड विकास अधिकारी सुईथाकला

# कुष्ठ रोग मुक्त जौनपुर का संकल्प



जन एक्सप्रेस जौनपुर

### विकसित भारत अभियान के तहत डीएम ने दिलाई शपथ, भेदभाव पर जीरो टॉलरेंस

विकसित भारत अभियान के अंतर्गत जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के नेतृत्व में व्यापक जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने जनपदवासियों एवं जिला प्रशासन को कुष्ठ रोग उन्मूलन का संकल्प दिलाया।

जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित भारत अभियान के अवसर पर जनपद के लोग एवं जिला प्रशासन यह संकल्प लेते हैं कि जौनपुर को कुष्ठ रोग से पूर्णतः मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग की पहचान आसान है और यह पूरी तरह साध्य रोग है, आवश्यकता केवल समय पर पहचान और उपचार की है।

डीएम ने कहा कि जनपद में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करते हुए कुष्ठ रोगियों की शीघ्र पहचान की जाएगी, ताकि समय रहते उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा, न ही किसी अन्य व्यक्ति को उनके अथवा उनके परिवार के साथ भेदभाव करने की अनुमति दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को यह भी संकल्प दिलाया कि वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से जुड़े सामाजिक कलंक और भेदभाव को समाप्त करने तथा प्रभावित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक स्थान दिलाने के लिए पूर्ण योगदान देंगे।

कार्यक्रम के दौरान सभी को यह प्रतिज्ञा भी दिलाई गई

कि कलंक और भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता अपनाई जाएगी तथा भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित की जाएगी।

# एसआईआर में गड़बड़ियों पर सपा का हल्ला, राज्यपाल को भेजा 8 सूत्रीय ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। बस्ती

एसआईआर में कथित गड़बड़ियों, बिगड़ती कानून व्यवस्था और गन्ना किसानों समेत अन्य जनहित के मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी ने स्थानीय प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को 8 सूत्रीय ज्ञापन भेजकर दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शास्त्री चौक पर एकत्रित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और विरोध दर्ज कराया।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि एसआईआर के तहत बाहरी व फर्जी व्यक्तियों द्वारा फार्म-7 में मतदाताओं के नाम व इपिक नंबर प्रिंट कराकर बीएलओ पर जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। पार्टी ने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही जनपद में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था, थानों में लूट, चोरी, हत्या, महिलाओं व बच्चियों पर अत्याचार, मारपीट की घटनाएं, अवैध खनन जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया गया।

सपा ने यूरिया की बोरियों का वजन घटाए जाने, वाल्टरगंज चीनी मिल कर्मियों के बकाया भुगतान, विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों की छंटनी का भी विरोध किया। ज्ञापन में वन विहार में संत रविदास की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग भी शामिल रही। कप्तानगंज विधायक कविन्द्र चौधरी ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का समयबद्ध निस्तारण नहीं हुआ तो पार्टी को धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यायालय परिसर में महिला अधिवक्ता को आया अटैक, ठेले से ले गए हॉस्पिटल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर चार दिन पहले दीवानी मे एक अधिवक्ता की दीवानी न्यायालय परिसर में हार्ट अटैक से मौत का मामला थमा ही नहीं था, तब तक एक महिला अधिवक्ता सुधा तिवारी को दीवानी न्यायालय में कोर्ट में जाते समय अटैक आ गया, उन्हें तुरंत लेटाया गया। बार अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव जिला जज सुशील कुमार शशि के प्रयास से दीवानी न्यायालय के लिए एंबुलेंस एलाट हो गई है लेकिन शनिवार को एंबुलेंस करीब 3ः00 बजे तक खड़ी भी थी, उसके बाद चली गई और महिला अधिवक्ता को करीब 3ः45 बजे हार्टअटैक आया। अधिवक्ताओं के सहयोग से महिला को ठेले पर लेटाकर दीवानी न्यायालय के निकट एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

थोड़ी देर में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार हो गया। करीब 1 घंटे बाद एंबुलेंस दोबारा आई। यह घटना चर्चा का विषय बनी रही कि दीवानी न्यायालय में इतनी गाड़ियां खड़ी रहने के बावजूद महिला अधिवक्ता को ठेले से अस्पताल ले जाया गया और एंबुलेंस भी समय से पहले दीवानी न्यायालय से चली गई थी।

# भोडसर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, आजाद कुमार ने किया शुभारंभ



जन एक्सप्रेस। बस्ती

जिले के बहादुरपुर विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत भोडसर में शनिवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि फिटनेस कोच व समाजसेवी आजाद कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच कोडर और मदारपुर के बीच खेला गया कोडर 10 रन से विजय हासिल किया। इस मौके पर मुख्यातिथि आजाद कुमार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ना चाहिए और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि इससे छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। टूर्नामेंट में आसपास के गांवों की टीमों ने प्रतिभाग किया। मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण दर्शक मौजूद रहे। आयोजकों ने अतिथियों का स्वागत किया और सफल आयोजन के लिए सहयोगियों का आभार जताया। इस दौरान मुख्यरूप से एकलाख अहमद, जनार्दन यादव, धर्मपाल चौधरी, अनिल कुमार, मुरलीधर यादव आदि मौजूद रहे।

### शौच कर लौट रहे वृद्ध की सांड के हमले से मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में शौच के लिए गए वृद्ध को सांड ने पटक पटक कर मार डाला। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि उक्त गांव निवासी श्याम नारायण सिंह उम्र लगभग 80 वर्ष शनिवार सुबह लगभग 6ः30 बजे घर से शौच के लिए खेत में गए हुए थे। वापस लौटते समय सांड ने उन पर हमला कर कई बार जमीन पर पटक दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग व ग्रामीण दौड़े और आवारा सांड वहां से भाग निकला। हमले में घायल वृद्ध को वहां से उठाकर घर लाया गया जहां कुछ नहीं देर बाद उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।

# फाल्गुन पंचमी पर चार लाख ने किए मां के दर्शन

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर



**विंध्याचल।** फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी पर शुक्रवार को विंध्याचल मंदिर देवी भक्तों से पटा रहा। सुबह से लेकर देर शाम तक दर्शन पूजन चलता रहा। किसी ने गर्भगृह तो किसी ने झांकी दर्शन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। श्री विंध्य पंडा समाज मंत्री भानु पाठक के मुताबिक देर शाम तक चार लाख से अधिक देवी भक्तों ने मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया।

शुक्रवार की भोर में मंगला आरती के बाद से शुरु हुआ दर्शन पूजन का दौर मध्याह्न आरती तक जारी रहा। गंगा स्नान के बाद विंध्य दरबार में पहुंचे नर नारियों ने दर्शन पूजन कर मंगल कामना की। घंटा-घड़ियाल शंख और पहाड़ा वाली के जयकारे से पूरा वातावरण देवीमय हो रहा था। नारियल, चुनरी, माला-फूल के साथ प्रसाद चढ़ाकर देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह भक्त गंगा स्नान करने के बाद देवी धाम पहुंचे, जहां मां का गुड़हल और गुलाब पुष्पों, रजतमणि आभूषणों से किए गए श्रृंगार के साथ दर्शन पाकर भाव विभोर उठे।

देवी धाम पहुंचने के बाद किसी ने झांकी से तो किसी ने गर्भगृह में जाकर दर्शन पूजन किया।

इस दौरान गंगाघाट से लेकर मां विंध्यवासिनी मंदिर की छत पर बच्चों के मुंडन संस्कार व यज्ञोपवीत कार्य चलता रहा।

भक्तों ने महाकाली मंदिर एवं मां अष्टभुजी देवी मंदिर में त्रिकोण परिक्रमा की। भक्तों ने मंदिर में विराजमान महाकाली, मां दुर्गा, पंचमुखी महादेव, मां सरस्वती देवी, मां शीतला, महालक्ष्मी, दक्षिण मुखी हनुमान, राधाकृष्ण, अन्नपूर्णा देवी, बटुक भैरव सहित अन्य मंदिरों में शीश नवाया। भक्तों ने पहाड़ पर विराजमान मां काली और मां अष्टभुजा देवी दरबार में पूजन अर्चन कर मंगल कामना की। भीड़ को देखते हुए पुलिस के साथ श्री विंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, मंत्री भानू पाठक, मंदिर सुरक्षा व्यवस्था प्रभारी उदय प्रताप तथा कई अन्य थाना प्रभारी व पीएसी बल रहा।

### नये पुलिस कप्तान ने महिला सुरक्षा को लेकर चलाया व्यापक जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जनपद जौनपुर की महिला पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, बाजारों, चौराहों एवं गांवों में महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्राओं को जागरूक किया गया। महिला पुलिस टीम ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के संदेश के साथ महिलाओं को उत्तर प्रदेश पुलिस की सेवाओं तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं से अपील की गई कि वे सजग रहें, सुरक्षित रहें और आवश्यकता पड़ने पर हेल्पलाइन सेवाओं का तत्काल उपयोग करें। जागरूकता कार्यक्रम में महिला पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को चाइल्ड लाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं स्वास्थ्य सेवा 102 के उपयोग के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनी प्रावधान, साइबर अपराधों के खतरों एवं उनसे बचाव के उपायों पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभों की जानकारी दी गई। महिला पुलिस टीम ने बताया कि जनपद के प्रत्येक थाने पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां महिलाओं को त्वरित सहायता, परामर्श, शिकायत निस्तारण एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं एवं छात्राओं से निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने और किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की अपील की।

# भाजपा नेताओं के द्वारा फॉर्म 7 के दुरुपयोग का ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया तो होगा बड़ा आंदोलन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



ज़िला समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला कार्यालय सदर चुंगी अलफस्टीनगंज में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में 12 बजे दिन में संपन्न हुई। ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने सदन को एजेंडे से अवगत कराते हुए स्ढ्क्र के अंतर्गत भाजपा नेताओं द्वारा फॉर्म 7 के दुरुपयोग, बढ़ी हुई तिथि के बाद फॉर्म 6, 7 ,8 की समीक्षा तथा नोटिस आपत्ति निस्तारण पर चर्चा कराई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्ढ्क्र कार्य को शत प्रतिशत सफल बनाने हेतु एक माह के लिए स्ढ्क्र कार्य के दूसरे चरण में मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का बचा कार्य सम्पूर्ण किया जाए। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने आगे कहा कि जनपद के समस्त विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत फॉर्म 7 के बल्क संख्या में भाजपा नेताओं द्वारा दुरुपयोग कर केवल अल्पसंख्यकों के नाम काटने हेतु क्र्ढ्ढ पर दबाव डाले जा रहे हैं, जिसकी शिकायत लिखित रूप से ज़िला निर्वाचन अधिकारी, आब्जर्वर, और रोल आब्जर्वर कमिश्नर के माध्यम से घोर विरोध दर्ज कराया गया है।

मैं इस बैठक के माध्यम से ज़िला प्रशासन को आगाह कराना चाहता हूं कि मेरी शिकायत पर फॉर्म 7 का दुरुपयोग नहीं रोका गया तो समाजवादी पार्टी बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी ज़िला प्रशासन की होगी। बैठक में स्ढ्क्र कार्य को बड़ी ही मेहनत से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर ज़िला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने किया।

विधानसभा क्षेत्र सदर के चौकियां निवासी, विनय एडवोकेट को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। बैठक को मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजनरायन बिंद, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, वरिष्ठ नेता दीपचंद राम, पूर्व प्रमुख जयंती यादव, ज़िला उपाध्यक्ष गण श्यामबहादुर पाल महेंद्र प्रताप यादव नेपाल, सुरेश यादव, राजेंद्र यादव टाइगर, केशजीत यादव, वरिष्ठ नेता रूखसार अहमद, अनवारूल हक गुड्डू, लाल मोहम्मद राईनी, कमलेश यादव, रमेश साहनी, मालती निषाद, रामजतन यादव, वीरेंद्र यादव, निज़ामुद्दीन अंसारी, नंदलाल यादव, अशोक यादव नायक, गुड्डू सोनकर, आनंद गुप्ता, हरिश्चंद प्रभाकर, लक्ष्मी शंकर यादव आदि ने संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से ज़िला उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, संतोष मौर्य मुन्ना, दिनेश यादव फौजी, राहुल त्रिपाठी, पूनम यादव, सुशीला यादव, सोनी यादव, प्रवीण यादव वीरू, दीपक विश्वकर्मा, गुलाब यादव रीठी, रवि यादव, अशोक यादव नेता, आजाद यादव, अनुज दुबे, धीरज बिंद, गोविंद यादव, राम अभिलाष यादव, लालता, संजय गौतम, सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे। संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# गंगाघाट के अवैध मांस विक्रेता गंगा में कर रहे है अपशिष्ट का निस्तारण

## क्षेत्रीय सभासद ने पूर्व में भी शिकायत कर किया था खुलासा लेकिन नही मान रहे अवैध मांस विक्रेता

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

शुक्लागंज गंगाघाट उन्नाव नगर पालिका परिषद गंगाघाट के क्षेत्र के शक्ति नगर मोहल्ले के अंतर्गत वार्ड संख्या-5 में अवैध मांस विक्रेताओं द्वारा माँ गंगा में अपशिष्ट डाला जा रहा है जिसकी शिकायत पूर्व में सभासद मीनाकुमारी द्वारा मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत संख्या 40015625019859 के माध्यम से राष्ट्रीय नदी गंगा में अपशिष्ट अवैध मांस विक्रेताओ द्वारा गंगा नदी में डालने की शिकायत की गई थी किन्तु आज भी अवैध मांस विक्रेताओं द्वारा किये जा रहे कुकृत्य पर कोई अंकुश नही लगाया गया 4 नवंबर 2008 को भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गंगा नदी,भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था तब से यह भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों का हिस्सा रही है। 2008 में, भारतीय प्रधानमंत्री ने गंगा एक्शन प्लान के (लक्ष्यों) को पूरा करने के लिए गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया था जिसमे अवैध मांस बिक्रेताओं द्वारा विक्रय योग्य मांस काटने के बाद बचा हुआ कचरा (अपशिष्ट) का निस्तारण किया जा रहा अपशिष्ट गंगा में फेके जाने से आसपास के क्षेत्रीय निवासियों की आस्था को चोट पहुंच रही है और की लोगो की धार्मिक भावनाए भी आहत हो रही है जिसका जवाब देते हुए नगर पालिका परिषद गंगाघाट ने पत्रांक संख्या 5039 न0 पा0प0 जन-सु/2024-25 दिनांक 22 अप्रैल 2025 को एक पत्र आवेदक को लिखा कि गंगाघाट वार्ड संख्या 5 मोहल्ला शक्ति नगर में मटन एंव मुर्गा के 15-20 दुकानदारों द्वारा अपशिष्ट गंगा किनारे फेके जाने की प्राप्त शिकायत पर तत्काल क्षेत्रीय सफाई नायक के माध्यम से साफ सफाई करा दी गई है तथा सम्बंधित

दुकानदारों को पुनरावृत्ति न किये जाने हेतु सचेत किया गया है तादोपरांत शिकायतकर्ता से संतुष्टिपरक फीडबैक स्थल निरिक्षण मेमो नियमानुसार प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया था पत्रावली कार्यालय पर रक्षित है किन्तु आज भी द्वारा अपशिष्ट गंगा में फेंके जाने कि सूचना प्राप्त हुई और प्राप्त सूचना में मौके पर मांस के टुकड़े गंगा के किनारे पाए गए और में फोटो में पक्षी के ढेरो पंख दिखाई दे रहे है पूर्व में भारत स्वच्छता मिशन प्रभारी गंगाघाट अनूप शुक्ला से बात किये जाने पर उनके द्वारा बताया गया प्रकरण उपरोक्त के सन्दर्भ में मौखिक चेतावनी दी गई जबकि किन 15-20 अवैध मांस बिक्रेताओं को सचेत किया गया है इसकी कोई सूची उनके पास उपलब्ध नहीं है ना ही कोई कार्यवाही की गई है जबकि हमारी सरकारों द्वारा गंगा एक्शन प्लान के तहत यह पहली नदी कार्ययोजना थी जो 1985 में पर्यावरण और वन पर्यावरण और सामाजिक महत्व गंगा नदी भारत की एक महत्वपूर्ण नदी है और करोड़ों लोगों के लिए जल स्रोत है इसे दूषित करना पर्यावरण और सामाजिक रूप से हानिकारक और अपराध है। इसका उद्देश्य जल अवरोधन, डायवर्जन और घरेलू सीवेज के उपचार द्वारा पानी की गुणवत्ता में सुधार करना तथा विषाक्त एवं औद्योगिक रासायनिक कचरे (पहचानी गई प्रदूषणकारी इकाइयों से) को नदी में प्रवेश करने से रोकना था राष्ट्रीय नदी गंगा बेसिन प्राधिकरण के रूप में इसका गठन भारत सरकार ने वर्ष 2009 में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा-3 के तहत किया था। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है इसने गंगा को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किया वर्ष 2010 में सरकार द्वारा सफाई अभियान को यह सुनिश्चित करने के लिये प्रारंभ किया गया था कि वर्ष 2020 तक कोई भी



अनुपचारित नगरपालिका सीवेज या औद्योगिक अपशिष्ट नदी में प्रवेश न करे। वर्ष 2014 में, नमामि गंगे कार्यक्रम को राष्ट्रीय नदी गंगा के संरक्षण और कायाकल्प तथा प्रदूषण के प्रभावी उन्मूलन के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करने के लिये एक एकीकृत संरक्षण मिशन के रूप में प्रारंभ किया गया था राष्ट्रीय गंगा परिषदरू राष्ट्रीय गंगा परिषद की स्थापना वर्ष 2016 में हुई थी इसने राष्ट्रीय नदी गंगा बेसिन प्राधिकरण को प्रतिस्थापित किया है।

इसे गंगा नदी के कायाकल्प, संरक्षण, और प्रबंधन हेतु राष्ट्रीय कार्यान्वयन परिषद के रूप में भी जाना जाता है। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है गंगा नदी को दूषित करने पर 7 साल तक की जेल और 100 करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है विस्तार से कानूनी प्रावधान गंगा नदी को दूषित करने या उसमें कचरा डालने पर जल प्रदूषण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है सजा यह अपराध दो से सात साल तक की जेल और जुर्माने की सजा के साथ दण्डनीय अपराध है अब देखना ये है की नगर पालिका परिषद गंगाघाट और जिला प्रशासन इन अपंजीकृत अवैध मांस की बिक्री करने वाले दुकानदारों पर क्या कार्यवाही करती है या आहत धार्मिक भावनाओं से किसी साम्प्रदायिक घटना का इंतजार करेंगे!

# देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ शहर से लेकर गांव तक युवाओं के लिए एमएसएमई को विकसित किया जा रहा है

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। विकास खंड परिसर में बने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुँवर महेश सिंह सभागार के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन शनिवार को क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत ने किया। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ शहर से लेकर गांव तक युवाओं के लिए एमएसएमई को विकसित किया जा रहा है, ताकि युवा न केवल खुद कमाएं बल्कि दूसरों को रोजगार भी दें। महिलाओं की सुरक्षा के साथ उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाओं का प्रावधान किया गया है। कहा कि यह पहली सरकार है जो गरीबों, महिलाओं और युवाओं के हित में सोच रही है। उन्होंने कहा सरकार ने बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने बताया कि यह पहली सरकार है जो महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रही है तथा उन्हें परिवार व समाज में सम्मान दिला रही है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, सरकार का मानना है कि युवा आगे बढ़ेंगे तो देश भी आगे बढ़ेगा।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना तभी पूरी हो सकती है जब हर हाथ को काम मिले।

इस बजट को इसी दृष्टिकोण से तैयार किया गया है, ताकि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्रों की सूची में स्थान बना सके।

इस अवसर पर राजेंद्र त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, सुशील श्रीवास्तव, दीपू सिंह, रीशू तिवारी, राजेश सिंह, लाला सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महिला सशक्तिकरण की ओर एक बड़ा कदम- कानपुर में विज्ञान फाउंडेशन की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

### योजनाओं का गहन प्रशिक्षण और रणनीतिक चर्चा

### दो दिनों तक चली इस कार्यशाला में विभिन्न सत्रों के माध्यम से निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया

- सुरक्षा और सहायता- महिला हेल्पलाइन नंबरों और आयोग की कार्यप्रणाली की जानकारी।
- आर्थिक स्वावलंबन- निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना और अन्य स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन की प्रक्रिया।
- जागरूकता अभियान- कम्युनिटी लेवल पर मीटिंग करने और लोगों को प्रेरित करने की रणनीतियां।

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



महिला एवं बाल विकास की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ विज्ञान फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन कानपुर में हुआ। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला आयोग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में संस्था के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना था, ताकि वे ग्रामीण और शहरी मलिन बस्तियों में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सकें।

### निदेशक श्री पुनीत मिश्रा जी ने साझा किए सफलता के मंत्र

कार्यशाला के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला आयोग के निदेशक श्री पुनीत मिश्रा जी ने दीप प्रज्वलित कर सत्र का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर विशेष बल दिया कि सरकारी योजनाएं कागजों से निकलकर धरातल पर तभी पहुँचती हैं जब संस्थाएं एक सेतु (क्ष्ह्वस्र्द्द) के रूप में कार्य करती हैं। श्री मिश्रा जी ने टीम को प्रेरित करते हुए कहा, जागरूकता केवल जानकारी देना नहीं है, बल्कि व्यक्ति को उस योजना का लाभ लेने के लिए मानसिक रूप से तैयार करना है। विज्ञान फाउंडेशन की टीम को ग्राउंड जीरो पर जाकर महिलाओं की समस्याओं को सुनना होगा और उन्हें विभाग की सुरक्षात्मक और आर्थिक योजनाओं से जोड़ना होगा।

### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

कार्यशाला के सफल संचालन में विज्ञान फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष श्री रामायण जी ने संस्था की भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की। मुख्य प्रशिक्षक श्री सोनू जी ने तकनीकी पहलुओं और योजनाओं की बारीकियों को टीम के सामने रखा। जिला समन्वयक अंकिता जी ने कानपुर जनपद में टीम द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। ?कार्यक्रम के अंत में विज्ञान फाउंडेशन की पूरी टीम ने यह शपथ ली कि वे जिले के हर ब्लॉक और वार्ड में जाकर महिला आयोग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे ताकि कोई भी पात्र महिला लाभ से वंचित न रहे।

# समाधान दिवस में जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक खीरी ने सुनीं शिकायतें

### 42 में से केवल 4 का मौके पर हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



मितौली तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग और मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। साथ ही, जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ भी प्रदान किए गए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने गरीब और जरूरतमंदों की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया। डीएम ने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण किया जाए। भूमि विवादों के मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस समाधान दिवस में कुल 42 शिकायती प्रार्थना पत्र दर्ज किए गए। इनमें से केवल 4 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 17, पुलिस विभाग की 6, विकास विभाग की 6, आपूर्ति विभाग की 5, विद्युत विभाग की 4, जल निगम की 3 और शिक्षा विभाग की 1 शिकायत शामिल थी। शेष सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष गुप्ता, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे, एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित कई जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

### शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले; शिनाख्त में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



शनिवार को सुबह खमरिया में एक सड़क हादसे में एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। यह घटना चौधरी बेचेलाल डिग्री कॉलेज के सामने हुई, जहां एक अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। दुर्घटना सुबह लगभग 4ः00 बजे हुई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद करीब 28 वर्षीय युवक को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे अनुमान है कि टक्कर तेज रफ्तार वाहन से हुई होगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।समाचार लिखे जाने तक मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि यदि शीघ्र शिनाख्त नहीं होती है, तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना खमरिया पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त मृतक के संबंध में कोई भी जानकारी हो, तो तत्काल थाना खमरिया को सूचित करें। इससे मृतक की पहचान कर उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सकेगी।

# बिठूर के 40 फिट हनुमान मंदिर में विशाल हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शनिवार को बिठूर के श्री संकट मोचन हनुमत धाम 40 फीट हनुमान जी मंदिर में विशाल हिन्दू सम्मेलन और भारत माता की आरती का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्र प्रचारक प्रमुख मान राजेंद्र ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब वह समय आ चुका है कि हिंदुओं को एकजुट हो जाना चाहिए।

यदि आज हम लोग एकजुट नहीं होंगे तो फिर कटेंगे। इसी कड़ी में नगर प्रचारक भोला जी, कामाख्या देवी मंदिर महंत भारत भूषण जी महाराज और नगर कारवां जयकुमार अमित जी, राम जी, दीपक जोशी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख मुन्ना लाल शर्मा, नीरज शर्मा, अंकित जी महराज, रविन्द्र ,गणेश शंकर मिश्र, ओर प्रबंधक दीपक अवस्थी जी, रवि जी, सोनू महाराज, मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। कस्बा में अचानक बिना सूचना के अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू हुआ जिसमें जमकर नोंक झोक हुई मजिस्ट्रेट ने पालिका प्रशासन, के साथ सुरक्षा को लेकर एस आई अंशुल कुमार ने पुलिस बल के साथ अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया है। जिसमें प्रशासन ने नेशनल हाईवे और अति संवेदनशील मार्ग सरकारी अस्पताल रोड पर कार्रवाई की गई है। शनिवार को मजिस्ट्रेट बालक राम और अधिशासी अधिकारी ने संयुक्त रूप से हाईवे पर बरवर चौराहा से बरवर जाने वाले नेशनल मार्ग पर सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई की गई जिससे लोगों में अफरा तफरी फैल गई अचानक कार्रवाई से दुकानदारों का सामान नष्ट हो गया उन्हें हटाने का मौका नहीं मिल सका दूसरी ओर चौराहे से सरकारी अस्पताल जाने वाले संवेदनशील मार्ग पर अतिक्रमण के चलते आपातकाल में अस्पताल पहुंचने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता था जिसमें कई घायलों को एंबुलेंस से ले जाते समय रास्ते में अतिक्रमण के चलते इलाज न मिल पाने से मौत हो चुकी है। प्रशासन ने कार्रवाई कर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराकर दोबारा करने पर जुर्माना लगाने की बात कही है।

## हजारों रुद्राक्ष से बनी शिवलिंग का होगा भव्य रुद्राभिषेक

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला पंजाबी कालोनी स्थित आचार्य रामदेव शास्त्री ने अपने आवास पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ एक प्रेस वार्ता की जिसमें बताया गया कि हम लोग विगत बारह वर्षों से अतुल अग्रवाल के सहयोग से रुद्राभिषेक किया जा रहा हैं। इस बार शिवरात्रि के पावन अवसर पर 251 जोड़े रुद्राभिषेक करेंगे। इस बार हजारों रुद्राक्षों की माला से एक शिवलिंग बनाई जाएगी, पूरी रात पूजा करने के बाद अगले दिन शाम 6 बजे नगर पालिका अध्यक्ष के सहयोग के साथ शिवलिंग के रुद्राक्षों का नि:शुल्क वितरण छोटी काशी नगर की जनता को किया जाएगा।इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम में पूरी तरह से पालीथीन बैन रहेगी। नीलकंठ मैदान में मां कात्यानी सेवा समिति रुद्राभिषेक का आयोजन करती है। जल की आपूर्ति के लिए नए स्टील के टैंकर आ गए हैं जिसके द्वारा जल की आपूर्ति की जाएगी। सभी लोग रुद्राभिषेक का हिस्सा बने पूजन करें धार्मिक नगरी में गोला छोटी काशी को शिवमय बनाएं।

## महा शिवरात्री के देखते हुए गोला कोतवाली मे पीस कमेटी की बैठक

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। आगामी पंद्रह फरवरी को महा शिवरात्री के उपलक्ष्य मे गोला मे गोला उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी की अध्यक्षता मे हुई पीस कमेटी की बैठक मे सुरक्षा व्यवस्था व लाईट, पानी, प्रकाश ब्यबस्था व बैरिकेटिग के जरिये आम जन मानस को सुरक्षित भगवन भोले नाथ के दर्शन कराने के लिये लोगो से आग्रह किया गया और सभी जगहों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था व सीसीटीवी की निगरानी कराने आदि को लेकर मेला कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि को इंगित किया गया।इस दौरान गोला चेयरमैन मे शाम को शिव बारात के समय शांत ब्यबस्था बनाये रखने के लिये मेला कमेटी का सहयोग बनाये रखने का निवेदन किया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी,तहसीलदार भीम चन्द, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अंबर सिंह के साथ तमाम गोला नगर के गणमान्य नागरिक व वार्ड मेम्बर उपस्थित रहे।

## 2 घंटे में दुरुस्त हुए मौत के तार

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मोहल्ला हाथीपुर उत्तरी मे चमन चौराहे के पास झूलते बिजली के तारों की समस्या, को बिजली विभाग द्वारा मात्र 2 घंटे के भीतर समाधान कर दिया गया है। स्थानीय सभासद राकेश कुमार जी और बिजली विभाग के अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर खतरनाक तरीके से लटक रहे तारों को कसकर सुरक्षित ऊंचाई पर पहुँचाया। इस त्वरित कार्रवाई से स्कूली वैन चालकों और मोहल्ले के बच्चों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि इसी प्रकार हर समस्या का त्वरित समाधान हो, तो शहर की सूरत बदलते देर नहीं लगेगी।

# पीड़िता की तहरीर पर शारीरिक शोषण, मारपीट का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




कल्याणपुर क्षेत्र में शादी का झांसा देकर वर्षों तक शारीरिक शोषण करने, पहले से शादीशुदा होने की बात छिपाने और विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति, उसके भाई और सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से उन्नाव जिले के सफीपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला वर्तमान में अंबेडकरपुरम आवास विकास, कल्याणपुर में रह रही हैं। महिला के अनुसार वर्ष 2009 में वह कक्षा 10 की पढ़ाई कर रही थीं। इसी दौरान परिवार के साथ एक धार्मिक यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात सफीपुर निवासी आशीष कुमार चौरसिया से हुई थी। इसके बाद से दोनों के बीच बातचीत शुरू होगई थी। कुछ दिन के बाद आशीष ने खुद को अविवाहित बताते हुए प्रेम जाल में फंसाया और शादी का वादा किया। वह उसकी बातों में आ गई जिस बाद से आशीष ने शादी का झांसा देकर कई वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाए। जब उसने शादी करने का दावा बनाया तो आशीष ने 29 नवंबर 2017 को आर्य समाज ने शादी करी और 1 दिसंबर 2017 को विवाह का पंजीकरण भी कराया गया।लेकिन सुबह कभी अपने घर लेकर नहीं गया और अलग-अलग जगहों पर रखता रहा। इस दौरान कुछ दोनों के बाद जब घर ले चलने का दबाव बनाया तो उसने उन्नाव के सफीपुर में अपनी दुकान के पीछे बने कमरे में बंधक बनाकर रखा और मना करने के बावजूद जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आशीष के पिता कमलेश, भाई और उसके मित्रों का आना-जाना भी रहता था।अप्रैल 2025 से दोनों कल्याणपुर स्थित अंबेडकरपुरम में किराए के कमरे में रह रहे थे इसी दौरान मैने उसके मोबाइल में दूसरी महिला के साथ फोटो और वीडियो मिलने पर शक हुआ। रिश्तेदारों और परिचितों से जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसने यह बात छिपाकर उसके साथ धोखा किया है। 7 अक्टूबर 2025 को जब मैं उससे पूछा तो वह विवाद करने लगा और मारपीट की और धोखे से नशीली गोली खिलाकर कमरे से चला गया। जब मैं फोन पर संपर्क किया तो उसने बिना बात किए फोन काट दिया और मेरा नंबर नंबर ब्लॉक कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वही पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएंगे।

# प्लॉट दिलाने के नाम पर बुजुर्ग से 8.11 लाख की हुई धोखाधड़ी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में प्लॉट दिलाने के नाम पर एक बुजुर्ग से 8.11 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बुजुर्ग की शिकायत पर पुलिस आयुक्त के निर्देश के बाद कल्याणपुर थाने में एक महिला कांस्टेबल सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कल्याणपुर के विनायकपुर निवासी ओम प्रकाश (64) ने पुलिस को बताया कि उनकी मुलाकात प्लाट लेने के संबंध में बलवीर सिंह से हुई थी। बलवीर सिंह ने उन्हें आराजी संख्या 872 में स्थित प्लॉट नंबर 89 (क्षेत्रफल 167.22 वर्ग मीटर) विक्रेता सुधीर प्रकाश से 35 लाख रुपये में दिलाने का सौदा कराया था। सौदे के तहत उन्होंने बतौर बयाना आरटीजीएस के माध्यम से 11 हजार रुपये दिए। एक अगस्त 2024 को उनके दामाद हिमांशु और सुधीर प्रकाश के बीच नोटरी इकरारनामा भी कराया गया। बाद में सुधीर प्रकाश ने पत्नी की बीमारी का हवाला देकर रुपये मांगे। इस पर मैने ने गोल्ड लोन लेकर दामाद के खाते से आठ लाख रुपये सुधीर प्रकाश को दे दिए। इस तरह कुल 8.11 लाख रुपये प्लांट के एवरेज में दिए। पीड़ित का आरोप है कि बलवीर सिंह ने बिना जानकारी दिए 25 मार्च 2025 को उसी प्लॉट का बैनामा महिला कांस्टेबल शिखा सेंगर पत्नी देवेंद्र सिंह के नाम करा दिया। जानकारी होने पर जब पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो सुधीर प्रकाश ने कहा कि पैसा शिखा सेंगर देंगी और इसकी लिखापढ़ी बैनामे में कर दी गई है। जब मैने शिखा सेंगर से फोन व घर जाकर कई बार संपर्क किया, लेकिन उन्होंने टालमटोल किया और बाद में रुपये देने से इनकार कर दिया। इसके बाद तीन अगस्त 2025 को पीड़ित ने कल्याणपुर थाने में प्रार्थना पत्र दिया। थाने में दोनों पक्षों के बीच 100 रुपये के स्टांप पर सुलहनामा हुआ, जिसमें शिखा सेंगर ने 8.11 लाख रुपये का चेक (28 दिसंबर 2025, बैंक ऑफ बड़ौदा, आदर्श नगर उन्नाव शाखा) दिया। सुलहनामे में 31 दिसंबर 2025 तक भुगतान की शर्त रखी गई थी। बाद में शिखा सेंगर और उनके पति देवेंद्र सिंह ने रुपये देने से इनकार कर दिया और मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। वही कल्याणपुर पुलिस ने पुलिस आयुक्त के निर्देश पर महिला कांस्टेबल शिखा सेंगर उनके पति देवेंद्र सिंह सुधीर प्रकाश और बलवीर सिंह पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# पनकी में पत्नी से विवाद पति ने पत्नी को जबरन डाई पिलाई, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पनकी में पत्नी से विवाद के बाद सनकी पति ने बच्चों को अलग कमरे में बंद कर पहले पत्नी को जमकर पीटा। उसके बाद जबरन उसे डाई पिला दी। और मौके से भाग निकला। किसी तरह बाहर आये बच्चों ने पड़ोसियों सहित घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को निजी हॉस्पिटल में उपचार के लिये भर्ती कराया। पनकी थाना क्षेत्र के गंगागंज निवासी धनीराम प्राइवेट कर्मी है, परिवार में पत्नी रितु बेटी नैना बेटा नयन व ऋषभ है। बेटी नयना ने बताया की पापा अक्सर शराब के नशे में आकर मम्मी से झगड़ा है करते है और मारते पीटते है। ज़ब वह लोग बचाने के लिये जाते है तो उन्हें भी मारते पीटते है। शनिवार को दोपहर में पापा शराब के नशे में घर आये तो मम्मी ने इसका विरोध किया तो वह उन्हें मारने लगे। जिसके बाद भाई बहन सब मिलकर मम्मी को बचाने लगे तो उन्हें भी पीटा और एक कमरे में बंद कर दिया। जिसके बाद पापा दुकान से डाई का पैकेट खरीद लाये और मम्मी को पानी में घोलकर जबरन पिला दिया।ज़ब मम्मी की हालत बिगड़ी तो वह भाग निकले। जिसके बाद किसी तरह वह कमरे से बाहर आये और पड़ोसियों को घटना की जानकारी देते हुए 112 नंबर डायल कर सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पनकी थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा और महिला को तत्काल पास के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

# टैरिफ घटा, कृषि और डेयरी क्षेत्र में समझौता नहीं : पीयूष गोयल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा जारी कर दी गई है। इसे दोनों देशों के बीच व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार इस फ्रेमवर्क से भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ा अमेरिकी बाजार खुलेगा, जबकि संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों की पूरी सुरक्षा रखी गई है। समझौते के तहत टैरिफ में बड़ी कटौती और बाजार पहुंच बढ़ाने पर सहमति बनी है।

### किन सेक्टरों में टैरिफ घटेगा और कहां शून्य होगा?

- अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत ड्यूटी आज से हटाएगा।
- भारतीय उत्पादों पर पारस्परिक टैरिफ दर घटाकर 18 प्रतिशत की जाएगी।
- टेक्सटाइल, परिधान, लेदर, फुटवियर, प्लास्टिक, रबर, ऑर्गेनिक केमिकल, होम डेकोर, आर्टिजन उत्पाद और कुछ मशीनरी को बड़ा लाभ मिलेगा।
- जेनेरिक दवाओं, रत्न-हीरा और एयरक्राफ्ट पार्ट्स पर टैरिफ शून्य करने की बात कही गई है।
- ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ रेट कोटा मिलेगा।
- एयरक्राफ्ट पार्ट्स पर छूट दी जाएगी।

### भारत क्या खरीदेगा अमेरिका से?

संयुक्त बयान में कहा गया कि भारत अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदेगा। इसमें ऊर्जा उत्पाद, विमान और उनके पुर्जे, कीमती धातु, टेक्नोलॉजी उत्पाद और कोकिंग कोल शामिल हैं। दोनों देश डेटा सेंटर में उपयोग होने वाले ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट और अन्य टेक उत्पादों के व्यापार को भी बढ़ाएंगे। डिजिटल व्यापार में बाधाएं घटाने और स्पष्ट नियम बनाने पर भी सहमति बनी है। संयुक्त बयान में इस अंतरिम समझौते को दोनों देशों की साझेदारी का ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया गया है। इसमें अतिरिक्त बाजार पहुंच, मजबूत सप्लाई चेन और संतुलित व्यापार नियमों की दिशा तय की गई है। लक्ष्य है कि अंतरिम समझौते के बाद व्यापक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जाए। सरकार का मानना है कि इससे निर्यात, निवेश, तकनीक और रक्षा सहयोग में नई तेजी आएगी।

### कृषि और डेयरी सेक्टर को कैसे मिली सुरक्षा?

पीयूष गोयल ने साफ कहा कि समझौते में भारत ने अपने संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह सुरक्षित रखा है। मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पोल्ट्री, दूध, चीज, एथेनॉल, तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस उत्पादों को संरक्षण दिया गया है। सरकार का कहना है कि इससे किसानों और ग्रामीण आजीविका पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा।

### क्या है अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा?

संयुक्त बयान के अनुसार भारत और अमेरिका अंतरिम समझौते के लिए तय ढांचे को तुरंत लागू करेंगे और इसे अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह फ्रेमवर्क दोनों देशों की व्यापक द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के प्रति प्रतिबद्धता दोहराता है। यह पहल अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई व्यापार वार्ताओं का अगला चरण है। समझौते का लक्ष्य संतुलित और पारस्परिक लाभ वाला व्यापार तंत्र बनाना है।

### किसे होगा सबसे ज्यादा फायदा?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर का बाजार खोलेगा। खास लाभ एमएसएमई, किसानों और मछुआरों को होगा। उन्होंने कहा कि निर्यात बढ़ने से लाखों नई नौकरियां पैदा होंगी, जिनमें महिलाओं और युवाओं को बड़ा अवसर मिलेगा। सरकार का कहना है कि यह समझौता मेक इन इंडिया अभियान और निर्यात प्रतिस्पर्धा को मजबूत करेगा।

### भारत ने बदले में क्या प्रतिबद्धताएं दीं?

अमेरिकी कार्यकारी आदेश के अनुसार भारत ने सीधे रूप से रूसी तेल का आयात रोकने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके बाद भारतीय सामान पर लगाई गई अतिरिक्त 25 प्रतिशत ड्यूटी हटाने का फैसला लिया गया। आदेश में कहा गया कि अगर भारत फिर रूसी तेल आयात शुरू करता है तो अमेरिका दोबारा अतिरिक्त ड्यूटी लगाने पर विचार कर सकता है। साथ ही दोनों देशों ने अगले 10 वर्षों के लिए रक्षा सहयोग बढ़ाने के फ्रेमवर्क पर भी सहमति जताई है।

# 'भारत के किसानों, उद्यमियों के लिए नए अवसर खुलेंगे' व्यापार समझौता रूपरेखा पर पीएम मोदी का पोस्ट

- भारत के लिए 85 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, भारत में 15 फीसद बनता है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत-अमेरिका व्यापार समझौता की रूपरेखा जारी हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर खुशी जताते हुए सोशल मीडिया पोस्ट किया। इस पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि इस समझौते से भारत और अमेरिका दोनों को फायदा होगा और इससे भारत के किसानों, उद्यमियों और स्टार्टअप्स को काफी फायदा मिलेगा।

### गहराई, विश्वास और गतिशीलता: पीएम मोदी

सोशल मीडिया पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, 'हम दो महान देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप को दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देता हूं। यह रूपरेखा हमारी साझेदारी की गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दर्शाती है।'

### समझौता 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करता है: पीएम

पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में आगे कहा, 'यह भारत के मेहनती किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई, स्टार्टअप इनोवेटर्स, मछुआरों और अन्य लोगों के लिए नए अवसर खोलकर 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करता है। यह महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करेगा। भारत और अमेरिका नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह रूपरेखा हमारे बीच निवेश और प्रौद्योगिकी साझेदारी को और गहरा करेगा। यह फ्रेमवर्क लचीली और भरोसेमंद सप्लाई चेन को भी मजबूत करेगा और वैश्विक विकास में योगदान देगा।'

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के अहम बिंदु

- अमेरिका ने भारतीय सामान पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% किया गया, जिससे भारत के निर्यातकों को बड़ा बाजार मिलेगा।
- अमेरिका का लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर का बाजार अब स्स्स्क्ष्ह्य, किसानों और मछुआरों के लिए खुला।
- निर्यात बढ़ने से लाखों नए रोजगार, खासकर महिलाओं और युवाओं के लिए पैदा होंगे।
- जेनेरिक दवाएं, हीरे-जवाहरात और विमान के पुर्जों पर टैरिफ 0% होगा।
- टेक्सटाइल, रेडीमेड कपड़े, चमड़ा, जूते, प्लास्टिक, रबर, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी में अवसर बढ़ेंगे।
- गेहूं, चावल, मक्का, दूध, पनीर, पोल्ट्री और अन्य संवेदनशील उत्पादों पर कोई समझौता नहीं।
- अमेरिका के कृषि और औद्योगिक सामान पर टैरिफ घटाए जाएंगे, जैसे मेवे, फल, सोयाबीन तेल, शराब और पशु आहार।
- डेटा सेंटर में इस्तेमाल होने वाले जीपीयू, अन्य तकनीकी सामान और डिजिटल व्यापार में सहयोग बढ़ेगा।
- दोनों देश मिलकर सप्लाई चेन मजबूत करेंगे और तीसरे देशों की नीतियों से सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।
- अगले 5 साल में भारत 500 अरब डॉलर का ऊर्जा, विमान, धातु, तकनीक और कोल का सामान अमेरिका से खरीदेगा।
- ढांचे को तुरंत लागू किया जाएगा और भविष्य में पूरा द्विपक्षीय व्यापार समझौता फाइनल करने की दिशा में काम होगा।

**व्यापार समझौते पर दी गोयल ने जानकारी**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर व्यापार समझौते पर अहम जानकारी दी, जिसके बाद दोनों देशों ने संयुक्त बयान जारी कर समझौते पर मुहर लगाई। बता दें कि व्यापार समझौते की रूपरेखा के तहत अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर टैरिफ 50% घटाकर 18% किया है। इससे भारतीय कंपनियों को अमेरिका में सामान बेचना सस्ता और आसान हो जाएगा। जिससे निर्यात और रोजगार बढ़ेंगे।

# अजित पवार की हवाई दुर्घटना पर 'संदेह': 10 फरवरी को पूरी जानकारी साझा करेंगे रोहित पवार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

दिगंवत एनसीपी नेता अजित पवार के भतीजे और एनसीपी-एसपी नेता रोहित पवार 10 फरवरी को बारामती विमान हादसे पर विस्तृत प्रस्तुति (प्रेजेंटेशन) देंगे। जिसकी जानकारी खुद रोहित पवार ने बारामती में जिला परिषद चुनाव में अपना वोट डालने के बाद मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना में दिवंगत नेता अजित पवार की मौत के आसपास की परिस्थितियों को लेकर सभी को संदेह है। बारामती में मीडिया से बात से बात करते हुए विधायक रोहित पवार ने कहा कि अजित पवार ने एनसीपी के गुटों के एकजुट होने की



इच्छा जताई थी और विलय के प्रयास जारी रहेंगे। मालूम हो कि 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती में क्रैश लैंडिंग में पूर्व मुख्यमंत्री अजित पवार का निधन हो गया। उनके साथ चार अन्य लोगों की भी दुर्घटना में जान चली गई थी। जिसे बाद दिवंगत एनसीपी प्रमुख के भतीजे रोहित पवार ने कहा हर किसी के मन में (दुर्घटना को लेकर) सवाल और शंकाएं हैं। मैं 10 फरवरी को मुंबई में एक प्रस्तुति दूंगा। दुर्घटना क्यों हुई और कैसे हुई होगी, इन मुद्दों को 10 फरवरी को उठाया जाएगा। बता दें कि जिला परिषद चुनाव के लिए एनसीपी (एसपी) और एनसीपी ने गठबंधन किया है। दोनों ही दल एनसीपी के 'घड़ी' चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं। एनसीपी के प्रमुख अजित पवार थे जबकि उनके चाचा शरद पवार एनसीपी (एसपी) के प्रमुख हैं।

### परिवार में कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई है: रोहित

वोट डालने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा, 'दादा (अजित पवार) चुनाव प्रचार में सक्रिय रूप से हिस्सा लेते थे और अपनी पार्टी और कार्यकर्ताओं के लिए खड़े होते थे। दुर्भाग्य से, दादा अब हमारे बीच नहीं हैं। दादा हमेशा चाहते थे कि उनके कार्यकर्ता सत्ता में चुने जाएं। मैंने अपना वोट डाल दिया है। मुझे उम्मीद है कि दादा की अपनी पार्टी और कार्यकर्ताओं के लिए, और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए जो इच्छाएं थीं, वे पूरी होंगी। पिछले 10 दिनों और आने वाले 3 दिनों में हमारे परिवार में कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई है और ना ही होगी।'

# अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी का भंडाफोड़: समंदर में चला रहे थे अवैध कारोबार, भारतीय कोस्ट गार्ड ने 3 जहाज पकड़े

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय कोस्ट गार्ड ने शुक्रवार को एक बड़े अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है। यह कार्रवाई समंदर और हवाई निगरानी में चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन के दौरान की गई। इस ऑपरेशन के दौरान कोस्ट गार्ड ने तीन जहाजों को जब्त किया है। ये जहाज मुंबई के पास समंदर में अवैध तरीके से तेल की तस्करी कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि यह गिरोह युद्धग्रस्त देशों से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल खरीदता था। अंतरराष्ट्रीय समंदर सीमा में इस तेल को बीच समंदर में ही दूसरे मोटर टैंकरों में ट्रांसफर करके मोटा मुनाफा कमा रहे थे। इस पूरे नेटवर्क को अलग-अलग देशों में बैठे हैंडलर चला रहे थे, जो तेल की बिक्री और ट्रांसफर का काम संभालते थे। कोस्ट गार्ड के जहाजों ने गुरुवार को मुंबई से करीब 100 नॉटिकल मील पश्चिम में तीन जहाजों को रोका। बोर्डिंग टीम ने जहाजों की तलाशी ली और इलेक्ट्रॉनिक डेटा चेक किया।

# पाकिस्तान को झटका: अमेरिका ने ट्रेड डील के बाद कश्मीर पर भी दिया साफ संदेश, पूरा पीओके भारत के नक्शे में दिखाया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। लेकिन पाकिस्तान इस आसान से तथ्य पर चाहे जितनी बहस करे या कितना ही प्रोपेगेंडा चलाए, लेकिन सच्चाई पूरी दुनिया को पता है। अब इस कड़ी में अमेरिका ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। व्यापार समझौते के बाद कहीं ना कहीं अमेरिका ने पाकिस्तान को कश्मीर के मुद्दे पर भी साफ संदेश दे दिया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने भारत का एक नक्शा जारी किया है, जिसमें जम्मू और कश्मीर को स्पष्ट रूप से भारत का हिस्सा दिखाया गया है।

### ट्रेड डील के बाद अमेरिका ने जारी किया नक्शा

दरअसल, ट्रेड डील पर रूपरेखा तय होने के बाद अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने भारत का नक्शा जारी किया, जिसमें भारतीय क्षेत्र को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया गया है। इस नक्शे में उत्तरी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर को भारत के हिस्से के रूप में दिखाया गया है, जिसमें पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया हिस्सा यानी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भी शामिल है।

### पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को बड़ा झटका

इस पोस्ट के जरिए बताया गया कि अमेरिकी उत्पादों की अब नए बाजार तक पहुंच बनेगी। भारत का नक्शा अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक ग्राफिक का हिस्सा था। जिसमें अमेरिका से आयात किए जाने वाले खाद्य पदार्थों में अमेरिकी मेवे, लाल ज्वार, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सूखे अनाज (सूखे आसवन अनाज) और अमेरिकी शराब और स्पिरिट शामिल हैं। अब यह पोस्ट पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। जो कि बार-बार कश्मीर राग अलापने पर करार जवाब है। क्योंकि आमतौर पर इसमें साफ तौर पर बॉर्डर दिखाया जाता है। ऐसे में इस नक्शे के लिए वॉशिंगटन का रुख स्पष्ट है, जिसमें कोई बनावटी बात नहीं बल्कि ठोस तथ्य हैं। अमेरिका ने संकेत दिया है कि अमेरिकी नेतृत्व भारत के राजनीतिक मानचित्र से सहमत है, जो कि वास्तविकता का समर्थन करता है और निराधार क्षेत्रीय दावों के समर्थन में नहीं है।

# हिमाचल सरकार के 45 मामले वाली याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार सुप्रीम कोर्ट, जारी किया नोटिस



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश सरकार की उस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दे दी है, जिसमें राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी है। यह आदेश विधायकों और सांसदों से जुड़े 45 आपराधिक मामलों को वापस लेने से रोकने से जुड़ा है। इन मामलों में वे केस भी शामिल हैं, जो कोरोना काल के दौरान रैलियां करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ पिछली भाजपा सरकार के समय दर्ज किए गए थे। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर दिया है और अगली सुनवाई की तारीख 16 मार्च तय की है। बता दें कि हिमाचल हाईकोर्ट ने 26 अप्रैल 2024 को फैसला सुनाते हुए कहा था कि राज्य सरकार 65 मामलों में से केवल 15 मामलों को ही वापस ले सकती है। बाकी मामलों को वापस लेने की अनुमति नहीं दी गई थी। हाई कोर्ट ने यह भी बताया कि जिन 65 मामलों को वापस लेने की सिफारिश की गई थी, उनमें से 5 मामलों का निपटारा पहले ही हो चुका है, जिनमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से जुड़ा एक मामला भी शामिल है।

### राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में क्या कहा?

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील वी गिरि ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सभी मामलों को जनहित में वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह फैसला पब्लिक प्रॉसिक्यूटर, जिला वकीलों, जिलाधीश और पुलिस अधिकारियों से सलाह लेकर किया गया है।

### कौन-कौन से मामले वापस लेने से रोका गया?

हाई कोर्ट ने आईपीसी की धाराओं 269 (बीमारी फैलने का खतरा), 353 (सरकारी कर्मचारी पर हमला), 504 (जानबूझकर अपमान), 506 (धमकी), और राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम व आपदा प्रबंधन कानून से जुड़े मामलों को वापस लेने से मना किया था।

### कानूनी वजह क्या बताई गई?


हाई कोर्ट ने कहा कि भले ही सीआरपीसी की धारा 321 के तहत पहले अनुमति जरूरी नहीं थी, लेकिन 2020 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद अब विधायकों और सांसदों से जुड़े मामलों में कोर्ट की अनुमति जरूरी है।सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि केस वापस लेने का फैसला राजनीतिक वजहों से नहीं, बल्कि सच्चे जनहित में और ईमानदारी से होना चाहिए।

# 'सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति कर रहा देश, तैयार किया जा रहा पारिस्थितिकी तंत्र'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी प्रगति कर रहा है। देश में पूरा सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकीतंत्र (इकोसिस्टम) तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आज क्वालकॉम (अमेरिकी बहुराष्ट्रीय सेमीकंडक्टर और दूरसंचार उपकरण कंपनी) में दो नैनोमीटर वेफर और दो नैनोमीटर चिप पेश की गई है। इससे पहले एएमडी भी ऐसा कर चुकी है। वैष्णव ने कहा, अब कंपनियां भारत में पूरा एंड-टू-एंड उत्पाद खुद डिजाइन कर रही हैं। पहले ज्यादातर काम सहायक का होता था। अब पूरी प्रक्रिया भारत में हो रही है, इसमें ग्राहक की जरूरत तय करने से लेकर चिप की अंतिम जांच शामिल है। यह हमारे देश और उद्योग के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने क्वालकॉम की पूरी टीम को बधाई दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जल्द ही सेमीकॉन मिशन 2.0 शुरू किया जाएगा।

# सड़कों पर उतरे टैक्सी-ऑटो ड्राइवर बोले, अवैध बाइक-महंगे पैनिक बटन से आमदनी खतरे में



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

देशभर के ऐप-आधारित टैक्सी और ऑटो ड्राइवरों आज यानी शनिवार को एक दिन के हड़ताल पर हैं। हड़ताल पर बैठे ड्राइवरों का कहना है कि अवैध बाइक टैक्सी सेवाओं, मनमानी किराया नीतियों और महंगे पैनिक बटन इंस्टॉलेशन ने उनकी कमाई और सुरक्षा पर असर डाला है। बता दें कि महाराष्ट्र कमगार सभा नाम के यूनियन ने यह हड़ताल बुलाई थी। यूनियन के अनुसार, उनका उद्देश्य कई समस्याओं पर ध्यान दिलाना है, जैसे कि अवैध बाइक टैक्सी सेवाओं पर कार्रवाई, पैनिक बटन इंस्टॉलेशन की समस्याएं और इसके चलते कमाई पर होने वाला असर। महाराष्ट्र कमगार सभा के प्रमुख डॉ. केशव क्षीरसागर ने इस हड़ताल को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि हड़ताल सुबह से महाराष्ट्र और देश के कई हिस्सों में शुरू हो गई। अधिकांश ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों ने हड़ताल का समर्थन किया।

### क्या है ड्राइवरों की मुख्य मांगें, यहां समझिए

- ड्राइवरों का कहना है कि ऐप कंपनियों की कीमत नीतियां मनमानी हैं।
- अवैध बाइक टैक्सी पर कार्रवाई: इन अवैध सेवाओं से लाइसेंसधारी टैक्सी और ऑटो ड्राइवरों की कमाई प्रभावित हो रही है।
- पैनिक बटन इंस्टॉलेशन की परेशानी
- ड्राइवरों के लिए पैनिक बटन लगाना अब महंगा और मुश्किल हो गया है।
- केंद्र सरकार ने 140 कंपनियों को अनुमोदित किया है, लेकिन राज्य सरकार ने इनमें से 70% को अनधिकृत बता दिया।
- इससे ड्राइवरों को पुराने डिवाइस हटाकर नए इंस्टॉल करने पर लगभग 12,000 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।
- खुले परमिट नीति के कारण ऑटो की संख्या बढ़ने से ड्राइवरों की कमाई पर असर पड़ा है।
- अगर कोई दुर्घटना अवैध बाइक टैक्सी से होती है, तो पीड़ित को बीमा का लाभ नहीं मिलता।
- ड्राइवरों का कहना है कि उनकी मांगों को जल्द सुनवाई मिलनी चाहिए, वरना भविष्य में ऐसी हड़तालें और बढ़ सकती हैं।

### ऐप पर सेवाओं का कैसा है हाल?

हालांकि यूनियन ने दावा किया कि ड्राइवरों ने अपने वाहन सड़क पर नहीं निकाले, लेकिन प्रमुख ऐप कंपनियों जैसे उबर, ओला और रैपिडो पर सुबह से ही टैक्सियां और ऑटो बुकिंग के लिए उपलब्ध थीं।

# 3 हथियार तस्कर गिरफ्तार, पिस्टल और कारतूस बरामद

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**



अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के अभियान ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत स्वाट टीम, क्राइम ब्रांच एवं थाना वेव सिटी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से बत्तीस बोर के तीन अवैध पिस्टल , तीन जिंदा कारतूस मय मैगजीन तथा एक काले रंग की एसयूवी कार बरामद की गई है। थाना वेव सिटी क्षेत्र में की गई। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त अवैध हथियारों की तस्करी कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने ये हथियार मरियम नगर निवासी प्रिंस एवं संजय नगर निवासी गोलू से खरीदे थे तथा पहले भी ऐसे हथियार अन्य स्थानों पर बेच चुके हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान ऋषिक त्यागी 24 वर्ष, पवन कुमार (26 वर्ष) तथा आदित्य राय 24 वर्ष के रूप में हुई है। इनके विरुद्ध थाना वेव सिटी पर आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है तथा आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। बरामदगी में तीन अवैध देशी पिस्टल 32 बोर मय मैगजीन, तीन जिंदा कारतूस तथा एक एसयूवी शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके।

# मुंबई में रितु तावड़े होंगी बीजेपी की मेयर, शिंदे गुट के संजय घाड़ी डिप्टी मेयर, नाम का एलान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

भारतीय जनता पार्टी ने रितु तावड़े को मुंबई महापौर पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। मुंबई मेयर का पद खुली श्रेणी (जातिगत आरक्षण लागू नहीं) में महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है, ऐसे में साफ है कि मुंबई को एक बार फिर महिला महापौर मिलेंगी। इसी कड़ी में मुंबई में पहली बार भाजपा का महापौर बनेगा। मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने नाम का एलान किया है। वहीं शिंदे गुट के संजय शंकर घाड़ी डिप्टी मेयर बनेंगे। जिसकी घोषणा शिवसेना नेता राहुल शेवाले ने की। भाजपा मेयर प्रत्याशी रितु तावड़े घाटकोपर से तीन बार की पार्षद और शिक्षा समिति की पूर्व अध्यक्ष रह चुकी है। जबकि शिवसेना ने मुंबई के वार्ड नंबर 5, मागाथाने के पार्षद संजय शंकर घाड़ी को उप महापौर पद के लिए नामित किया है। बहुमत को देखते हुए महायुति पार्टी के महापौर और उप महापौर पदों के उम्मीदवारों की जीत निश्चित मानी जा रही है। महायुति की मेयर पद की उम्मीदवार घोषित होने पर भाजपा नेता रितु तावड़े ने अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा कि मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। वहीं शिवसेना शिंदे गुट नेता संजय शंकर ने कहा, 'मैं महायुति गठबंधन के नेताओं का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे डिप्टी मेयर के पद के लिएनामांकित किया। मैं उन्हें भरोसा दिलाता हूं कि मैं अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा।' ऐसे में भाजपा-शिवसेना गठबंधन मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए आवेदन दाखिल किया। इस दौरान भाजपा और शिवसेना नेता मौजूद रहे। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए उम्मीदवार उतार सकती है।

### अगले सवा साल के लिए उप महापौर होंगे घाड़ी

डिप्टी मेयर के पद के लिए शिवसेना ने यह साफ किया है कि घाड़ी उप महापौर पद पर डेढ़ साल तक बने रहेंगे। शिवसेना सचिव संजय मोरे ने एक बयान में कहा है कि घाड़ी 15 महीने तक उप महापौर के रूप में कार्य करेंगे। दरअसल, घाड़ी शिवसेना (यूबीटी) के उन वरिष्ठ पूर्व पार्षदों में से एक थे, जिन्होंने पाला बदलकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए थे। मुंबई में उप महापौर के कार्यकाल को विभाजित करके शिवसेना अपने चार पार्षदों को अवसर देना चाहती है।